पेज-11

बुमराह की बादशाहत कायम ....

हिन्दी दैनिक
# दबंग हिन्द
जन की बात, सबके साथ
RNI NO. JHAHIN/2013/54377
रांची संस्करण

पेज-10

मैं पैपराजी को फोन करके नहीं ....

वर्ष : 12 | अंक : 328 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | गुरूवार, 05 दिसंबर 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर

### सुखबीर बादल पर हमला, बाल बाल बचे

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पर बुधवार को एक व्यक्ति ने उस समय गोली चलाने का प्रयास किया जब वह स्वर्ण मंदिर के बाहर सेवादार के रूप में सेवाएं दे रहे थे। बताया जा रहा है कि हमले के वक्त बादल व्हीलचेयर पर बैठे थे और गोली दीवार से जाकर लगी। हमले में बादल बाल-बाल बच गए। आरोपी की पहचान नारायण सिंह चौड़ा के रूप में हुई है। जैसे ही उसने सुखबीर को मारने के लिए बंदूक निकाली। स्वर्ण मंदिर के बाहर खड़े कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया। हालांकि इस दौरान गोली चली और वह दीवार से जा लगी। घटना के बाद पंजाब पुलिस ने भी एक बयान जारी कर कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

### गाजियाबाद बॉर्डर से वापस लौटे राहुल गांधी

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने उनके काफिले को गाजीपुर सीमा पर रोक दिया, जिससे हिंसा प्रभावित संभल की उनकी योजनाबद्ध यात्रा अवरुद्ध हो गई। कांग्रेस नेता ने कहा कि पुलिस ने उन्हें प्रभावित लोगों से मिलने के उनके संवैधानिक अधिकार से वंचित कर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि वह अपना काफिला छोड़कर पुलिस के साथ अकेले संभल जाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने उन्हें कुछ दिनों के बाद लौटने के लिए कहा था।

राहुल ने पत्रकारों से कहा कि हम संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पुलिस मना कर रही है, नहीं जाने दे रही। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर जाना मेरा अधिकार है, लेकिन वे मुझे रोक रहे हैं। मैं अकेले जाने और पुलिस के साथ जाने को तैयार था, लेकिन उन्हें यह भी मंजूर नहीं था।

### हमारी सरकार बनी तो 200 यूनिट मुफ्त बिजली : तेजस्वी

पटना। राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को बिहार में आगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन की सरकार बनने पर पूरे बिहार में उपभोक्ताओं को हम 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे। मुंगेर में राजद कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए, पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले जनता के साथ साझा करने के लिए एक रोडमैप तैयार कर रही है। विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि राज्य के लोग अत्यधिक बिजली दरों और स्मार्ट प्री-पेड मीटरों द्वारा अनियमित बिलिंग से जूझ रहे हैं, जो स्मार्ट धोखेबाज कहलाने लायक हैं।

# सीएम हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, एमपी-एमएलए कोर्ट पर झारखंड हाईकोर्ट ने लगाई रोक







**दबंग हिंद संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. मुख्यमंत्री को ईडी के समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में सशरीर पेश नहीं होना होगा. दरअसल, इस मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने हेमंत सोरेन को 4 दिसंबर को सशरीर पेश होने का आदेश दिया था. इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी. सीएम की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत में पक्ष रखा. फिलहाल हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए 16 दिसंबर को सुनवाई की अगली तारीख तय की है. अधिवक्ता दीपांकर राय ने ईटीवी भारत को यह जानकारी दी है. उन्होंने बताया हाईकोर्ट ने ईडी से जवाब दाखिल करने को कहा है।

दरअसल, ईडी के समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें सशरीर पेश होने को कहा था. सीएम की ओर से व्यक्तिगत पेशी से छूट का आग्रह करते हुए याचिका दायर की गई थी. जिसे 26 नवंबर को एमपी-एमएलए कोर्ट ने खारिज करते हुए 4 दिसंबर को सशरीर पेशी का आदेश दिया था. इससे पूर्व ईडी के समन की अवहेलना मामले की सुनवाई सीजेएम कोर्ट में चल रही थी. सीजेएम ने मामले को एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया था। बता दें कि ईडी की ओर से 19 फरवरी को हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया गया था. ईडी की दलील थी कि जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को 10 बार समन जारी किए गये थे. लेकिन वह 8वें समन पर 20 जनवरी को और 10वें समन पर 31 जनवरी को एजेंसी के सामने पूछताछ के लिए आए थे. लिहाजा, शेष आठ समन की अवहेलना की गई थी।

## हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पिता के श्राद्धकर्म में शामिल हुए सीएम

**दबंग हिंद संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के दिवंगत पिता और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश स्वर्गीय एम जगन्नाथ राव के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी. कहा कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे. साथ ही अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम के प्रतीक देश के वीर जांबाज नौ सैनिकों और उनके परिवारजनों समेत समस्त देशवासियों को भारतीय नौसेना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## झारखंड के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने सीएम से की मुलाकात

**दबंग हिंद संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात की. मुलाकात करने आए लोगों ने सीएम हेमंत सोरेन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी. इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया. मुख्यमंत्री ने लोगों के समस्याओं को सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि हमारी सरकार जन समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

# राज्यपाल से मिले फड़णवीस, शिंदे और अजित पवार, सरकार बनाने का दावा किया पेश

**एजेंसी**

**मुंबई।** बीजेपी विधायक दल का प्रमुख चुने जाने के बाद देवेन्द्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने बुधवार को राजभवन में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इन नेताओं ने राज्यपाल से मिलकर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। देवेन्द्र फडणवीस को बुधवार को सर्वसम्मति से महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया, जिससे उनके तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का रास्ता साफ हो गया। राज्यपाल से मुलाकात के बाद देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमने राज्यपाल से मुलाकात की है और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए समर्थन पत्र सौंपा है। राज्यपाल ने हमें कल शाम 5.30 बजे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है। फडणवीस ने आगे कहा कि गठबंधन सहयोगी शिवसेना और एनसीपी ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि उन्हें महायुति सीएम के रूप में शपथ दिलाई जाए और राज्यपाल ने सभी अनुरोधों को स्वीकार कर लिया और सभी को कल शाम 5.30 बजे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने कहा कि सीएम और डीसीएम के पद सिर्फ तकनीकी पद हैं। हम सब मिलकर महाराष्ट्र के लिए काम करेंगे। अन्य मंत्रियों पर फैसला आगामी बैठकों में लिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को दक्षिण मुंबई के विशाल आजाद मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित होने वाले समारोह में शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और राकांपा के अजित पवार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बुधवार को विधान भवन में हुई विधायक दल की बैठक में गुजरात के पूर्व सीएम और बीजेपी के केंद्रीय पर्यवेक्षक विजय रूपाणी ने घोषणा की कि फड़णवीस (54) को सर्वसम्मति से बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया है।

भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा की नयी महायुति सरकार 20 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में गठबंधन की भारी जीत के बाद बृहस्पतिवार को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में शपथ लेगी।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कई मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे।

### जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की कायराना हरकत

# त्राल में छुट्टी पर आए टेरिटोरियल आर्मी के जवान को मारी गोली

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। कभी ग्राम सुरक्षा गार्ड को निशाना बनाना तो कभी चोरी-छिपे आम लोगों को निशाने पर लेना। इन दिनों इस तरह की वारदातें तेज हो गई हैं। इसी क्रम में अब आतंकियों ने टेरिटोरियल के एक जवान को अपना शिकार बनाया है। दक्षिण कश्मीर के त्राल मे आतंकियों ने अवकाश पर घर आए टेरिटोरियल आर्मी के एक जवान मुश्ताक अहमद सोफी को गोली मारी है।

**आतंकियों ने ग्रेनेड से किया हमला**

इससे पहले बुधवार सुबह जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकवादियों ने सेना की एक चौकी पर दो ग्रेनेड फेंके थे। इनमें से एक ग्रेनेड फटा। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है। आतंकवादियों ने सुरनकोट इलाके में एक सैन्य शिविर के पीछे एक सेना चौकी पर दो ग्रेनेड फेंके। उन्होंने बताया कि उनमें से एक में विस्फोट हुआ, जबकि दूसरे में विस्फोट नहीं हुआ और बाद में खोज अभियान के दौरान विशेषज्ञों ने उसे निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने बताया कि विस्फोटित ग्रेनेड का सेफ्टी पिन सेना शिविर की परिधि दीवार के पास पाया गया।

### दिल्ली के निर्माण मजदूरों को बड़ी राहत

# आप सरकार देगी 8000 रुपये

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राजधानी की आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली के निर्माण मजदूरों को बड़ी राहत प्रदान की है। दिल्ली सरकार ने इन मजदूरों को 8-8 हजार रुपये देने का ऐलान किया है। दरअसल, दिल्ली में ग्रेप 4 के नियम लागू हैं। प्रदूषण अधिक होने और दिल्ली में वायु गुणवत्ता का स्तर बढ़ने के कारण यहां निर्माण कार्य बंद है, जिससे मजदूर बेरोजगार हैं और उन्हें अपना घर चलाने में भी दिक्कतें आ रही हैं। ऐसे में बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में बेरोजगार हुए निर्माण श्रमिकों को आर्थिक मदद देने का फैसला लिया गया। मजदूरों को उनके आधार कार्ड से जुड़े खाते में ये सहायता राशि दी जाएगी।

**90 हजार से अधिक रजिस्टर्ड मजदूरों को होगा फायदा :** जानकारी के अनुसार करीब 90 हजार रजिस्टर्ड मजदूरों को इससे फायदा होगा। बता दें दिल्ली में ग्रेप 4 के नियम लागू होने के बाद 18 नवंबर से निर्माण कार्य पर रोक लगी हुई है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 5 दिसंबर को निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को गुजराभत्ता देने का निर्देश दिया था। मजदूरों को इसका लाभ उठाने के लिए अपना प्रमाणपत्र दिखाना होगा।

# साउथ कोरिया : विरोध के बाद हटा मार्शल लॉ

## अधिकारियों के इस्तीफा का दौर शुरू, डीपी की मांग, पद छोड़ें राष्ट्रपति

**एजेंसी**

**प्योंगवांग।** साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल मंगलवार देर रात टेलीविजन पर प्रसारित राष्ट्र के नाम संबोधन में आपातकालीन मार्शल लॉ की घोषणा की, जिसमें उन्होंने विपक्ष पर राज्य-विरोधी गतिविधियों के साथ सरकार को पंगु करने का आरोप लगाया. राष्ट्रपति के इस आदेश के बाद दक्षिण कोरिया की संसद में सदस्यों की एंट्री रोक दी गयी. वहीं राष्ट्रपति की ओर से घोषित मार्शल लॉ का नेशनल असेंबली में कड़ा विरोध किया गया. भारी विरोध के बाद संसद ने राष्ट्रपति के फैसले को पलटते हुए इसे (मार्शल लॉ) अमान्य करार दिया. देर रात सत्तारूढ़ और विपक्षी दोनों दलों के 300 में से 190 सांसदों ने सर्वसम्मति से मार्शल लॉ को हटाने के लिए मतदान किया. हजारों की संख्या में लोग राष्ट्रपति यून के आदेश के विरोध में सड़कों पर उतर आये. हालात इतने बिगड़ गये कि सड़कों पर टैंक उतारने पड़े. शुरूआत में तो राष्ट्रपति अपने फैसले पर अड़े रहे. लेकिन हालात बेकाबू होता देख करीब छह घंटे बाद राष्ट्रपति ने अपना फैसला बदल दिया और मार्शल लॉ हटाने की घोषणा की. करीब 44 साल बाद दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ की घोषणा की गयी थी. इससे पहले साल 1980 में छात्रों और श्रमिक संघों के नेतृत्व में एक राष्ट्रव्यापी विद्रोह के दौरान दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने मार्शल लॉ लगाया था।

**डेमोक्रेटिक पार्टी की मांग, इस्तीफा दें राष्ट्रपति यून :** इधर दक्षिण कोरिया के मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपी) ने बुधवार को राष्ट्रपति यून सुक योल से तत्काल पद छोड़ने की मांग की. डेमोक्रेटिक पार्टी ने नेशनल असेंबली में अपने सांसदों की एक आपातकालीन बैठक के बाद घोषणा की कि अगर वह खुद पद नहीं छोड़ते तो वह राष्ट्रपति यून के महाभियोग की प्रक्रिया तुरंत शुरू कर देगी।

# शीतकालीन सत्र : संसद में उठा बांग्लादेश का मुद्दा

- किसानों को लेकर विपक्ष का हंगामा
- विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई घटक दलों के सांसदों द्वारा अदाणी समूह को लेकर किया गया हंगामा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र के आठवें दिन बुधवार सुबह 11 बजे लोकसभा और राज्यसभा में कार्यवाही फिर से शुरू हुई। दोनों सदनों में आज सामान्य रूप से कामकाज हुआ। हालांकि, विपक्ष का कुछ मुद्दों को लेकर हंगामा भी देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बॉयलर अधिनियम, 1923 को बदलने के लिए राज्यसभा में बॉयलर विधेयक, 2024 पेश किया। बुधवार को संसद के दोनों सदनों में प्रश्नकाल के दौरान अपेक्षाकृत सुचारु कार्यवाही देखने को मिली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में एलएसी पर हुई सेनाओं की वापसी पर राज्यसभा को जानकारी दी और कहा कि भारत-चीन संबंधों में सुधार के संकेत दिख रहे हैं। वहीं, केंद्र सरकार ने बताया कि कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु में बदलाव का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। विपक्षी सांसदों ने अदाणी मामले को लेकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि देश में हर रेल यात्री को यात्रा टिकट पर 46 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि रेल मंत्रालय यात्रियों के लिए सब्सिडी पर हर साल 56,993 करोड़ रुपये की राशि खर्च करता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 1989 के रेलवे अधिनियम के साथ 1905 के भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम को एकीकृत करने के प्रावधान वाला एक विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया और कहा कि इसके पारित होने से रेलवे की क्षमता में इजाफा होगा। वैष्णव ने ह्यरेल संशोधन विधेयक, 2024 को सदन में चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को सदन में केंद्र सरकार के मंत्रियों से कहा कि वे उन सदस्यों की बातों का जवाब देने की आदत छोड़ दें जिन्हें बोलने की अनुमति आसन से नहीं मिली है। उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की, जब लोकसभा में प्रश्काल के दौरान नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से जुड़े पूरक प्रश्न पूछे जा रहे थे। विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई घटक दलों के सांसदों द्वारा अदाणी समूह से जुड़े मुद्दे को लेकर बुधवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन करने की पृष्ठभूमि में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि सदस्यों को संसद के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध नहीं करना चाहिए। बिरला ने सदन में कहा, मैंने पूर्व में भी आग्रह किया था, फिर आज आग्रह कर रहा हूं..... संसद भवन के प्रवेश द्वार पर अवरोध होने की शिकायत कई सदस्यों ने की है। मेरा सभी राजनीतिक दलों से आग्रह है कि संसद भवन में आगमन के समय प्रवेश द्वार को अवरुद्ध नहीं करें। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार और एक हिंदू पुजारी को गिरफ्तार करने का मुद्दा बुधवार को लोकसभा में उठाते हुए हेमा मालिनी समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ सदस्यों ने पड़ोसी देश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का अनुरोध किया और संसद से एक प्रस्ताव पारित करने की भी मांग की। शून्यकाल में इस विषय को उठाते हुए मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर और इस्कॉन संस्था एवं उसके अनुयायियों पर चरमपंथियों द्वारा किए जा रहे हमले निंदनीय हैं। स्वास्थ्य बीमा के तहत क्लेम की गई पूरी राशि का लाभ पॉलिसी धारकों को नहीं मिलने पर चिंता जताते हुए भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने बुधवार को सरकार से अनुरोध किया कि इस ओर ध्यान दिया जाए और मध्यम वर्ग का संरक्षण किया जाए।

**राज्यसभा की कार्यवाही :** कांग्रेस सहित कुछ अन्य विपक्षी दलों ने सरकार की कथित किसान विरोधी नीतियों और विभिन्न फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने के वादे को पूरा नहीं करने के विरोध में बुधवार को राज्यसभा से बहिर्गमन किया।

# झारखंड में आज से बढ़ेगी ठंड, तेजी से गिरगा तापमान

**दबंग हिंद संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में ठंड का सितम जारी है. ठंड ने शहर में अपना पांव पसार लिया है. कड़ाके की ठंड शुरू हो चुकी है. राजधानी रांची समेत राज्य के पूरे जिलों में ठंड बढ़ गई है. दिन-ब-दिन तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है. सुबह में कोहरे और दोपहर में हल्की धूप के साथ ठंडी हवा चल रही है. 7 दिसंबर तक इसी तरह का मौसम रहेगा. रात में शीतलहर जैसी स्थिति है. उत्तर से ठंडी हवा के आने के वजह से सुबह से शाम कनकनी महसूस हो रही है. अब लोगों को दोपहर में भी ठंड का अहसास हो रहा है।

चक्रवाती तूफान फेंगल का प्रभाव कम हो गया हैं. तूफान के वजह से पिछले दिनों सूबे के कुछ जगहों पर हल्की बूंदा-बांदी हुई थी. जिसके बाद से और तेजी से तापमान में गिरावट दर्ज किया जा रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में चार दिसंबर यानी आज से बादल छंटने के साथ ही ठंड बढ़ जाएगी. आज, न्यूनतम तापमान हल्की सी गिरावट देखने को मिलेगी. जिससे अन्य दिनों की अपेक्षा ठंड ज्यादा लग सकती है. वहीं, आज अधिकतम 25 और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहने का पूर्वानुमान है।

**सेहत का रखें विशेष ध्यान :** ठंड बढ़ने के साथ अस्पताल के ओपीडी में इन दिनों मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है. खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत का खास ख्याल रखना होगा. चिकित्सकों का कहना है कि डाइट में ताजे फल और सब्ज़ियां शामिल करें. इनसे इम्यूनिटी मजबूत होती है. नाश्ते में ताजे फल और सब्ज़ियों का रस पिएं. गर्म भोजन करें. गर्म सूप, दूध, और गर्म तासीर वाले भोजन करें. दिन में सात से आठ ग्लास पानी पिएं. हल्के गर्म कपड़े पहनें।

## अस्पताल में 24 घंटा डॉक्टर की उपस्थिति को लेकर विधायक को सौंपा मांग पत्र

दबंग हिन्द,संवाददाता

**चक्रधरपुर/बंदगांव।** चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव के पुनः विधायक बनने पर पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंबर राय चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने विधायक सुखराम उरांव को फूल का गुलदस्ता देकर जीत की बधाई दी. इस मौके पर कांग्रेसी नेता महेश प्रसाद साहू ने विधायक सुखराम उराव से मांग किया कि कराईकेला अस्पताल में 24 घंटा के लिए डॉक्टर उपलब्ध कराया जाय.उन्होंने कहा प्रतिदिन टेबो घाटी में सड़क दुर्घटना होती रहती है.मगर यहां स्थाई रूप से एक भी डॉक्टर नहीं है.जिस कारण मरीजों का इलाज नहीं हो पाता है.उन्होंने कराईकेला आहार बांध तलाब का जीणोद्धार, कराईकेला लेम्प्स भवन का निर्माण समेत अन्य मांग रखा. इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष अंबर राय चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और झामुमो के महागठबंधन से झारखंड में शीघ्र ही सरकार बनने जा रही है. सभी लोग मिलजुल कर विकास हेतु कार्य करना है, जिससे जनहित में कार्य हो सके .उन्होंने कहा कराईकेला अस्पताल में 24 घंटा डॉक्टर की उपस्थिति अनिवार्य है. यहां डॉक्टर होना चाहिए .सारी समस्या सुनने के पश्चात विधायक सुखराम उरांव ने कांग्रेसियों को आश्वासन दिया कि कराईकेला अस्पताल में डॉक्टर 24 घंटा उपस्थित रहे इसके लिए वे सिविल सर्जन से बातचीत कर जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा. उन्होंने कहा चरण बद्ध तरीके से अन्य समस्याओं का भी समाधान की जाएगी. उन्होंने कहा क्षेत्र में कोई भी समस्या हो उन समस्या को अवगत कराएं समस्या दूर की जाएगी. सभी लोग मिलजुल कर कार्य करेंगे जिससे क्षेत्र का विकास हो सके. इस मौके पर राम प्रताप बर्मन, अंबूराय चौधरी, महेश प्रसाद साहू, गोविंद प्रधान, दीनबंधु घोष, मोहब्बत नेकी समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# नौरतन सृष्टि बाला को रायफल शूटिंग खेल के क्षेत्र बेहतर प्रदर्शन करने के उद्देश्य

## एयर राइफल खरीदने के लिए 3.17लाख रु का चेक सौंपा

- एनटीपीसी के सौजन्य से यह चेक उपायुक्त के हाथों दिया गया

दबंग हिन्द,संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारामंझलीदाड़ी, चेपाकलां, बडकागांव निवासी नौरतन सृष्टि बाला पुत्री सुनीता कुमारी को रायफल शूटिंग खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से एयर राइफल को क्रय करने हेतु चेक दिया गया। यह एयर राइफल को क्रय करने के लिए एनटीपीसी,पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के द्वारा सीएसआर मद से 3.17 लाख रु का चेक दिया गया। चेक वितरण के साथ साथ नौरतन सृष्टि बाला को एयर राइफल शूटिंग खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी तथा चॉकलेट देकर देकर आशीष दिया। उपायुक्त ने बताया कि नौरतन सृष्टि बाला राइफल शूटिंग में झारखंड का प्रतिनिधित्व कई स्तरों पर कर रही है इसलिए इनके मनोबल को बढ़ावा देने के लिए एयर राइफल खरीदने की सहायता दी गई है। इस दौरान परियोजना प्रमुख श्री फैज तैयब एवं डीजीएम श्री प्रशांत कुमार मौजूद थे।

## 34 वर्षीय युवक हुआ लापता मजदूर संघ से खोजबीन की लगाई गुहार

दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला।** गुमला प्रखंड के भलदम चट्टी के 34 साल के युवक प्रकाश तिर्की अपने घर से आर्मी बहाली के लिए अपने घर से 22/11/24/ को बिहार के दानापुर के लिए निकला और 24/11/24/ को बहाली में भाग लिया उसके बाद दिनांक 29/11/24/ को अपने बहन से फोन पर बात चीत किया। पटना से गुमला आने के दौरान युवक हुआ लापता। और ना ही फोन लग रहा है। युवक के माता पतरेशिया तिर्की ने आज पुरे मामले को लेकर मजदूर संघ प्रदेश वा गुमला जिला कार्यालय आ कर लिखित आवेदन देते हुए अपने लापता बेटा को खोज बीन कराने में सहयोग की गुहार लगाई है। वहीं इस पुरे मामले में मजदूर संघ सचिव जुम्मन खान ने कहा कि हमारी टीम पुरी कोशिश करेगा लापता युवक को खोज बीन कराने की। हम इस पुरे मामले को अपने पटना टीम को अवगत कराएंगे। तथा खोज बीन कराने की कोशिश करेंगे।

## मुख बधिर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सीलम विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला।** मुख बधिर विद्यालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर मुक बधिर विद्यालय सिलम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें माननीय जिला जो सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री ध्रुव चंद्र मिश्र ने आज विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर सभी दिव्यांग बच्चों को संबोधित किया और कहा कि जो भी दिव्यांग बच्चे है उनका प्राकृतिक के द्वारा दिव्य शक्ति भी प्रदान की गई है यह अच्छे से पढ़ाई लिखाई करेंगे तो आगे चलकर अच्छे नागरिक बनेंगे । उप विकास आयुक्त श्री दिलेश्वर महतो ने भी दिव्यांग बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे मेहनत से पढ़ाई करें दिव्यंगता उनकी सफलता में किसी तरह का बाधक नहीं बन पाएगा, आज बड़े बड़े पदों पर दिव्यांग लोग कार्यरत हैं । विद्यालय की ओर से प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें विजेता बच्चों के बीच प्रधान जिला जज उप विकास आयुक्त एवं उपस्थित अतिथिगण के द्वारा पुरस्कार बांटे गए तथा दिव्यांग बच्चों के द्वारा नृत्य और संगीत प्रस्तुत किया जो सभी को मंत्र मुक्त किया । किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष रीमा कुमारी के द्वारा सभी बच्चों को मिठाइयां का पैकेट दिया गया । कार्यक्रम में सचिव जिला विधि सेवा प्राधिकार श्री राम कुमार लाल गुप्ता, किशोर न्याय बोर्ड की अध्यक्ष रीमा कुमारी तथा सदस्य गण ,पूर्व सदस्य स्थाई लोक अदालत गुमला श्री शंभू सिंह विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक गण डीएलएसए के प्रकाश कुमार तथा अन्य लोग उपस्थित थे ।

## कोयला लदा ट्रक अज्ञात वाहन से टकराने के क्रम में उपचालक का घटनास्थल पर ही हुआ मौत

**हजारीबाग।** उरिमारी से जमशेदपुर चिलियावां जा रहा ट्रांसपोर्टिंग का कोयला लदा ट्रक जिसका वाहन संख्या JH02AS9662 है। बीते मंगलवार की रात 10:30 बजे बड़की चुंबा रोड कुज्जू में अज्ञात वाहन में टकराने से उप ड्राइवर अरविंद कुमार उम्र 29 वर्ष पिता बिशुन महतो का घटना स्थल पर ही मौत हो गई । वहीं ड्राइवर विनोद कुमार ड्राइविंग एक्सिडेंट होने से पहले कर रहे थे । ड्राइवर विनोद कुमार को नींद आने के कर्म में उप ड्राइवर अरविंद कुमार को ड्राइविंग करने के लिए दिया था। तभी अचानक गाड़ी कंट्रोल न होने के कारण अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उप ड्राइवर का मौत हो गया । बताते चले वहीं ड्राइवर विनोद कुमार को हल्की-फुल्की छोटे आई और घटना घटित होने के बाद फौरन वहां के स्थानीय प्रशासन घटनास्थल पर पहुंच कर रामगढ़ सदर अस्पताल बॉडी को भेज दिया गया ।

# अंतर जिला अंडर 14 के एक तरफा मुकाबले में पाकुड़ की टीम

## सरायकेला खरसावां को 10 विकेट से हराया

दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला।** जे एस सी ए अंतर जिला अंडर -14क्रिकेट टूनामेंट में बुधवार को खेले गये मुकाबले में पाकुड़ ने सरायकेला खरसावां को एकतरफे मुकाबले में दस विकेट से पराजित किया ' जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे मैच में सरायकेला-खरसावां की टीम पहले बल्लेबाजी करते 76रनो के मामूली स्कोर पर सिमट गयी ' टीम की ओर से जयकुमार ने 25, अमन मिश्रा 19व अर्पण कुमार ने 11रनो की पारी खेली ' पाकुड़ की ओर से सुमित सिंह ने 8ओवरो में 12रन देकर चार विकेट हासिल किया ' देवनाथ भगत ने दो व अभिनव भगत को एक विकेट मिला ' वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकुड़ की टीम ने बगैर किसी नुकसान के कप्तान सुमित के 54रनो की अर्धशतकीय पारी के बदौलत 11ओवरो में आसान जीत दर्ज कर लिया ' पारितोषिक वितरण मे विशेष रूप से उपस्थित जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डा. अरुण उरांव ने बल्ले व गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्लेयर ऑफ द डे पाकुड़ के सुमित सिंह को पांच हजार नगद व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया ' मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह, टी आर डी ओ रोनित सिंह, अंपायर रमेश कुमार, प्रशांत कुमार स्कोरर शशिभूषण मिश्रा, मनोज चौधरी, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, मधुसूदन उरांव, आयुष अग्रवाल, ओम शंकर सिंह, बघाम्बर ओहदार, राजीव कुमार आकाश आनंद, शशि, विनीत सहित अन्य मौजूद थे ' गुरुवार को कोडरमा का मुकाबला सरायकेला-खरसावां के साथ होगा ।

## समाज सेवी दशरथ प्रसाद महतो ने कोदवे निवासी चंद्रु सिंह को सहयोग किया

**डाड़ी ।** रबोध पंचायत के कोदवे निवासी चंद्रु सिंह की धर्म पत्नी स्व.बुधनी देवी को पिछले दिनों मृत्यु हो गई थी, जिसमें श्रद्धा कर्म में समाज सेवी सह तोपा कोलियारी के मैनिंग सरदार दशरथ प्रसाद महतो ने आटा,दाल,रिफाईन तेल, सरसों तेल और राशि देकर सहयोग किया और कोदवे रोयांग निवासी सह जेएलकेएम के हजारीबाग जिला सह सचिव मनोज कुमार महतो ने 50 किलो आटा देकर सहयोग किया है इस मौके पर इनके परिवार के सदस्यों के आलावा रतन कुमार महतो,दीलिप महतो, अर्जुन महतो,दीलिप सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे।

## 5 घंटे के मेगा ब्लॉक में मशीनों के अभाव में नहीं हो पाया निर्माण कार्य

दबंग हिन्द,संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल में मंगलवार को 5 घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर चक्रधरपुर और सोनवा रेलवे स्टेशन में फुटओवर ब्रिज का काम किया जाना था इसके लिए मेगा ब्लॉक को लेकर इस रूट से चलने वाली चार जोड़ी एक्सप्रेस और मेमू ट्रेनों को रद्द कर दिया गया था। जबकि तीन एक्सप्रेस ट्रेनों को रीशेड्यूल किया गया था लेकिन चक्रधरपुर और सोनवा रेलवे स्टेशन में फुटओवर ब्रिज का काम नहीं हो पाया।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार सोनवा रेलवे स्टेशन में नए फुट ओवर ब्रिज की लांचिंग के काम के लिए बड़े क्रेन की जरूरत थी जो यहां नहीं पहुंच पाई, इस कारण आज काम नहीं हो पाया अब जल्द ही किसी दूसरे दिन फिर से मेगा ब्लॉक लेकर निर्माण कार्य होगा।

# छात्र व शिक्षक हित में एक समान वार्षिक अवकाश तालिका बने : अमीन

- एक समान अवकाश तालिका में सभी धमार्लंबियों के पर्व त्योहारों का ख्याल रखा जाय : उर्दू शिक्षक संघ
- ससमय एक समान वार्षिक अवकाश तालिका का प्रकाशन हो ताकि छुट्टिओं का समय पर उपभोग किया जा सके

दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि जे० सी० ई० आर० टी० द्वारा आगामी वर्ष 2025 से राज्य के संसूचित उर्दू विद्यालयों एवं सामान्य विद्यालयों के लिए पृथक अवकाश तालिका प्रकाशित किये जाने का निर्णय स्वागत योग्य है। यह निर्णय निश्चित रूप से राज्य के उर्दू तथा सामान्य विद्यालयों में पठन-पाठन कर रहे छात्र-छात्राओं तथा शिक्षा हित में एक बेहतर कदम साबित होगा।

विगत वर्ष भवदीय पत्रांक 604, दिनांक 05/04/2024 के द्वारा जारी किये गए सभी कोटि के सरकारी / सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के लिए एक समान वार्षिक अवकाश तालिका-2024 में राज्य के कई महत्वपूर्ण पर्व-त्योहारों पर समुचित ध्यान नहीं रखा गया था, जिससे विभिन्न कोटि यथा प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में इसका प्रतिकूल असर पड़ा था। यहाँ यह अंकित करना आवश्यक है कि राज्य के सभी कोटि के विद्यालयों में विभिन्न धर्मावलंबियों के छात्र-छात्राएं पठन पाठन करते हैं, जिनका जुड़ाव अलग-अलग पर्व-त्योहारों से है। इसी तरह शिक्षकों का भी आस्था अलग-अलग पर्व त्योहारों से है। ज्ञात हो कि वर्ष 2024 के एक समान वार्षिक अवकाश तालिका का प्रकाशन जे० सी० ई० आर० टी० द्वारा फरवरी माह के आखिर में किया गया था, जिससे दो माह जनवरी तथा फरवरी 2024 के छुट्टिओं का सामंजन करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

इसके मद्देनजर झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ ने जे० सी० ई० आर० टी० के निदेशक को ज्ञापन सौंप कर सभी कोटि के विद्यालयों के लिए आगामी वर्ष 2025 के एक समान वार्षिक अवकाश तालिका के निर्धारण में निम्न सुझावों पर ध्यान दिलाया गया है, ताकि पूर्व में उत्पन्न खामिओं की पुनरावृत्ति नहीं हो। ज्ञापन की प्रति सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सहित उप निदेशक, जे० सी० ई० आर० टी० को भी दी गई है।

**दिये गये सात सुझाव :**

1. एक समान वार्षिक अवकाश तालिका में शीतकालीन अवकाश को समाप्त कर अन्य महत्वपूर्ण त्योहारों अथवा ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए सामंजित किया जाय।
2. शीतकालीन अवकाश के बदले ग्रीष्मकालीन अवकाश की छुट्टी कम से कम 17 दिनों के लिए किया जाय।
3. शब-ए-बारात एवं चेहल्लुम के लिए एक-एक दिन का अवकाश उर्दू विद्यालयों सहित सभी कोटि के विद्यालयों के लिए दी जानी चाहिए।
4. अलविदा जुमा (रमजान माह का अंतिम शुक्रवार) का अवकाश सभी कोटि के विद्यालयों के लिए एक दिन निर्धारित किया जाना चाहिए।
5. होली एवं दुर्गा पूजा के तर्ज.पर उर्दू विद्यालयों में ईद और बकरीद के लिए कम से कम तीन दिनों एवं मुहर्रम के लिए दो दिनों का अवकाश का निर्धारण किया जाय।
6. सामान्य विद्यालयों में भी ईद एवं बकरीद के लिए दो-दो दिनों के लिए अवकाश दिया जाय।
7. झारखंड के सरना एवं ईसाई धर्मावलंबियों के दो सबसे महत्वपूर्ण पर्व सरहुल एवं क्रिसमस में भी कम से कम दो - दो दिनों का अवकाश दिया जाय।

संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद एवं प्रवक्ता शहजाद अनवर ने मांग करते हुए कहा है कि आगामी वर्ष 2025 के लिए प्रकाशित किये जाने वाले सभी कोटि के विद्यालयों के लिए एक समान वार्षिक अवकाश तालिका का ससमय प्रकाशन हो तथा छुट्टिओं के निर्धारण में सभी महत्वपूर्ण पर्व-त्योहारों का ख्याल रखा जाय।

## एक नजर

### निलेश कुमार साहू सीनियर नेशनल झारखंड फ्री स्टाइल के पुरुष टीम के बने कोच

**गुमला।** सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता 2024 के लिए झारखण्ड फ्री स्टाइल पुरूष कुश्ती टीम आज राँची से बैंगलोर कर्नाटक रवाना हुए सीनियर नेशनल झारखण्ड फ्री स्टाइल पुरूष कुश्ती टीम के कोच बने निलेश कुमार साहू 2024 सीनियर राष्ट्रीय, पुरुष फ्रीस्टाइल/ ग्रीको रोमन एवं महिला फ्रीस्टाइल राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता जिसका आयोजन 06 से 08 दिसंबर 2024 तक बैंगलोर, कर्नाटक में आयोजित हो रहा है इस कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड के फ्री स्टाइल कुश्ती खिलाड़ी जिसमें 10 खिलाड़ी एवं 1 प्रशिक्षक शामिल है आज रवाना हुए। निलेश कुमार साहू के सिलेक्शन होने पर गुमला के गुमला जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, गुमला जिला कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष लाल चंद्रशेखर नाथ शाहदेव , आदित्य साहू , अंगद विनायक राकेश कुमार ,संदीप सोनी, राहुल कुमार, रोहित कुमार, दीपक कुमार विभिन्न खेल संघों के अधिकारी एवं खेल-खिलाड़ी और खेल प्रेमियों ने बधाई दिए।

### बाइक दुर्घटना में घायल साइकिल सवार की इलाज के दौरान हुई मौत

**चक्रधरपुर ।** 22 नवंबर की रात मोटरसाइकिल के धक्के से घायल साइकिल सवार 52 वर्षीय चक्रधरपुर निवासी कुंवर बाबू राय की मौत इलाज के दौरान सदर अस्पताल में हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में किया और सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। बताया गया की 22 नवंबर की रात कुंवर बाबू राय दूध बेचकर साइकिल पर अपने घर लौट रहे थे तभी रेलवे ओवरब्रिज के पास साइकिल सवार को बाइक सवार ने धक्का मार दिया और बाइक छोड़कर चालक फरार हो गया। इस घटना में साइकिल सवार बाबू राय गंभीर रूप से घायल हो गए सर पर गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया था जिसका इलाज जमशेदपुर फिर रांची में कराया गया लेकिन घायल की हालत नहीं सुधरी तो चक्रधरपुर वापस लाया गया। सोमवार की शाम को जब घायल की हालत अचानक बिगड़ने लगी तो सदर अस्पताल चाईबासा लेकर पहुंचाया गया जहां मौत हो गई।

### घाघरा पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति का शव किया बरामद ग्रामीणों में भय का माहौल

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के सेमला गांव से घाघरा पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। शव को जंगली जानवर और कुत्तों द्वारा कमर से नीचे का आधा भाग को खाकर खत्म कर दिया गया था। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। शव की स्थिति को देख यह प्रतीत हो रहा था कि उसकी मौत लगभग चार दिन पूर्व ही हो चुकी हो।वहीं उक्त व्यक्ति का शव सरसों के खेत में छुपाने के ख्याल से फेंक दिया हो । हत्या है या कुछ और संशय बना हुआ है।वही ग्रामीणों में भय का माहौल भी बना हुआ है।हालांकि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लगभग चार दिन पूर्व ही उक्त अज्ञात व्यक्ति का मौत हो गई हो।कुत्तों द्वारा उक्त शव को खाने के कारण शव क्षत बिक्षत हो गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### त्रिशानु राय कांग्रेस राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश महासचिव मनोनीत

**चाईबासा ।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में लोगों की भागीदारी और उनके राजनीतिक अवसरों पर विस्तार करके जमीनी स्तर पर लोगों को सत्ता के हस्तांतरण के संबंध में राष्ट्रीय चेतना का निर्माण करने का एक मंच है। आरजीपीआरएस की स्थापना सोनिया गांधी ने वर्ष 2007 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक अंग के रूप में ढफ्कऔर शहरी स्थानीय निकायों के साथ काम करने के लिए की थी। आरजीपीआरएस का उद्देश्य संविधान की वकालत करना सत्ता का विकेंद्रीकरण करना PRI प्रतिनिधियों के बीच विकेंद्रीकरण साक्षरता को बढ़ाना और स्थानीय स्वशासन की भूमिका और शक्ति के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता लाना है। इस निमित आरजीपीआरएस झारखंड के अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने त्रिशानु राय को प्रदेश महासचिव झारखंड मनोनीत किया है।

### पीएम श्री मध्य विद्यालय में किया गया पौधरोपण

**बड़कागांव ।** बड़कागांव स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक अशोक कुमार के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया। विद्यालय में दर्जनों पौधे लगाए गए। जिसमें से विभिन्न किस्म के गुलाब , डेजी, गेंदा फूल, एवं छायादार पौधे, कई ग्रीन प्लांट लगाए गए । पौधरोपन व शिक्षकों में चेतलाल राम ,विनोद रजक, दीपक राणा, कमलेश श्रीवास्तव ,रवि कुमार रवि ,देवेंद्र कुमार, राजू कुमार ,तुलसी कुमार, मिताली कुमारी ,तुलसी महतो, देवनाथ कुमार, संजय सागर, नकुल महतो, रामवृक्ष राम, छात्रों में से सागर कुमार, विक्की कुमार, सक्षम कुमार, अरुण कुमार बादल कुमार लव कुमार, कुश कुमार, मोहम्मद तोहिद अंसारी, साजन कुमार ,सिद्धांत कुमार ने पौधे लगाए। मौके पर शिक्षक हेमेंद्र कुमार, बिना साहू, नीलू कुमारी, निगर सुलताना ,कैसर अंजुम ,कार्तिक कुमार सोनी ,शकुंतला कुमारी, संतोषी कुमारी ,पुष्पा कुमारी, रजनी कुमारी, बसंती कुमारी,देवनाथ कुमार ,मो जमशेद अंसारी आदि मौजूद थे।

### विश्व महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर जेएस एलपीएस से जुड़ी महिलाओं ने ली जेंडर शपथ

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड कार्यालय परिसर में संचालित जेएसएलपीएस कार्यलय के समीप संस्था से जुड़ी महिलाओं ने विश्व महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर महिलाओं के उत्पीड़न,शोषण,हिंसा आदि से जागरुक करने को लेकर जेंडर शपथ लिया । जिसमें महिलाओं ने शपथ लेते हुए कहा कि हिंसा के खिलाफ हमेशा आवाज उठाएंगे और कभी मुकदर्शक बनकर नहीं रहेंगे साथ ही सहायता मांगने एवं सहायता देने में पीछे नहीं रहेंगे और सबको हिंसा के खिलाफ जोड़ेंगे , सबके साथ समान व्यवहार करेंगे और इसकी शुरूआत हम अपने घर से करेंगे और लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोड़ेंगे आदि बातों की शपथ ली इस दौरान मुख्य रूप से शपथ लेनेवालों में उप प्रमुख वचन देव कुमार ,पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर ,संगीता कुमारी ,बेबी देवी, मीना कुमारी, मालती कुमारी, संजू कुमारी, शाहिना खातून, मनीता देवी, टिंकू कुमार राणा सामुदायिक समन्वय व अन्य शामिल रहे।

### मानुषमुड़िया मध्य विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा के मानुषमुड़िया मध्य विद्यालय में मंगलवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया राम मुर्मू ने किया. उन्होंने कहा कि यदि माता-पिता कम उम्र में बेटियों की शादी करते हैं, तो उन पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है. उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है. ऐसे में माता-पिता को बेटियों को बोझ न समझकर कम उम्र में उनकी शादी करने बचना चाहिए।

## दो से तीन माह के अंदर हरमू फ्लाइओवर के टेंडर की प्रक्रिया हो जाएगी पूरी

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची ।** कांटाटोली, रातू रोड के बाद अब सरकार ने हरमू फ्लाइओवर निर्माण की कवायद शुरू कर दी है. अगले दो से तीन महीने के अंदर टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. हरमू फ्लाई ओवर के निर्माण में लगभग 300 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे, इस फ्लाइओवर की लंबाई 3.5 किलोमीटर होगी. फिलहाल हरमू से कडरू रेडिशन ब्लू तक फ्लाईओवर के निर्माण के लिए परामर्शी की तलाश जारी है. इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है. फिलहाल इस प्रोजेक्ट के लिए एक कंपनी ने 34 फीसदी कम रेट पर टेंडर भरा है. पथ विभाग इसकी समीक्षा कर रहा है।

**वैकल्पिक सड़क तैयार कर ही होगा काम चालू :** हरमू फ्लाईओवर का निर्माण कार्य वैकल्पिक मार्ग तैयार कर किया जाएगा. इसकी वजह यह है कि इस सड़क से वीवीआईपी मूवमेंट अधिक होता है. विधानसभा, प्रोजेक्ट भवन, हाईकोर्ट वीवीआईपी जाते हैं।

**हरमू फ्लाई ओवर की फैक्ट फाइल :** ▶▶ फ्लाईओवर की कुल लंबाई 3.50 किमी. ▶▶ कांके रोड स्थित जज कॉलोनी से हरमू सहजानंद चौक तक बनेगा फ्लाईओवर. ▶▶ सूचना भवन चौराहा के पास से फ्लाईओवर चढ़ेगा, जो रातू रोड चौक, शनि मंदिर, गाड़ीखाना चौक, किशोरगंज चौक, भारत माता चौक होते हुए सहजानंद चौक पर जाकर उतरेगा. ▶▶ सहजानंद चौक के पास एक रैंप बनाया जाएगा, ताकि कडरू मार्ग से आने वाले वाहन फ्लाईओवर पर चढ़ सकें. ▶▶ दूसरा रैंप गौशाला चौक के निकट बनाया जाएगा, ताकि रातू रोड और पहाड़ी मंदिर से आने वाले वाहन फ्लाईओवर में चढ़ सकें।

# मुख्यमंत्री की पहल पर स्वदेश लौटेंगे झारखंड के 50 कामगार

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के कामगारों और श्रमिकों के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर एक बार फिर विदेश में फंसे 50 झारखंडी कामगारों को वापस उनके घर और गांव लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. आगामी 11 से 18 दिसंबर तक सभी कामगार के झारखंड लौट आयेंगे. इसके लिए जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

**चुनाव ने किया प्रभावित नहीं तो कामगार अबतक अपने घर में होते :** झारखंडी कामगारों के मलेशिया की लीडमास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत 70 कामगारों के फंसे होने की शिकायत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को 24 सितंबर 2024 को प्राप्त हुई. बताया गया कि कामगारों का चार महीने से वेतन लंबित है, उन्हें भोजन की अनुपलब्धता और वतन वापसी की समस्याएं सामने आ रही हैं. मामले की जानकारी जब मुख्यमंत्री को हुई तबतक



चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो गया, इसके बाद इनकी वापसी की प्रक्रिया धीमी हो गई थी, लेकिन चुनाव समाप्त होने और नई सरकार गठन के बाद अब कामगारों के स्वदेश वापसी का रास्ता साफ हो गया है. 70 कामगारों में से 50 कामगार झारखंड के हैं और अन्य दूसरे प्रदेशों के रहने वाले हैं.

**बकाया आठ महीने का वेतन मिला :** जानकारी के अनुसार, सभी कामगारों का अनुबंध के तहत 1,700 मलेशियन रिंगिट (मुद्रा/रुपया) का वेतन तय था, परंतु उन्हें 1,500 रिंगिट ही दिए जा रहे थे, जिसमें भी कटौती हो रही थी. भोजन की सुविधा नहीं दी गई और धमकियां भी मिल रही थी. इसको लेकर कामगारों ने मलेशिया पुलिस से शिकायत दर्ज भी की. बाद में कामगारों ने इस मामले से संबंधित आवश्यक दस्तावेज और आवेदन श्रम विभाग को भेजा. श्रम विभाग के निदेशानुसार प्रोटेक्टर ऑफ एमिग्रांट, रांची को मामला पत्र राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा प्रेषित किया गया. श्रम विभाग के पहल पर भारतीय दूतावास, कुआलालंपुर द्वारा कंपनी और कामगारों को दूतावास के कार्यालय बुलाया गया, जहां दोनों पक्षों का सत्यापन किया गया, जिसके फलस्वरूप भारतीय दूतावास ने सभी कामगारों को अपने संरक्षण में रखते हुए कंपनी को बकाया भुगतान करने एवं श्रमिकों के भारत वापसी सुनिश्चित कराने को कहा।

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के जीत का विजय जुलूस सह अभार यात्रा निकला नरकोपी में

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बेड़ो।** मांडर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की के जीत पर बुधवार को विजय जुलूस सह अभार यात्रा निकाला गया। यात्रा नरकोपी के नवाटांड़ से निकलकर पचपादा, डुमरी ,बोबोरो,बाजरा , होते हुए नरकोपी थाना के पास पहुंची। जहां विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि ये जीत का श्रेय जनता को जाती है, जिन्होने इस झारखंड को लुटने से बचाया, जिन्होने झारखंड को बटने और कटने से बचाया। चुनाव के दौरान एक से बढ़कर एक खिलाड़ी आये असाम से भी आए, मध्यप्रदेश से भी आये मगर आप लोगों ने सबको बेरोजगार कर दिया। सब बोरिया बिस्तर बांधकर वापस चले गये और आज दुबारा से हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में बनती है। जिन लोगों ने हमारे मईयां सम्मान जैसे योजनाओं का तिरस्कार किया था वो भी आज खुश हैं कि





दिसंबर से 2500 रूपैया मिलने वाली है। बहुत लोगों का मंशा यहां कमल खिलाने का था। भाईयों बहनों मांडर विधानसभा कोई किचड़ नहीं हैं, समुंदर है समुंदर, इसमें कोशिश भी करोगे तो खुद डुब जाओगे। आज आपकी ये बेटी आने वाली 25-30 साल के लिए आपलोगों को समर्पित कर रही है। विजय जुलूस में उपप्रमुख मोद्दसिर हक, प्रो0 करमा उराँव, मुखिया सरिता एक्का, पंची उराईन, मो0 फहिम, इकराम अंसारी, चीना अंसारी, बिरसु उराँव, सिलवेस्टर मिंज, महावीर उराँव, समसुद्दीन अंसारी, सिंघलू साहू ,लालदेव लोहार ,लतीफ अंसारी, निजाम अंसारी, थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ,सहित कई लोग शामिल थे।

### कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी मीर पहुंचे रांची

## कहा - मंत्री पद के लिए कास्ट, प्रमंडल व जेंडर का रखा है ख्याल

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची ।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर बुधवार की शाम रांची पहुंचे. रांची पहुंचने पर उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस कोटे से मंत्री पद के लिए हर वर्ग को जगह देने की कोशिश की गई है. इसमें कास्ट, प्रमंडल व जेंडर का भी ख्याल रखा गया है. मंत्रियों के नाम को आगे बढ़ाने का अधिकार सीएम का होगा है. आज रात तक सबको पता चल जाएगा कौन मंत्री बन रहा है. इससे पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रांची पहुंचे. उन्होंने भी कहा कि मंत्री पद के लिए सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है. पार्टी के विधायक दल के नेता को मंत्री पद नहीं मिलेगा. पूर्व की सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के पास जो विभाग थे, वे बकरार रखे जाएंगे. बताते चलें कि पांच दिसंबर को राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह होगा. राज्यपाल मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. प्रोटेम स्पीकर को भी राज्यपाल शपथ दिलाएंगे. राजभवन में इसकी तैयारियां भी की जा रही हैं।

## इटकी में महफिल मुशायरा आज

**दबंग हिन्द,इटकी (प्रतिनिधि) ।** इटकी में गुलाम टोली कमेटी की ओर से गुरुवार को इटकी के तिरबिंधा चौक पर महफिले मुशायरा का आयोजन किया गया. रात आठ बजे ईशा की नमाज के बाद मुशायरा शुरू होगा। इससे पहले मगरिब की नमाज के बाद नात महफिल का आयोजन होगा जिसमें कई नातखां और शायर हिस्सा लेंगे. जबकि महफिल मुशायरा में डॉ. मुशर्रफ कासमी, आफताब आलम मोहन पुरी, युवा कवि अरिश निजाम और जीशान अल-तमीश, महताब इस्लाही, शहाब हमजा और अन्य शामिल होंगे। मुशायरा के संरक्षक और कमेटी के अध्यक्ष मुहम्मद सईद अंसारी और महफिल मुशायरा के संयोजक मौलाना मुनीरुद्दीन साहब शम्सी ने संयुक्त रूप से बताया कि मुशायरे की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने हर खास व आम से मुशायरा में शिरकत की दरखास्त की है।

## बाघवार अकादमी ने शारदा ग्लोबल रांची को 150 रनों से हराया

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची ।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूनार्मेंट के तहत शाखा मैदान, रांची में खेले गए एक लीग मैच में बाघवार क्रिकेट अकादमी की टीम ने शारदा ग्लोबल स्कूल, रांची को एकतरफा मुकाबले में 150 रनों से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। बाघवार अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम के बल्लेबाजों ने कप्तान के इस फैसले को सही साबित करते हुए शारदा ग्लोबल स्कूल के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। बाघवार अकादमी ने 34.3 ओवरों में सभी विकेट खोकर 284 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। ऑलराउंडर अभिषेक महली ने केवल 50 गेंदों पर 15 चौकों और एक छक्के की मदद से 86 रनों की शानदार पारी खेली। ऑलराउंडर हर्षित नयन ने 68 रनों का योगदान दिया और गेंदबाजी में 6 विकेट लेकर ह्प्लेयर ऑफ द मैचह्व का पुरस्कार जीता। बल्लेबाज हिमांशु महली ने भी 51 रनों की अहम पारी खेली। 284 रनों के पहाड़ सरीखे लक्ष्य का पीछा करते हुए शारदा ग्लोबल स्कूल की टीम 29.2 ओवरों में केवल 134 रन ही बना सकी। टीम के आयुष कुमार दुबे ने 31 रन बनाए, जबकि मोहम्मद सज्जाद ने 23, आकाश पांडे ने 15 और आर्य भारती ने 13 रनों का योगदान दिया।इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। बाघवार अकादमी के गेंदबाजों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। हर्षित नयन ने 6 ओवरों में 29 रन देकर 6 विकेट चटकाए। शारदा ग्लोबल स्कूल की ओर से अनमोल कुमार ने 6 ओवर में 34 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि मनमे पांडे ने 5 ओवरों में 43 रन देकर 3 विकेट हासिल किए।

## मोमिन कॉन्फ्रेंस ने मुख्यमंत्री को जीत की बधाई दी

### अल्पसंख्यकों की समस्याओं से अवगत कराया

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मोमीन कान्फ्रेस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद के नेतृत्व में कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारियों ने बुधवार के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें प्रचण्ड जीत एवं राज्य में अबुवा सरकार बनाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।इस क्रम में कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अल्पसंख्यकों से जुड़े समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री का ध्यान राज्य के अल्पसंख्यक समुदाय के विकास की ओर आकर्षित करते हुए माँग की कि पिछले कार्यकाल में अल्पसंख्यकों से जुड़े विकास से संबंधित योजनाओं को सरकार प्राथमिकता के तौर पर लागू करे। मिलने वालों में प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता जफर इमाम,शाकिर इस्लाही, जिला महासचिव जसीम अंसारी, अब्दुल अजीज, इमरान अंसारी ,जिला उपाध्यक्ष अब्दुल्लाह हबीब,मोहित खान,जिला उपाध्यक्ष अब्दुल इमाम, अजबुल अंसारी, साहिल अख़्तर, सुहैल अख्तर, अफरोज आलम, हाशिम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, सलीम अंसारी, आदि लोग शामिल थे।

## इरबा मदरसा मजहरुल उलूम में जलसा दस्तारबंदी का आयोजन

### मदरसे के 73 छात्रों की बांधी गई पगड़ी

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**ओरमांझी।** इरबा स्थित मदरसा मजहरुल उलूम में बुधवार की देर रात एक भव्य जलसा-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मदरसा के 73 छात्रों को जिन्होंने अपनी कुरान हिफ्ज की शिक्षा पूरी की, उन्हें पगड़ी बांधी गई और उन्हें हाफिज का सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हजरत मौलाना फरीदुद्दीन कासमी, दारुल उलूम देवबंद ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मुफ़्ती उमर आबेदीन कासमी मदनी, जनरल सेक्रेटरी, ऑल इंडिया मिल्ली कॉउन्सिल तेलंगाना ने शिरकत की। समारोह में मौलाना जमील अहमद कासमी, बैंगलोर भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस जलसे का आयोजन मदरसा मजहरुल उलूम प्रशासन की तरफ से किया गया, जिसका उद्देश्य हिफ्ज-ए-कुरआन को पूरा करने वाले छात्रों को उनके समर्पण और प्रयासों के लिए सम्मानित करना था। कार्यक्रम में शिक्षकों, छात्रों और उनके परिवारों के साथ ही कई प्रतिष्ठित समुदाय के सदस्य भी मौजूद थे। कार्यक्रम में हिफ्ज-ए-कुरआन के महत्व और उसके धार्मिक और सामाजिक योगदान पर विशेष जोर दिया गया। हजरत मौलाना फरीदुद्दीन कासमी ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया। मुफ़्ती उमर आबेदीन कासमी मदनी ने भी शिक्षा के महत्व और समाज में इसके प्रभाव को रेखांकित किया। इस आयोजन ने धार्मिक शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने काइलैक रेंज में आकर्षक कीमतों की घोषणा की, बुकिंग शुरू

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची/ जमशेदपुर।** कार के प्रति विशेष रुझान रखने वालों के लिए खुशखबरी है। स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी नई सब-4 मीटर एसयूवी काइलैक को लॉन्च कर इस सेगमेंट में पहली बार कदम रखा है।काइलैक चार वैरिएंट्स में उपलब्ध होगी- क्लासिक, सिग्नेचर, सिग्नेचर+ और प्रेस्टीज। इसकी शुरूआती कीमत 7.89 लाख रुपए है, जबकि टॉप मॉडल काइलैक प्रेस्टीज एटी की कीमत 14.40 लाख रुपए होगी। ग्राहकों के लिए एक खास ऑफर में, पहले 33,333 ग्राहकों को 3 साल का स्टैंडर्ड मेंटेनेंस पैकेज (एसएमपी) मुफ्त मिलेगा। काइलैक के लिए बुकिंग शुरू हो चुकी है, और डिलीवरी 27 जनवरी, 2025 से शुरू होगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र जेनेबा ने बताया कि नई स्कोडा काइलैक भारत में हमारे लिए एक नई शुरूआत का संकेत है। यह न सिर्फ स्कोडा के लिए, बल्कि पूरे सेगमेंट के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगी। यह भारतीय सड़कों पर यूरोप की उन्नत तकनीक को लोकप्रिय बनाएगी और हमारे ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बनाएगी। खास बात यह है कि हम पहले 33,333 ग्राहकों के लिए



सेगमेंट में सबसे बेहतर स्वामित्व अनुभव दे रहे हैं। लॉन्च के समय काइलैक दो ट्रांसमिशन, चार वैरिएंट्स और सात रंगों के विकल्प के साथ उपलब्ध होगी। यह हाई परफॉर्मेंस, कुशल और विश्वसनीय 1.0 टीएसआई इंजन द्वारा संचालित है, जो 85 केडब्ल्यू की पॉवर और 178 एनएम का टॉर्क पैदा करता है, जिसमें छह-स्पीड मैनुअल या छह-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक का विकल्प है। क्लासिक वैरिएंट में ग्राहकों को छह एयरबैग और 25 से अधिक एक्टिव और पैसिव फीचर्स मानक के रूप में मिलते हैं। एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, स्टीयरिंग व्हील के लिए टिल्ट और रीच एडजस्टमेंट, सभी पाँच सीटों के लिए हेड रेस्ट्रेंट और थ्री-पॉइंट सीट बेल्ट, इलेक्ट्रिक मिरर, रियर पार्क डिस्टेंस कंट्रोल, ड्राइवर का डेड पेडल, ऑटोमैटिक स्पीड सेंसिटिव सेंट्रल लॉकिंग और फुल एलईडी लाइटिंग जैसी सेफ्टी फीचर्स अन्य फीचर्स के साथ मानक फीचर्स के तौर पर मिलते हैं।काइलैक का सिग्नेचर वैरिएंट टायर प्रेशर मॉनिटरिंग, क्रूज कंट्रोल, आर16 अलॉय, वायर्ड एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले, कूल्ड ग्लोवबॉक्स, यूएसबी-सी सॉकेट, 17.7 सेमी (7 इंच) स्कोडा टच इंफोटेनमेंट सिस्टम, मल्टीफंक्शनल स्टीयरिंग व्हील, एडजस्टेबल रियर एसी वेंट और बहुत सारे फीचर्स के साथ आता है।सिग्नेचर+ वैरिएंट में वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले, 25.6 सेमी (10.1-इंच) स्कोडा टच इंफोटेनमेंट सिस्टम और ड्राइवर के लिए 20.32 सेमी (8-इंच) वर्चुअल कॉकपिट शामिल हैं।

## एनएसयूआइ ने भ्रस्टाचार के लिए कठोर कार्यवाही की मांग की

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** एनएसयूआइ प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी एवं राज्यपाल संतोष गंगवार जी, लफ्ऊसचिव, डायरेक्टर लफ्ळके नाम लिखित ज्ञापन दिया गया । प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने बताया कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग ह्स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीजह में संविदा शिक्षक के पद पर नियुक्ति में गलत नियमो को आधार बनाकर, अयोग्य और अहतार्हीन अभियर्थीओ के चयन, तथा वेरिफिकेशन करने वाले प्राधिकारियों के द्वारा जान बूझ कर सत्यापन प्रक्रिया में किये गए भ्रस्टाचार से संबंधित है पूरा मामला, साथ में तथ्य भी है । इस ज्ञापन के माध्यम से आपको सूचित करना चाहते हैं कि हाल ही में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में ह्स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीजह हेतु संविदा शिक्षक के पद पर गलत नियमो को आधार बना कर अहतार्हीन अभ्यर्थियों को नियुक्त किया गया है इसके अतिरिक्त डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्राधिकारियों द्वारा ऐसे अभियर्थी को नियुक्त किया गया जो साक्षातकार में शामिल होने की योग्यता भी नहीं रखते है ।सत्यापन प्रक्रिया और साक्षात्कार के दौरान कई नियमों की अनदेखी से यह स्पष्ट है कि कुछ विशेष व्यक्तियों को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, जो झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के संकल्प संख्या 492 दिनांक 24-02-2023 एवं संकल्प संख्या 2589 दिनांक 28-02-2023 द्वारा अधिसूचित विधि का उल्लंघन है।

**हम आपको निम्नलिखित बिंदुओं पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते है और साथ में इससे सम्बंधित साक्ष्य भी प्रस्तुत कर रहे है : 1).** महोदय सर्वप्रथम तो विज्ञापन की वैधता पर ही सवाल है यूनिवर्सिटी द्वारा संविदा शिक्षक के पद के लिए विज्ञापन संख्या DPSMU/G /858/23, दिनांक 11.12.2023 में यूजीसी के मानदंडों का पालन नहीं किया गया है ।

**अ).** यह विज्ञापन झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा अधिसूचित संकल्प संख्या 492 दिनांक 24-02-2023 एवं संकल्प संख्या 2589 दिनांक 28-02-2023 द्वारा अधिसूचित विधि का उल्लंघन है जिसके अनुसार शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि चयनित अभ्यर्थियों का प्रबंधन विषय में ठएळ या फिर ढँऊकी अर्हता हो ।**इ).** साक्षात्कार के परिणाम में कई ऐसे अभ्यर्थियों का चयन किया गया है जो सहायक प्रोफेसर बनने हेतु न्यूनतम अहर्ता ( नेट या पीएचडी ) को भी पूरा नहीं करते। जैसे फॉर्म नंबर CAMPD/23-24/234 राजीव कुमार,CAMPD/23-24/244 सुरभि कच्छप ,CAMPD/23-24/250 रिया भगत आदि का चयन किया गया है जिनकी अहर्ता ना तो नेट है, ना पीएचडी, ऐसे अभ्यर्थियों के चयन से न केवल विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता पर असर पड़ेगा, बल्कि छात्रों की शिक्षा में भी गिरावट आएगी। जिस नेट या पीएचडी को नई शिक्षा निति में महत्व दिया जा रहा है ।

## एक नजर

### अंजुमन फरोगे उर्दू के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

उर्दू अकादमी और उर्दू शिक्षकों की बहाली का मिला आश्वासन

**दबंग हिन्द,रांची।** अंजुमन फरोगे उर्दू झारखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान उर्दू से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुआ। ज्ञात हो कि अंजुमन फरोगे उर्दू प्रांतीय स्तर पर एक पंजीकृत संगठन है जिसका मुख्य उद्देश्य उर्दू के प्रचार-प्रसार के अलावा बच्चों में उर्दू के प्रति प्रेम विकसित करना है। मैट्रिक और इंटर स्तर के साथ-साथ प्राथमिक स्तर पर भी सम्मान समारोह इस संगठन का मुख्य कार्य है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित भी बात की। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी और उर्दू अकादमी का गठन किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को कुछ उर्दू किताबें भी भेंट की एवं शॉल और मोमेंटो देकर उन्हें बधाई दी। मौका पर दानिश अयाज, सरफराज इमाम, मो वसीम अकरम, सरफराज कादरी, मुकर्रम हयात, शोएब अख्तर आदि मौजुद थे।

### सांसद नलिन सोरेन से नूरुल्लाह हबीब नदवी ने की मुलाकात, दी बधाई

**दबंग हिन्द,रांची।** नूरुल्लाह हबीब नदवी सदर मांडर प्रखंड अंजुमन इस्लामिया ,सह पूर्व सदस्य सलाहकार समिति दक्षिण पूर्व रेलवे,रेल मंत्रालय भारत सरकार, दुमका से झामुमो से लोक सभा सांसद एवं पूर्व मंत्री झारखण्ड सरकार, नलिन सोरेन से उनके राँची स्थित आवास पर मिल कर झारखण्ड मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अगुवाई मे इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर बधाई दिया।

### जमीतुल इराकीन देही हल्का झारखंड ने शिल्पी नेहा तिर्की को को मंत्री मंडल में जगह देने की मांग की



**दबंग हिन्द,मांडर।** इंडिया गठबंधन से जमीतुल इराकीन देही हल्का झारखंड इल्तजा करती हैं की बंधु तिर्की एवं शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा झारखंडी आदिवासी एवं मूलवासी के आवाज के तौर पर हर वक्त मुखर होकर खड़ा रहने एवं पूरे झारखंड के सर्वांगीण विकास हेतु हर हाल में मांडर विधानसभा की माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री मंडल में जगह देने की कृपा की जाय ।

### कांग्रेस नेता अब्दुल्लाह अंसारी सड़क दुर्घटना में हुए घायल,कंधा हुआ फ्रेक्चर



**दबंग हिन्द, चान्हो ।** चान्हो प्रखंड कांग्रेस के अल्पसंख्यक अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी रांची जाने के क्रम मे रातू के छोटानागपुर पार्क के पास बाइक से दुर्घटना ग्रस्त हो गए जिसमे उनका दाहिना कंधा फ्रेक्चर हो गया खबर मिलते ही पहुंचे युवा नेता इरशाद खान और बेहतर इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया गया। साथ में उपस्थित हुए मो. अरशद, अतिकुर रहमान, मो अतीक, हारून खान।

### चामा में कांग्रेसी कार्यकताओं ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को दी बधाई

**दबंग हिन्द,चान्हो ।** चान्हो प्रखंड के चामा में कांग्रेसी कार्यकताओं ने मांडर विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को झारखंड सरकार मंत्री मंडल में शामिल करने की मांग की। इस दौरान आशिक खान , सुनीता उरांव , सोनी बेगम, मंजूर अंसारी, कलाम अंसारी, अनिल उरांव, अली हसन अंसारी, रण्थु उरांव आदि उपस्थित थे।

### अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय का डिप्लोमा प्रोग्राम्स में 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारंभ

**दबंग हिन्द,रांची।** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय एजुकेशन में डिप्लोमा प्रोग्राम्स के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। डिप्लोमा प्रोग्राम अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु कैम्पस में चलेंगे। विश्वविद्यालय प्रबंधन के मुताबिक यह एक साल के पार्ट-टाइम डिप्लोमा का पाठ्यक्रम है।इसमें शिक्षा क्षेत्र के सिद्धांतों और उसके व्यावहारिक पक्षों को समान रूप से पढ़ाया जायेगा। कक्षाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से होंगी। इन डिप्लोमा प्रोग्राम्स का मकसद बेहतर व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों की कमी को पूरा करना है, ताकि स्कूल व्यवस्था में काम करने वाले पेशेवरों और शिक्षकों में आवश्यक क्षमता और कौशल विकसित किए जा सके। इस संबंध में निदेशक अंकुर मदान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार समावेशी समाज का लक्ष्य पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं। आवेदन की आखिरी तारीख12 जनवरी 2025 है।

### आदित्य रेडिज राजा कृष्णदेवराय की भूमिका निभाएंगे





**दबंग हिन्द,रांची/मुंबई।** सोनी सब का बहुप्रतीक्षित शो तेनाली रामा 16 दिसंबर से, इतिहास में प्रसिद्ध राजा कृष्णदेवराय भारतीय इतिहास के सबसे महान शासकों में से एक थे और निडर व न्यायप्रिय सम्राट थे जिन्होंने विजयनगर साम्राज्य की संप्रभुता को सुनिश्चित किया। वह अपनी निष्पक्षता, मजबूत नैतिकता और एक जीवंत दरबार के लिए जाने जाते थे जिसमें प्रसिद्ध अष्टदिग्गज शामिल थे - तेनाली रामा सहित आठ विद्वान सलाहकारों की एक परिषद। न्याय देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अपने लोगों के प्रति उनका समर्पण अटूट था। राजा कृष्णदेवराय के रूप में आदित्य की भूमिका में तेनाली की बुद्धि और हास्य के लिए राजा की प्रशंसा को दशार्या जाएगा, जो उन्हें एक विश्वसनीय सलाहकार और एक प्रिय मित्र दोनों के रूप में मानते हैं। उनके बीच हास्य, रणनीति और नाटक का एक आदर्श मिश्रण है। आदित्य रेडिज ने भूमिका के बारे में कहा, राजा कृष्णदेवराय एक बहुत ही प्रिय चरित्र हैं, और मैं उनके किरदार को निभाने जा रहा हूँ। इसके साथ बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी है।

### घर- घर में शिक्षा का दीप जलाना है , दी इदरिसिया तंजीम वेलफेयर सोसायटी ,रॉंची

**दबंग हिन्द,रांची।** दि इदरिसिया तंजीम वेलफेयर सोसायटी रॉंची जिसके माध्यम से हिंदपीढ़ी में 1980 से इदरिसिया तंजीम उर्दू मध्य/उच्च विद्यालय ग्वाला टोली रोड़ हिंदपीढ़ी रॉंची में चला रही है जिसका मकसद सिर्फ शिक्षा/ तालिम को घर - घर पहुंचना है आज इस स्कूल की देन है जिससे हजारों - हजार गरीब, अनाथ/ यतीम, बेसहारा बच्चे बच्चियां मैट्रिक परीक्षा पास कर आगे कि पढ़ाई कर रहे हैं हर वर्ष 50 गरीब बच्चे/बच्चियों को निःशुल्क पढ़ाते हैं इस वर्ष 2024/2025 में 100 गरीब बच्चे/ बच्चियों को निःशुल्क पढ़ाने के लिए ठानी है इस संस्था के माध्यम से हिन्दपीढ़ी क्षेत्र में घर- घर सर्वे किया जा रहा है ।संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद माशुक, सचिव मोहम्मद उमर भाई, प्राचार्य रियाज अहमद खान विद्यालय प्रभारी मोजाहिद आलम सर्वे करने वाले सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## बीएसएल ने दिव्यांग जनों के लिए बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल का किया वितरण

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में भारतीय कृत्रिम अंग निगम एलिम्को के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आशा लता विकलांग विकास केंद्र में दिव्यांग जनों के लिए बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल वितरण सिविल का आयोजन किया गया इस मौके पर निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ अधिशासी निदेशक सुरेश रंगनी अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद अधिशासी निदेशक सुश्री राजश्री बनर्जी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी बी कारनामे मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार मुख्य महाप्रबंधक लक्ष्मी दास आशा लता दिव्यांग विकास केंद्र के निदेशक बीएस जायसवाल एलिम्को प्रतिनिधि नीतीश कुमार महाप्रबंधक ए एस नंदी वरिष्ठ प्रबंधक एन त्रिपाठी तथा अन्य उपस्थित थे मुख्य अतिथि बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी को दिव्यांग जनों के उत्थान तथा उनके जीवन को सरल और सहज बनाने तथा उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़ने में अपना योगदान करना चाहिए उन्होंने इनके विकास के लिए आशा लता केंद्र द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासों की सराहना की गई शिविर के दौरान दिव्यांग जनों को निदेशक प्रभारी एवं अधिशासी निदेशक के द्वारा बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल का वितरण किया गया।

# न्यायालय परिसर में आयोजित हुआ अधिवक्ता दिवस

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** अधिवक्ता दिवस भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती का प्रतीक है।यह दिन वकीलों के योगदान और न्याय व्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने के लिए मनाया जाता है।डॉ. राजेंद्र प्रसाद की ईमानदारी, निष्ठा और समाज के प्रति सेवा भाव को वकालत के पेशे में एक प्रेरणा के रूप में देखा जाता है। अधिवक्ता दिवस के अवसर पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स की ओर से बोकारो कोर्ट परिसर में अधिवक्ता दिवस का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बोकारो के वरीय अधिवक्ता मोहन लाल ओझा ने सभी अधिवक्तावो को बधाई और आशीर्वचन दी। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने अधिवक्ता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और केक एवम मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। गिरि ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद न केवल एक स्वतंत्रता सेनानी और महान राजनेता थे, बल्कि एक प्रख्यात वकील भी थे। उन्होंने वकालत के क्षेत्र में उच्च नैतिक मूल्यों और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया, जिससे यह पेशा और अधिक सम्मानित हुआ। अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शर्मा ने अधिवक्ता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।मौके पर अधिवक्ता अतुल कुमार संजीव पाठक सुनील सिंह सिसोदीया,सोमनाथ शेखर , जवाहर प्रसाद, विष्णु प्रसाद नायाक, मृत्युंजय लायक, अंजनी चोधरी,राजश्री सुनीता देवी, वीना रानी, प्रेरणा पाण्डेय, दीपिका सिंह, दीप्ति सिंह, रीना कुमारी,सुमन झा,मनोज तिवारी, जितेन्द्र कुमार समेत सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित थे।

## देश के प्रथम राष्ट्रपति देश रतन डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को दी गई श्रद्धांजलि

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी अधिशासी निदेशक सुरेश रंगनी राजन प्रसाद सुश्री राजश्री बनर्जी अधिशासी निदेशक माइंस विकास मनवटी अधिशासी निदेशक सीआर मिश्रा मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बब करुणामय एवं अन्य ने इस्पात भवन के समीप स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेकर हम अपने समाज एवं देश को आगे ले जा सकते हैं।

## हिंदुओं पर हो रहे हमले के खिलाफ विप्र समाज ने जलाया बांग्लादेश सरकार का पुतला

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** बुधवार को बोकारो इस्पात नगर के बिरसा चौक नया मोड़ पर बोकारो जिला संपूर्ण विप्र पुरोहित समाज संबंध संपूर्ण विप्र समाज बोकारो के तत्वाधान में बांग्लादेश में हो रहे सनातन धर्मियों पर कातिलाना हमला बहू-बेटियों के इज्जत से खिलवाड़ तथा मंदिरों को तोड़ने और पुरोहितों को जेल में बंद कर प्रताड़ित करने के विरुद्ध बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया गया तथा इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया की बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर कातिलाना अत्याचार वहां की सरकार बंद करें और इस समस्या पर ध्यान देते हुए हिंदुओं को बांग्लादेश में सुरक्षित और संरक्षित जीवन जीने का अवसर प्रदान करें अन्यथा इसके विरुद्ध देशव्यापी आंदोलन की रूप रेखा तय की जाएगी कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार से भी आग्रह किया गया की बांग्लादेश के हिंदुओं को सुरक्षित करने के लिए बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए । अध्यक्षता बोकारो जिला संपूर्ण विप्र पुरोहित समाज के अध्यक्ष पंडित संजय पाण्डेय ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश संपूर्ण विश्व समाज शशि भूषण ओझा मुकुल महामंत्री झारखंड प्रांत मृणालकांत चौबे झारखंड प्रदेश संपूर्ण विप्र समाज संपूर्ण विप्र पुरोहित समाज के अध्यक्ष पंडित अखिलेश ओझा मिथिलेश पाण्डेय मीडिया प्रभारी विनोद पांडे, दिनेश पांडे, राजकुमार पांडे, पंचानंद पांडे, गोपाल पांडे, अजय चौबे नागेंद्र गिरी पिंटू चौबे सिर्फ पिंटू पांडे वीरेंद्र पांडय मिथिलेश पांडे एवं एवं पुरोहित समाज के समस्त पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस कोटे से मंत्रीमंडल में बेरमो विधायक को मिले स्थान: हरेंद्र

**फुसरो।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ढ़ोरी क्षेत्रीय कमिटि की एक बैठक ढ़ोरी 5 नंबर स्थित यूनियन कार्यालय में ढ़ोरी एरिया अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद सिंह, सचिव शिवनंदन चौहान और कांग्रेस बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया ने विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह के शानदार जीत के लिए बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के मजदूर, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित, अल्पसंख्यक सहित बेरमो विधान सभा क्षेत्र की जनता के प्रति आभार प्रकट किया गया। इंडिया गठबंधन के सामूहिक प्रयास की जीत है।हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व और कुमार जयमंगल सिंह के कठिन मेहनत का प्रतिफल है। कुमार जय मंगल के कुशल नेतृत्व में बेरमो की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को तीसरे स्थान पर पहुचाया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड्गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी से विधायक कुमार जय मंगल को झारखंड मे मंत्री बनने की मांग की।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर न्यायिक पदाधिकारी ने की बैठक

दबंग हिन्द,संवाददाता

**तेनुघाट।** 14 दिसम्बर को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर न्यायिक पदाधिकारी ने पुलिस पदाधिकारियों और पीएलवी के साथ बैठक किया गया। बताते चलें कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए व्यवहार न्यायालय के जिला जज तृतीय फहीम किरमानी की अगुवाई में अनुमंडल के पुलिस प्रशासन और पीएलवी के साथ उक्त बैठक की गई।इस अवसर पर जिला जज तृतीय फहीम किरमानी ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि आगामी लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जो भी नोटिस भेजा जाए, उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति तक पहुंचाया जाए, ताकि अधिक से अधिक मामले का राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन संभव हो सके।कुटुंब न्यायालय प्रेम नाथ पांडेय ने उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को कहा कि लोक अदालत की सफलता के लिए आप सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। ज्यादा मामले पारिवारिक विवाद के कारण ही उत्पन्न होता है।एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने भी नोटिस तामील कराने को लेकर कई तरह के निर्देश दिए। बैठक में मौजूद पुलिस पदाधिकारियों ने न्यायिक पदाधिकारियों को यह आश्वासन दिया कि जितने भी नोटिस थाना में पहुंचेंगे, सभी पर तामिल होगा।बैठक में सब जज द्वितीय राजेश रंजन कुमार, मुंसिफ शिवराज मिश्रा, अधिवक्ता सुभाष कटरियार, जीवन आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जबकि पुलिस प्रशासन की ओर से इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह, अजीत कुमार, शशि शेखर कुमार, प्रफुल्ल कुमार महतो, राजेश प्रजापति, आदि मौजूद थे।

## मुखिया सावित्री देवी ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिया स्वेटर

**गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत लोहार टोला, होसीर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 714 में बुधवार को स्वेटर वितरण कार्यक्रम मे मुखिया सावित्री देवी ने बच्चों को झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए स्वेटर वितरित किए।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी है और सरकार की यह पहल सराहनीय है।आंगनबाड़ी सेविका सीमा कुमारी और सहायिका गीता देवी ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने बताया कि केंद्र में बच्चों को पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे,जिन्होंने सरकार की इस योजना की सराहना की।

## पुस्तकालय विद्यालय का आवश्यक अंग : बैद

दबंग हिन्द,संवाददाता

**चास।** रोटरी क्लब चास द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आजाद नगर में लोहे की बुक सेल्फ उपलब्ध कराई गई। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा की सरकारी स्कूल को स्मार्ट बनाने और अच्छे बदलाव के लिए रोटरी क्लब द्वारा स्कूल को किताब रखने की लोहे की बुक सेल्फ दी गई है।कार्यक्रम के संयोजक संजय बैद ने कहा की पुस्तकालय में किताबें अब व्यवस्थित तरीके से रह पाएंगी एवं बच्चों को ढूंढने में भी आसानी होगी। संजय बैद ने कहा कि छात्रों को अब जानकारियां एकत्रित करने में सहुलियत होगी। संजय बैद ने कहा की पुस्तकालय विद्यालय का आवश्यक अंग है। सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा की चास रोटरी क्लब भविष्य में भी स्कूल को निरंतर रूप से अपना हर संभव सहयोग उपलब्ध कराते रहेगा। विधालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र प्रसाद ने लोहे की बुक सेल्फ उपलब्ध कराने पर रोटरी क्लब चास की प्रशंसा करते हुए विद्यालय परिवार की तरफ से आभार व्यक्त किया। छात्रों के चेहरे पर भी खुशी देखी गई।इस मौके पर विनोद चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल, संजय बैद,कुमार अमरदीप, नरेंद्र सिंह, प्रकाश केजरीवाल, संजय रस्तोगी, ललिता चोपड़ा, पूजा बैद आदि उपस्थित थे।

# सेल ने मनाया अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस, उपलब्ध कराया उपकरण

## दिव्यांगों को उपकरण उपलब्ध कराते सेल अध्यक्ष उपस्थित अन्य

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने नई दिल्ली स्थित अपने कॉरपोरेट ऑफिस में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करके अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया कंपनी ने प्रमुख कार्यक्रम का आयोजन अपने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पल के तहत आयोजित किया सेल ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से आयोजित इस पहल के तहत लाभार्थियों की गतिशीलता और संचार को बढ़ाने के लिए ट्राई साइकिल मोटराइज्ड ट्राई साइकिल स्मार्ट कैन दृष्टि बाधित व्यक्तियों के लिए स्मार्टफोन और श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण का वितरण किया गया सेल ने दिव्यांगजनों को उपकरण देने का यह काम लगातार तीसरे साल किया है आगे सेल के संयंत्र और इकाइयों में भी इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा इस मौके पर सेल अध्यक्ष अमरेंद्र प्रकाश ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की और सामाजिक समावेशिता तथा दिव्यांग लोगों के मदद के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया उन्होंने कहा कि सेल में दिव्यांग जनों के भावना को सलाम करते हैं हमेशा से सेल दिव्यांग जनों की मदद करती आई है और आगे भी करती रहेगी।

## सेल एससी एसटी इंप्लाइज फेडरेशन ने विधायक का किया स्वागत

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बोकारो सिटी।** विधायक श्वेता सिंह से सेल एससी एसटी इंप्लाइज फेडरेशन बोकारो इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल फेडरेशन के केंद्रीय कमेटी अध्यक्ष एवं बोकारो इकाई के अध्यक्ष एमके अभिमन्यु के नेतृत्व में मुलाकात कर बोकारो विधानसभा का विधायक बनने पर बुके देकर बधाई दिया इस मौके पर फेडरेशन के अधिकारियों ने भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर 6 दिसंबर को नगर सेवा भवन के समीप डॉक्टर अंबेडकर प्रतिमा स्थल के पास आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित किया जिसमें विधायक श्वेता सिंह ने आने का आश्वासन दिया प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से महासचिव रवींद्र महली संयुक्त महासचिव इंदल पासवान संयुक्त महासचिव महेश पासवान संयुक्त महासचिव दिलीप कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### अनुकंपा समिति की बैठक में 10 मामलों पर की गई सुनवाई 6 की नियुक्ति के लिए अनुशंसा

**बोकारो।** हां डीसी की उपस्थिति में जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई जिसमें 10 मामलों पर सुनवाई की गई बैठक में अपार समर्थ मुमताज अंसारी स्थापना उप समाहर्ता वंदना सेजवलकर अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो डीसीएलआर प्रभास दत्त जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहार कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर एडीपीआरओ अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे डीसी ने सभी मामलों की समीक्षा की तथा आवेदक के कागजातों की जांच की जानकारी के मुताबिक जिला अनुकंपा समिति के समक्ष जिला विकास शाखा का एक मामला अनुमंडल कार्यालय चैस से एक पुलिस विभाग से एक सैनिक चिकित्सा एवं मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी से दो राज्य कर संयुक्त आयुक्त विभाग का एक झारखंड सशस्त्र पुलिस बल के एक शिक्षा विभाग का तीन मामला प्रस्तुत किया गया था। बैठक में सभी अहर्ता पूर्ण करने और दस्तावेजों का सत्यापन कर पांच मामलों पर सुनवाई करते हुए आवेदकों की अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए समिति ने अनुशंसा की इस बाबत स्थापना उपसमाहर्ता को जरूरी सुनिश्चित कार्रवाई करने का निर्देश डीसी ने दिया।

### 17 वर्षों से चल रहे मामले का हुआ समापन

**बोकारो।** उच्च न्यायालय झारखंड रांची के पारित आदेश के आलोक में जिला अनुकंपा समिति में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए पुनर्विचार करने को लेकर नवीन कुमार अनु सेवक जिला विकास शाखा बोकारो के मामले पर सुनवाई करते हुए लगभग 17 वर्षों से चल रहे मामले का समापन किया गया डीसी ने सभी बिंदुओं पर समिति सदस्यों की उपस्थिति में सुनवाई की तथा संबंधित अभ्यर्थी से मामले की जानकारी ली और सर्वसम्मति से समिति ने तृतीय वर्ग के पद पर नियुक्ति का अनुशंसा किया मौके पर जिला स्थापना शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे।

### 15 दिसंबर को बीएसएल करेगा हैप्पी स्ट्रीट का शुभारंभ

**बोकारो।** आगामी 15 दिसंबर को बीएसएल के तत्वावधान में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया जाएगा इसका उद्घाटन बोकारो स्टील प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य अतिथि के द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम की तैयारी आरंभ कर दी गई है जानकारी के मुताबिक एक्टिव बोकारो हेल्दी बोकारो के थीम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य किया जा रहे इस आयोजन में बोकारो के विभिन्न स्कूल अन्य शिक्षण संस्थान महिला समिति संगीत कलाकार आदमी सीआरपीएफ सीआईएसएफ रोटरी क्लब लायंस क्लब रोटरी क्लब ऑफ मिड टाउन कपल्स पोस्ट फिलेटली ग्रुप एक्स सर्विसमैन संगठन सहित अन्य संस्थाएं इसमें शामिल होंगी इसके अलावा सभी नगर वासी आयोजन में शामिल होंगे हैप्पी स्ट्रीट का मकसद लोगों को एक स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करना है जिसमें सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के विशेषज्ञ अपने प्रदर्शन से लोगों को स्वस्थ और सुखी जीवन जीने के लिए प्रेरित करेंगे इसके लिए हैप्पी स्टेट में बोकारो मॉल मोर से गांधी चौक तक की एक लेने सुबह 7 से 10 बजे तक आने वाले कुछ रविवार को गाड़ियों के अब आगमन के लिए बंद कर दी जाएगी हैप्पी स्टेट में बोकारो वासी एक्टिव बोकारो हेल्दी बोकारो के आह्वान के तहत विभिन्न गतिविधियों का लाभ और आनंद उठा सकेंगे कार्यक्रम का समापन सेल दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को किया जाएगा।

### 39 महीने का एरियर व मेडिकल जांच को लेकर एकजुट हुए मजदूर: चौधरी

**बोकारो।** इस्पात कर्मियों का 39 महीने का एरियर सहित लंबित मांग और ठेका कर्मियों के मेडिकल जांच में हो रहे हैं विलंब वेतन से पैसा नहीं लौटने पर गेट पास रोकने एस डब्ल्यू को बी ई एस आई के दायरे में लाने सहित ज्वलंत समस्याओं को लेकर प्लांट के प्रत्येक विभाग में जय झारखंड मजदूर समाज द्वारा चलाए जा रहे हैं जन जागरण कार्यक्रम के तहत आज तीसरे दिन फाइव स्टोर के सामने इस्पात कमी और ठेका कर्मियों की मीटिंग हुई जिसमें शॉप्स एंड फाउंड्री विभाग के मजदूरों ने प्रबंधन व एन जे सी एस नेताओं का प्रति आक्रोश व्यक्त किया। अपने संबोधन में यूनियन के महामंत्री बीके चौधरी ने कहा कि बोकारो स्टील सरकारी उपक्रम है बावजूद 9 जुलाई 2024 को सहायक शर्मा आयुक्त केंद्रीय धनबाद में हुई त्रिपक्षीय समझौते का उल्लंघन प्रबंधन कैसे कर सकता है जिसमें स्पष्ट है कि 7 दिन दवा सेवन के बाद मजदूरों का मेडिकल या री मेडिकल होगा लेकिन दो महीना बीत जाने के बाद भी मेडिकल जांच नहीं करवाना उचित नहीं है उन्होंने कहा कि 39 महीने का एरिया सहित अन्य मांगों पर प्रबंधन का मुख्य दर्शक बने रहना प्लांट के हित में नहीं है इसीलिए प्रबंधन को चाहिए की समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाधान करें अन्यथा 14 दिसंबर को अधिशासी निदेशक संघ कार्य कार्यालय पर विराट प्रदर्शन के माध्यम से मजदूर किसी भी हद तक जाने की घोषणा करेंगे कार्यक्रम में संयुक्त महामंत्री क सिंह एसके सिंह अनिल कुमार आर आर सोरेन धीरन मांझी सी के एस मुंडा आशिक अंसारी बदल कोई ऊ ई अहमद राजेंद्र प्रसाद कार्तिक सिंह सहित अन्य उपस्थित है यह जानकारी यूनियन के कार्यालय मंत्री आर बी चौधरी ने दी।

### सभी अल्ट्रासाउंड क्लिनिको में सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन सुनिश्चित करें टीम: डीसी

**बोकारो।** पीसी पीएनडीटी एक्ट जिला सलाहकार समिति की बैठक में डीसी ने निर्देश दिया कि सभी अल्ट्रासाउंड क्लिनिको में सीसीटीवी का अधिष्ठापन करें उन्होंने एक सप्ताह का समय देते हुए क्लिनिक संचालकों को इसे सुनिश्चित करने के लिए टीम को निर्देश दिया साथ ही क्लीनिक के बाहर अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सक का नाम उपस्थित रहने का समय यदि विवरण दशार्ने का भी निर्देश दिया उन्होंने कहा कि बिना वेद पहचान पत्र के कोई भी अल्ट्रासाउंड नहीं होगा क्लिनिक परिसर में अवैध पहचान पत्रों की सूची भी प्रदर्शित करने की बात कही बैठक में उपस्थित संबंधित पदाधिकारी को सभी क्लिनिको के बाहर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं पीसी पीएनडीटी एक्ट के तहत लिंग जांच करना अपराध है से संबंधित फ्लेक्स लगाने का निर्देश दिया मौके पर सिविल सर्जन को निजी क्लीनिक के साथ अल्ट्रासाउंड कराने को लेकर अभिलंब मेमोरेंडम का अंडरस्टैंडिंग कराने को कहा।उन्होंने कहा कि इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए समीक्षा में टास्क फोर्स टीम को सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी क्लीनिक फॉर्म एफ में अपूर्ण जानकारी नहीं रखेगा उन्होंने सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा प्रत्येक माह जिला समाज कल्याण कार्यालय को समीक्षा कर कुछ फार्म उपलब्ध कराने एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा फॉर्म एफ का आंगनबाड़ी सेविका से जांच करने एवं प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा बैठक में एसडीओ सुश्री प्रांजल सिविल सर्जन डॉक्टर एन बी प्रसाद अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो के अलावा चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एनपी सिंह नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सेलिना टुडू डॉ राजश्री रानी सिंह एडीपीआरओ अविनाश कुमार सिंह सहित विभिन्न नगर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि प्रगति शंकर कल्याणी सागर सुरेश प्रसाद ठाकुर उपस्थित थे।

### हनुमान मंदिर परिसर में हुई धर्मजन जागरण समिति की बैठक

**बोकारो।** धर्म जन जागरण समिति की बैठक सेक्टर 9 स्ट्रीट 14 हनुमान मंदिर परिसर में हुई जिसकी अध्यक्षता योगेंद्र कुमार ने करते हुए कहा कि धर्म जन जागरण समिति प्रत्येक वर्ष वैशाली मोड मैदान में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करती आ रही है इसको देखते हुए आगामी 7 से 14 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा इस कथा के प्रवक्ता वशिष्ठ देशमुख जी महाराज होंगे कथा का सफल संचालन के लिए कमेटी का निर्माण किया गया है बैठक में योगेंद्र कुमार चौधरी रवि शंकर गौरांग गणेश कुलदीप नरेश आशीष सुजीत जयंत दत्त नरेश राम ओमप्रकाश अशोक महली नंदू शर्मा अनमोल राजीव हरे राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### जिले के 89 सरकारी गैर सरकारी सैंपल विद्यालयों में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण संपन्न

**बोकारो।** जिले के 89 सरकारी गैर सरकारी सैंपल विद्यालयों में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया भारतीय शिक्षा नीति को और बेहतर बनाने एवं वर्तमान स्थिति को जानने के लिए यह सर्वेक्षण किया गया इसकी तैयारी शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एनसीईआरटी सीबीएसई नई दिल्ली और जिला शिक्षा अधिकारी झारखंड सरकार के सभी के आपसी समन्वय से संपन्न हुआ। सर्वेक्षण के पूर्व 96 आब्जर्वर के बेहतर ज्ञानवर्धन एवं परिपक्वता के लिए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया जिसमें 131 फील्ड इन्वेस्टिगेटर का प्रशिक्षण बोकारो जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा दिया गया सर्वेक्षण विभिन्न विद्यालयों के उप्राचार्य पीजीटी टीजीटी एवं पीआरटी टीचर्स के साथ 131 फील्ड इन्वेस्टिगेटर के माध्यम से कक्षा तृतीय छठी एवं नवमी के बच्चों का परख सर्वेक्षण टेस्ट मापदंडों के आधार पर किया गया।

# सांसद ढुल्लू महतो ने उठाई रेल सेवा की मांग

## धनबाद से पांच शहरों के लिए मांगी सीधी ट्रेन

दबंग हिंद संवाददाता

**धनबाद।** सांसद ढुल्लू महतो ने संसद में बेहतर रेल सुविधा का मुद्दा उठाया। उन्होंने धनबाद से पांच प्रमुख शहरों के लिए रेल सेवा शुरू करने कि मांग की। सांसद ढुल्लू महतो ने संसद में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से विशेष रूप से चार प्रमुख मार्गों पर रेल सेवाओं की शुरूआत करने की मांग की है। साथ ही क्षेत्र में रेल सेवा को बेहतर बनाने की भी बात रखी। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि धनबाद के नागरिकों को बेहतर यात्री रेल सुविधायें उपलब्ध करायी जानी चाहिए.

**धनबाद से वैष्णो देवी और वेल्लोर के लिए चले ट्रेन:** ढुल्लू महतो ने कहा कि वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए धनबाद से वैष्णो देवी के लिए धनबाद से सीधी रेल सेवा शुरू की जानी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा में सुविधा मिले और उन्हें लंबी दूरी की यात्रा से बचने का अवसर मिले। इलाज के लिए जाने

वाले मरीजों के लिए भी धनबाद से वेल्लोर तक रेल सेवा शुरू करने की मांग की, जिससे मरीजों को इलाज के लिए वेल्लोर जाने में कोई परेशानी न हो।

इसके अलावा ढुल्लू महतो ने छात्रों और कामकाजी लोगों का भी ध्यान रखा। उन्होंने धनबाद से बेंगलोर और हैदराबाद के लिए रेल सेवा की आवश्यकता जतायी। उन्होंने कहा कि धनबाद से काफी संख्या में लोग पढ़ने या नौकरी करने जाते हैं। इनमें ज्यादातर हैदराबाद शहर में लोग मजदूरी करने जाते हैं। इसके लिए बेंगलोर और हैदराबाद के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करें। सांसद ने दिल्ली के लिए भी एक ट्रेन शुरू करने का आग्रह किया। ढुल्लू महतो ने कहा कि धनबाद और आस-पास के क्षेत्र के लोग सीधे देश की राजधानी से जुड़ सकें और उनके जीवन में सुगमता आये, इसके लिए रेल सेवा शुरू होनी चाहिए। सांसद ने बताया कि झारखंड से सबसे अधिक रेलवे का राजस्व धनबाद से प्राप्त होता है। यहां से सैंकड़ों मालगाड़ी रोज निकलती हैं। सवारी रेल सेवा बहुत कम हैं, जिससे लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने उम्मीद जतायी कि रेल मंत्रालय इन मांगों पर गंभीरता से विचार करेगा और क्षेत्र के लोगों को बेहतर रेल सेवा उपलब्ध करायेगा।

# नगर निगम में बर्बाद हो रहे करोड़ों के उपकरण

दबंग हिंद संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम में इन दिनों करोड़ों की लागत से खरीदे गये कई उपकरण प्रयोग न होने से बर्बाद हो रहे हैं। इसको लेकर माले नेता राजेश सिन्हा ने गिरिडीह उपायुक्त को आवेदन दिया है और जांच कर कार्रवाई करने की अपील की है। उन्होंने कार्रवाई नहीं होने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

उन्होंने कहा है कि नगर निगम द्वारा तीस से चालीस करोड़ रुपये की मशीन नगर की सफाई के लिए खरीदी है। छह महीने से मशीनें बर्बाद होने के लिए पुराने नगर निगम में बिना इस्तेमाल के रख दिये गये हैं। ऐसे में सवाल यह है

कि जब उपकरणों का प्रयोग करना था ही नहीं, तो उन्हें खरीदा क्यों गया और पैसों को बर्बाद क्यों किया गया? इसके साथ ही उन्होंने इसके पीछे दोषी की भी जांच करने की मांग की है। उन्होंने नगर निगम द्वारा नल से सप्लाई किये जाने वाले पानी की जांच के लिए भी आवेदन दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि नगर निगम द्वारा सुबह-शाम पानी नहीं दिया जाता है और झूठा बिल बना दिया जाता है। शहरी क्षेत्र में जो पानी पिलाया जा रहा है, वह गंदा और पीने योग्य नहीं होता है, जिसकी जांच होनी चाहिए। इन तमाम मामलों को लेकर नगर निगम के उप आयुक्त प्रशांत कुमार लायक ने कहा कि सभी वाहन और उपकरण समय-समय पर इस्तेमाल किये जाते हैं। हालांकि मैनपॉवर और ट्रेंड सोल्जर की कमी है, जिसकी वजह से थोड़ी दिक्कतें आ रही हैं। इसके बावजूद जरूरी पड़ने पर मशीनों को निकाला जाता है और उसका प्रॉपर इस्तेमाल किया जा रहा है। उप आयुक्त ने कहा कि ट्रेंड कर्मियों की संख्या बढ़ाने को लेकर स्थानीय विधायक से बात की जा रही है। जल्द ही समस्या का समाधान होगा और सभी मशीनों का फूल फ्लेज में शहर की सफाई के लिए उपयोग किया जाएगा।

# रेल यूनियन मान्यता प्राप्ति के लिए पहले दिन का चुनाव संपन्न

दबंग हिंद संवाददाता

**धनबाद।** रेल यूनियन की मान्यता प्राप्ति के लिए हो रहे चुनाव का आज पहला दिन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन और ईस्ट-सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की उपलब्धियां को देखते हुए रेल कर्मचारियों का झंडा छाप के तरफ विशेष झुकाव रहा। इस चुनाव के लिए धनबाद में पांच चुनाव केंद्र बनाये गये था, जिसमें रेलवे ऑडिटोरियम, सेफ्टी कैंप, टीआरडी ट्रेनिंग डिपो, कैरिज एंड वैगन डिपो और डीआरएम ऑफिस शामिल थे। सुबह 8 बजे से चुनाव प्रकिया शुरू हुई, जबकि शाम 5 बजे तक चुनाव सम्पन हुआ। मालूम हो कि यह चुनाव 4, 5 और 6 दिसंबर को हीना निर्धारित है।

# पतकार ने ओल्ड एज होम में मनायी पिता की पुण्यतिथि

दबंग हिंद संवाददाता

**धनबाद।** सबलपुर के सहयोगी नगर सेक्टर तीन स्थित ओल्ड एज होम में वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र वर्मा ने अपने पिता स्वर्गीय छोटन राम की तृतीय पुण्यतिथि मनायी। उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर उनके पोता सौरभ कुमार वर्मा तथा कई मित्र व बंधु उपस्थित थे। आश्रम के सभी वृद्ध माता एवं पिता ने भी मृतक को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकार श्री वर्मा ने कहा कि जब भी पिता की पुण्यतिथि आती है, तो उनकी हमेशा कोशिश रहती है कि पुण्यतिथि किसी वृद्धा आश्रम में ही मनायी जाये, ताकि आश्रम में रहने वाले वृद्ध माता एवं पिता को अपने हाथों से स्वादिष्ट भोजन कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकूं।इससे मन को बहुत शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि वे अपने मित्रों से आग्रह करेंगे कि यदि अपना, पत्नी या बच्चे का जन्मदिन, शादी की सालगिरह या पुण्यतिथि किसी वृद्धा आश्रम में ही मनायें। इससे मन को बहुत शांति मिलेगी। आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी एवं उनकी टीम का काफी सहयोग रहा। केयरटेकर बहुजन सोरेन का भी सराहनीय योगदान रहा।

# अस्तित्व बचाने की गुहार लगा रहा बरारी का कब्रिस्तान

समीम हुसैन (दबंग हिंद संवाददाता)

**जोड़ापोखर।** एक ऐसा कब्रिस्तान है, जो अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासन की राह देख रहा है। बीसीसीएल तथा आउटसोर्सिंग कंपनियों के पैसे के लोभ के कारण इस कब्रिस्तान का अस्तित्व खत्म होने के कगार पर है। चुनाव आते ही कितने सांसद व विधायक आये तथा कब्रिस्तान को बचाने की बात कही और चले गय, परन्तु नतीजा जस का तस बना हुआ है। किसी ने भी मुड़कर इस कब्रिस्तान की तरफ नहीं देखा। हम बात कर रहे है धनबाद कोयलांचल के झरिया के जोड़ापोखर स्थित सदियों पुराने बरारी कब्रिस्तान की, जहां दूर-दराज के गांव, मोहल्ले वाले अपने परिजन की मिट्टी मंजिल करने आते थे। अब यह कब्रिस्तान अपने अस्तित्व को बचने की गुहार लगा रहा है। सदियों पूर्व से इस कब्रिस्तान में आस-पास के मुस्लिम समुदाय के लोग अपने पूर्वजों को दफन करते आ रहे थे। कई पर्व-त्यौहार में भी लोग अपने पूर्वजों की याद में यहां

आते है, लेकिन बीसीसीएल तथा आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा इस कब्रिस्तान के चारों तरफ पहाड़ीनुमा ओबी डंप कर कब्रिस्तान को खत्म करने पर आतुर हैं। पैसे का लोभ आउटसोर्सिंग कम्पनी पर इस कदर हावी है कि उन्हें न जनता की चिंता है और ना ही किसी के धार्मिक स्थल की। आउटसोर्सिंग कंपनी अपने लाभ के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। इसका जीता जगता उदाहरण दशको से मौजूद बरारी कब्रिस्तान के खात्मे का है।। लोगो के पूर्वजों के यादगार स्थल को भी पैसे के लालची लोग खत्म करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जोड़ापोखर का यह क्षेत्र बीसीसीएल द्वारा अग्नि प्रभवित क्षेत्र घोषित किया जा चूका है। लोगों को यहां से हटाने का निर्देश भी जारी किया जा चुका है, परन्तु दिलचस्प बात यह है कि उसी स्थल पर बीसीसीएल द्वारा कोल डिपो बनाया जा रहा है। बीसीसीएल की बात तो और है। इस स्थल के पास झारखण्ड सरकार से करोड़ों रुपये की लागत से एक पुल का निर्माण किया गया है। जब अग्नि प्रभावित क्षेत्र घोषित काया जा चुका है, तो फिर उसी स्थान पर जनता के पैसे की बबार्दी क्यों की जा रही है? बीसीसीएल द्वारा अपनी झोली भरने की लालसा में धार्मिक स्थल को साजिश के तहत हटाया जा रहा है, ताकि आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा ओपनकास्ट के जरिए कोयला निकाला जा सके। कोयले निकालने की होड़ में आउटसोर्सिंग कंपनी कब्रिस्तान को तहस-नहस कर रही है। यहां के लोगों के जेहन में अब यह सवाल खड़ा हो रहा है कि बरारी कब्रिस्तान को कैसे बचाया जाये? अस्तित्व के खतरे को देख लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण सलीम आजाद के नेतृत्व में लोग आन्दोलन की बात कर रहे हैं। सलीम आजाद ने कहा का कब्रिस्तान सदियों पुराना है। पहले हजारो की संख्या में यहां मुस्लिम समुदाय के लोग रहते थे, परन्तु अब बीसीसीएल प्रबंधन के डर से संख्या ईम हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हमलोगों के पूर्वज यहां पर दफन हैं। पर्व-त्यौहार में उन्हें याद करने जाते हैं, परन्तु हालत अब ऐसी हो गयी है कि कब्रिस्तान जाने में खतरा बना रहता है। कारण कि सैंकड़ों फिट उंचे ओबी का मलबा लगातार इस ओर आउटसोर्सिंग कम्पनी द्वारा गिराया जा रहा है।

# आउटसोर्सिंग परियोजना में दुर्घटना मामले में पुलिस ने की जांच

दबंग हिंद संवाददाता

**जोड़ापोखर।** बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र के बरारी में संचालित सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना के मलबा की चपेट में आने से दो माह पहले घायल हुए युवक अखिलेश कुमार के मामले में जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने मामला दर्ज करने के बाद आज घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ने पांच नंबर धौड़ा के समीप की जा रही ओबी डंपिंग तथा परियोजना क्षेत्र में नागरिकों के सुरक्षात्मक पहलुओं को लेकर जायजा लिया। ज्ञातव्य हो कि बरारी में संचालित आउटसोर्सिंग परियोजना एवं उसका मलबा डंपिंग का स्थल बरारी, शराफतपुर, बागडिगी कोलियरी, पांच नंबर धौडा, मोदीभीट्टा, छह नंबर धौडा, बाजार धौड़ा, बरारी एक नंबर, छाता धौड़ा आदि मुहल्ले के बीच में है। परियोजना चलाने तथा ओबी डंपिंग को आउटसोर्सिंग प्रबंधन को बीसीसीएल की ओर से पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं कराने के चलते आस-पास क्षेत्रों में ही परियोजना के मलबा

की डंपिंग की जा रही है। बगैर सुरक्षा घेरा के परियोजना का विस्तारीकरण करने तथा ओबी डंपिंग किये जाने से अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसी क्रम में दो माह पहले बरारी पांच नंबर धौड़ा के समीप जंगल में गाय चराने गये अखिलेश कुमार मलबा डंपिंग की चपेट में आ गया, जिसमें उसका एक पैर पूरी तरह कटकर अलग हो गया था। निरीक्षण के दौरान पीड़ित अखिलेश की मां और भाई शैलेश ने थाना प्रभारी को बताया कि घटना के बाद आउटसोर्सिंग एवं परियोजना के अधिकारियों द्वारा घायल अखिलेश का समुचित इलाज कराने, उसे कृत्रिम पैर लगाने, नियोजन के तौर पर हर माह आठ हजार वेतन देने एवं इलाज के उपरांत समुचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया था। घटना के दो माह बीत जाने के बाद प्रबंधन द्वारा मुआवजा व सुविधा देने को लेकर टालमटोल करते हुए देने से इनकार किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। मालूम हो कि बरारी क्षेत्र में आधा दर्जन मुहल्ले के बीच बिना सुरक्षा मानक सुनिश्चित किये उत्खनन परियोजना में खनन तथा ओबी डंपिंग करना कानूनी तौर पर गलत है। प्रबंधन को सुरक्षा मानकों की व्यवस्था कर उत्खनन कार्य करने को कहा जाएगा। विधि-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## डीवीसी पेंशनर्स समाज की कमेटी गठित

दबंग हिंद संवाददाता

**मैथन।** डीवीसी पेंशनर्स समाज की मैथन शाखा की वार्षिक आमसभा में रुद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष और कैलाशपति महतो सचिव चुने गये। बुधवार को कमलेश कुमार बनर्जी की अध्यक्षता में आयोजित वार्षिक आमसभा में नई कार्यकारिणी समिति का गठन सर्वसम्मति से हुआ। समाज के महासचिव द्वारिका प्रसाद की उपस्थिति में समिति के पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इनमें अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र कुम्भकार एवं राम रतन मंडल, सचिव कैलाशपति महतो, संयुक्त सचिव स्वपन कुमार दत्ता, सह-सचिवः शशि कांत मनहर, कोषाध्यक्ष शिवाकांत सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्यों में नरेंद्र कुमार तांती, असीम चक्रवर्ती, प्रह्लाद चन्द्र तिवारी, श्रवण प्रसाद, उज्जवल घटक, सुभाष चन्द्र अड्डी, रामदयाल राम शामिल हैं। इन्द्रजीत सिन्हा सांस्कृतिक सलाहकार चुने गये।

# बांग्लादेश पर एक्शन ले मोदी सरकार : दिलीप सिंह

दबंग हिंद संवाददाता

**धनबाद।** समाजसेवी दिलीप सिंह ने कहा है कि बांग्लादेश में हिंदुओं, इस्कॉन संस्था एवं उसके अनुयायियों पर चरमपंथियों द्वारा किये जा रहे हमले निंदनीय हैं। भारत सरकार द्वारा इसपर हस्तक्षेप करते हुए कठोर कदम उठाने की जरूरत है। भारत सरकार तुरंत हस्तक्षेप कर स्वामी चिन्मय कृष्णदास ब्रह्मचारी की बिना शर्त रिहाई सुनिश्चित करे और बांग्लादेश सरकार को अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए बाध्य करे। बांग्लादेश में हिंदू समाज पिछले कई दशकों से धार्मिक अत्याचार, मंदिरों पर हमले, महिलाओं पर अत्याचार और संपत्तियों की लूट का सामना कर रहे हैं। स्वामी चिन्मय कृष्णदास ब्रह्मचारी ने अन्याय का विरोध करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों की मांग की। उनकी गिरफ्तारी ने बांग्लादेश के हिंदुओं के धार्मिक स्वतंत्रता को गंभीर खतरे में डाल दिया है। उक्त बातें दिलीप सिंह ने आज बांग्लादेश में हिन्दु, सिख,जैन एवं बौद्धों पर हो रहे हमले के विरुद्ध आयोजित धरना-प्रदर्शन व पदयात्रा के दौरान कही। विरोध मार्च में तमाम हिन्दू संगठनों के लोग रणधीर वर्मा चौक पर एकजुट हुए एवं बांग्लादेश सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। भगवा झंडा लिये प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी की। मालूम हो कि बांग्लादेश में बीते कुछ महीनों में सियासी उठापटक और तख्ता पलट के बीच हिंदुओं को शिकार बनाते हुए हिंसा की जा रही है। इस दौरान हिन्दुओं पर हमले हुए और मंदिरों को निशाना बनाया गया। बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हुई हिंसा को लेकर हिन्दू समुदाय में खासी नाराजगी और आक्रोश है। सैकड़ों लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और कत्लेआम के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत रणधीर वर्मा चौक से डीसी कार्यालय तक पदयात्रा हुई।

# 52 वर्ष का हुआ गिरिडीह जिला, 4 दिसम्बर 1972 को बना था गिरिडीह

दबंग हिंद संवाददाता

**गिरिडीह।** 4 दिसम्बर 2024 को गिरिडीह 52 वर्ष का हो गया। गिरिडीह जिला 4 दिसम्बर 1972 को हजारीबाग जिला के विभाजन पर बना था। उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल के लगभग मध्य भाग में गिरिडीह स्थित है। इसके उत्तर में बिहार के जमुई और नवादा जिला, पूर्व में देवधर और जामताड़ा, दक्षिण में धनबाद और बोकारो तथा पश्चिम में हजारीबाग एवं कोडरमा जिले हैं। गिरिडीह जिला 4853.56 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। गिरिडीह पहले हजारीबाग जिले का हिस्सा था। शहर छोटानागपुर पठार में स्थित है। पूरा क्षेत्र घने वन, वनस्पति और पहाड़ी तलों से ढंका हुआ है। यह क्षेत्र कई जनजातीय समुदायों के अधीन था। आजादी से पहले क्षेत्र हजारीबाग का हिस्सा था। मुंडा इस जनजातीय भूमि के पारंपरिक शासक थे। 1556 एडी में मुगल सम्राट अकबर के सत्ता में आने तक यह भूमि अनदेखी बनी रही। अकबर के उत्तराधिकार के बाद यह क्षेत्र मुगल साम्राज्य का हिस्सा बन गया। पूरे झारखंड के साथ हजारीबाग को खुखरा कहा जाता था। बाद में 18वीं शताब्दी की शुरूआत में इस क्षेत्र को हजारीबाग के ब्रिटिश नियंत्रित जिले में शामिल किया गया था। यह शहर लंबे समय से ब्रिटिश शासन के तहत दक्षिण-पश्चिम फ्रंटियर एजेंसी का हिस्सा रहा। बाद में 1854 में दक्षिण-पश्चिम फ्रंटियर एजेंसी को छोटा नागपुर में बदल दिया गया। हालांकि वर्तमान

समय में गिरिडीह शहर को राज्य के अलगाव से पहले बिहार सरकार द्वारा विकसित किया गया था। गिरिडीह घने जंगल से घिरा हुआ है और केंद्रीय व निचले पठार पर स्थित है। गिरिडीह के क्षेत्र का पश्चिमी हिस्सा केंद्रीय पठार पर स्थित है। निचले पठार में 1300 फीट की औसत ऊंचाई के साथ सतह को अपनाने वाली सतह शामिल है। निचले पठार का उत्तरी भाग मुख्य रूप से टेबल भूमि के लिए जाना जाता है, जो पठार को 1300 फीट की ऊंचाई पर बनाये रखता है। यहां औसत ऊंचाई 700 फीट है। यह क्षेत्र घने वनस्पति से ढंका हुआ है। खासकर साल और सागवान के जंगल हैं। अन्य सामान्य पायी जाने वाली प्रजातियां सिमुल, बांस, पला, महुआ, कुसुम, आसन पियर, केंड और भल्वा हैं। बराकर और सकरी नदियां गिरिडीह होकर बहती हैं और इस क्षेत्र की जैव विविधता में अत्यधिक योगदान देती हैं। गिरिडीह खनिज से समृद्ध क्षेत्र है और सबसे अच्छी गुणवत्ता की कोयला खानें यहां मौजूद हैं। खनिज समृद्ध भूमि में अबरख की उच्च उपलब्धता है। तिसरी और गांव प्रखण्ड लौह अयस्क और खनिजों से समृद्ध है, जिसका उपयोग भारत सरकार द्वारा किया जाता है। क्षेत्र में जलवायु की स्थिति आम तौर पर शुष्क रहती है। इस क्षेत्र में खर्च करने का सबसे सुखद समय सर्दियों के दौरान होता है। ग्रीष्म ऋतु मुख्य रूप से गर्म और आर्द्र रहती है। मई महीने के दौरान, कभी-कभी तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। क्षेत्र जून के महीने के दौरान मानसून का अनुभव करता है। यह क्षेत्र प्रकृति की गोद में स्थित है, जो आगंतुकों के लिए कई दर्शनीय स्थलों का भ्रमण विकल्प प्रदान करता है। यह क्षेत्र कई आकर्षक प्राकृतिक स्थलों के साथ बिखरा हुआ है तथा कई भक्ति स्थानों का केंद्र भी है, जहां सालों भर तीर्थयात्रियों का तांता लगा रहता है। शहर में जाने के लिए कुछ लोकप्रिय स्थान हैं। इनमें श्री सम्मेद शिखरजी (परसनाथ हिल्स), लंगटा बाबा का समाधि स्थल, उसरी वाटर फॉल, खंडोली डैम, हरिहर धाम, दुखिया महादेव मंदिर, झारखंड धाम, श्री कबीर ज्ञान मंदिर, जलीय सूर्य मंदिर, साई मंदिर आदि हैं।

## एक नजर

### सनातन धर्म जागरण समिति ने जुलूस निकाल दिया धरना

दबंग हिंद संवाददाता

**धनबाद।** बांग्लादेश में सनातनियों पर लगातार हो रहे अत्याचार के खिलाफ सनातन धर्म जागरण समिति द्वारा आज रणधीर वर्मा चौक, धनबाद में आयोजित पदयात्रा व धरना में झरिया विधायक रागनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, भाजपा नेत्री तारा देवी व अन्य शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि बांग्लादेश में सनातनी समाज के हिन्दू, सिक्ख, जैन, बौद्ध और मठ-मंदिरों पर हो रहे बर्बरतापूर्ण हमले के खिलाफ आज सनातन धर्म जागरण समिति द्वारा रणधीर वर्मा चौक में धरना दिया गया। बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर के धर्मगुरु की रिहाई तथा बांग्लादेश सरकार से सनातनियों पर हो रहे हमले को रोकने की मांग की गयी। मौके पर शेखर सिंह, बेंगू ठाकुर सहित काफी संख्या में हिन्दू समाज व संगठन के लोग शामिल थे।

### सेवानिवृत बीसीसीएल कर्मियों को दी गयी विदाई

दबंग हिंद संवाददाता

**भौंरा।** बीसीसीएल के पूर्वी झरिया क्षेत्रीय कार्यालय में आज सेवानिवृत कर्मचारियों को विदाई दी गयी। कार्मिक प्रबंधक संजय कुमार ने सेवानिवृत कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आज आपलोगों के कारण ही कंपनी मुनाफे में जा रही है, पर कंपनी के नियम अनुसार एक समय सभी को सेवानिवृत होना पड़ता है। कर्मचारी हो या अधिकारी उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सेवानिवृत होने पर हमें कंपनी मोटी रकम के साथ पेंशन देती है, जिसे हमें संभाल कर रखना चाहिए, ताकि आगे का जीवन सुख में बीते। इनकी कमी कंपनी को हमेशा खलेगी। सेवानिवृत कर्मचारियों की लंबी उम्र एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर संजय कुमार, कार्मिक प्रबंधक प्रशासन अभिषेक झा, मुकेश ठाकुर आदि उपस्थित थे। सेवानिवृत कर्मचारियों को कंपनी की तरफ से शॉल, घड़ी, अटैची तथा सेवानिवृत्ति का सर्टिफिकेट दिया गया।

### टेनिस बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन

दबंग हिंद संवाददाता

**पुटकी।** केन्दुआ स्थित बीसीसीएल के हिंदी भवन के पीछे स्थित मैदान में केसीसी क्लब द्वारा सिक्स ओवर के टेनिस बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने फीता काटकर टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। श्री सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कहा कि खेल भावना के साथ खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि खेल से शरीर और मन स्वस्थ रहता है। उन्होंने टूनार्मेंट के आयोजन को लेकर आयोजकों की प्रशंसा की। मौके पर मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुशील कुमार, सदस्य अजय पासवान, प्रवीण व अन्य उपस्थित थे।

### डीवीसी कामगार यूनियन को चुनाव में मिली मान्यता

दबंग हिंद संवाददाता

**मैथन।** डीवीसी की ट्रेड यूनियन के चुनाव में कामगार संघ मान्यता प्राप्त यूनियन के रूप में उभर कर सामने आयी है।आज कोलकाता स्थित मुख्यालय एवं मैथन परियोजना में मतपत्रों की गिनती के अनुसार 2618 वोट डाले गये, जिसमें कामगार संघ ने 1319 मत पाकर मान्याता प्राप्त होने का गौरव हासिल काया। श्रमिक यूनियन ने 738 मतों के साथ दूसरा स्थान और 237 मतों के साथ मजदूर संघ ने तीसरा स्थान, 199 मतों के साथ डीवीसी स्टाफ एसोसियेशन ने चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि 73 मतों के साथ डीवीसी कर्मचारी संघ ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। 52 मत के साथ हिंद मजदूर किसान यूनियन ने छठा स्थान प्राप्त किया। मतों की गिनती के समय कामगार संघ के प्रतिनिधि के रूप में सत्यनारायण गोराईं उपस्थित थे, जबकि डीवीसी कर्मचारी संघ की तरफ से गुरु प्रकाश मिश्रा तथा डीवीसी मजदूर संघ के प्रतिनिधि मदन कुमार उपस्थित थे।

### किड्स केयर में क्विज प्रतियोगिता संपन्न

दबंग हिंद संवाददाता

**धनबाद।** किड्स केयर में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शॉर्टलिस्ट छात्रों के बीच प्रतियोगिता का फाइनल हुआ। प्रतिभागियों को दो समूह ए और बी में विभाजित किया गया था। कक्षा क्कसे क्श तक जूनियर ग्रुप था। ग्रुप ए के छात्र अयांश सिंह, आरव चौबे, सिद्धार्थ कात्यायन, मानिया चक्रवर्ती और सूर्यदीप सरकार तथा ग्रुप बी में पीहू कुमारी, नमन जेठवा, आरव रजक, शिवा सोनकर और आकृति सिंह शामिल थी। विजेता ए सीनियर ग्रुप में कक्षा श से श'' तक के छात्र थे। ग्रुप ए के छात्रों में कायनात माहताब, राफिया अंजुम, जिया बर्मन और अर्पिता सोनकर तथा ग्रुप बी में उमंग केशरी, वार्शिके राज, शिवम महतो व अनमोल बर्मन शामिल थे। विजेता ग्रुप बी बना। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका बुलन, सोमेन, निर्मल, रथीन्द्र,ज्योति, शिवज, रश्मि, आकांक्षा, काजल आदि उपस्थित थे।

### धनबाद में पहली बार स्पाइन सर्जरी से निकाला गया ट्यूमर

दबंग हिंद संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के एसएनएमएमसीए में पहली बार एक महिला की स्पाइन सर्जरी कर ट्यूमर निकाला गया। इसके लिए मरीज को पेट के बल लिटाकर एनेस्थीसिया दिया गया। इसके बाद सर्जरी की गयी। उक्त जानकारी अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में दी गयी। प्राचार्य डॉ केके लाल ने बताया कि यह सर्जरी इस अस्पताल और यहां के डॉक्टरों के लिए बड़ी कामयाबी है। यह सभी विभागों के सहयोग से संभव हो पाया। मालूम हो कि विगत 14 नवंबर से सुपर स्पेशलिटी के दो विभाग नई सर्जरी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी का ओपीडी चल रहा है। साथ ही यहां पर सफल स्पाइन सर्जरी करना बड़ी उपलब्धि है। उम्मीद है कि नए साल में अस्पताल में यह सेवा पूरी तरह से शुरू हो जाएगी। आथोर्पेडिक्स डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ डीपी भूषण ने कहा कि ट्यूमर के कारण महिला के दोनों पैर काम नहीं कर रहे थे। जांच में इसका पता चलने के बाद सर्जरी का निर्णय लिया गया। प्राइवेट अस्पतालों में इस सर्जरी पर तीन से पांच लाख रुपये खर्च हो जाते, लेकिन यहां आयुष्मान के माध्यम से यह मात्र 68 हजार के पैकेज में सर्जरी की गयी। सर्जरी के बाद महिला की स्थिति में काफी सुधार हो रहा है। उसका एक पैर काम करने लगा है। आगामी तीन से छह महीनों के भीतर दोनों पैर पूरी तरह से काम करने लगेंगे। मेडिसिन के एचओडी डॉ यूके ओझा ने कहा कि मरीज पहले मेडिसिन विभाग में पैर में कमजोरी की शिकायत लेकर पहुंची थी। लगभग चार महीने से उसका चलना मुश्किल हो गया था। काफी मशक्कत के बाद परिजनों को सर्जरी के लिए राजी किया गया। मौके पर सर्जरी के एचओडी डॉ डीपी गिंडोरिया, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ एसके वर्मा, आथोर्पेडिक्स विशेषज्ञ डॉ वीपी सिन्हा, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ एसके मंडल, डॉ एसके वर्मा, डॉ सुमन, डॉ विनीत तिग्गा समेत कई डॉक्टर मौजूद थे।

### प्रतिबंधित मांगुर मछली लदे दो ट्रक जब्त

दबंग हिंद संवाददाता

**गिरिडीह।** एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद मांगुर मछली का अवैध करोबार जारी है। डुमरी थाने की पुलिस ने आज कुलगो टोल प्लाजा के पास छापेमारी कर मांगुर मछली लदे दो ट्रकों को जब्त किया। थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने बताया कि मछलियां दो ट्रक पर लोड कर ले जायी जा रही थी। पुलिस ने दोनों ट्रकों को पकड़ लिया। ट्रकों के चालक, खलासी व लेबर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की सूचना जिला मत्स्य विभाग को भी दी गयी है। डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि मछली लदे दोनों ट्रकों को जब्त कर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध कारोबार पर रोक के लिए पुलिस एनएच-19 पर लगातार जांच अभियान चला रही है। क्षेत्र में कोई भी अवैध कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा। अवैध धंधेबाजों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि एनएच के रास्ते प्रतिदिन बंगाल से बिहार की ओर प्रतिबंधित मांगुर मछली लदे दर्जनों ट्रक गुजरते हैं। निमियाघाट के कुछ लोगों द्वारा फर्जी बिल्टी बनाकर प्रतिबंधित मांगुर मछलियों से लदे ट्रकों को पार कराया जाता है।

## बालिका सुधार गृह में यौन शोषण में शामिल दोषियों के विरुद्ध कड़ी कारवाई हो:बिमला

दबंग हिन्द,संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला बीस सूत्री कार्यालय में बालिका सुधार गृह में घटित घटना के मद्देनजर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन उपाध्यक्ष बिमला कुमारी द्वारा किया गया । अपने वक्तव्य में बिमला कुमारी ने कहा कि इस बालिका गृह में यौन शोषण का दुष्प्रचलन विगत कई वर्षों से जारी है ।इस संबंधित मुद्दे पर मैने 16 मार्च 2023 को ही बालिका गृह का जांच किया था और संबंधित रिपोर्ट जिले के उपायुक्त महोदय को सौंपी थी । तत्कालीन जिला प्रशासन ने केवल वार्डन को हटाकर मामले को रफा दफा कर दिया था । इतने समय बाद जब जांच के पश्चात पूरी घटना सामने आई तो इस पूरे घटनाक्रम में तत्कालीन डीडीसी महोदय की भी भूमिका संदिग्ध है । मेरे जांच में उस समय रजिस्टर में अंकित बच्चो की संख्या कम पाई गई थी। पूछे जाने पर टालमटोल जवाब दिया गया था । निश्चित रूप से अगर उस समय ही पूरे प्रकरण की विधिसम्मत जांच की जाती तो हालिया घटित घटना दुबारा घटित नहीं होता । अलग अलग घटनाओं में बच्चियों का लगातार गायब होना बड़े बड़े सफेदपोश और बड़े अधिकारियों की संलिप्तता के बिना संभव नहीं है । आगे सुश्री बिमला कुमारी ने कहा कि एक ओर राज्य सरकार बालिकाओं और महिलाओं के स्वावलंबन हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है वहीं दूसरी ओर बड़े अधिकारी और कुछ सफेदपोश लोग सरकार की छवि के साथ मानवता को शर्मसार कर रहे हैं। आगे उन्होंने मुख्यमंत्री महोदय से कड़ी कारवाई की मांग की है । मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे, पाटन बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# डीसी ने जल जीवन मिशन के तहत कार्यों की समीक्षा की

### छत्तरपुर के सहायक व कनीय अभियंता के वेतन पर रोक, संवेदक को शोकॉज के साथ एकरारनामा रद्द करने पर चर्चा

दबंग हिन्द,संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में जिले में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत निमिया में चल रहे एमवीएस के कार्यों की समीक्षा की।समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने तय अवधिनुसार कार्य नहीं करने को लेकर संबंधित संवेदक को शोकॉज करने की बात कही।समीक्षा के क्रम में पाया गया कि उपरोक्त योजना में कनीय अभियंता व सहायक अभियंता द्वारा भी लापरवाही बरती गयी है,दोनों अभियंताओं द्वारा अपने कार्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया है।उपायुक्त ने दोनों अभियंताओं को भी शोकॉज करने को बात कही।उन्होंने कहा कि इसके बावजूद कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया तो इनके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी। छत्तरपुर के सहायक व कनीय अभियंता के वेतन पर रोक,संवेदक को शोकॉज के साथ एकरारनामा रद्द करने पर चर्चा । बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने छत्तरपुर में भी संचालित एमवीएस स्कीम का रीव्यू किया।इसमें पाया गया कि विभाग द्वारा एकरारनामानुसार कार्य नहीं किया जा रहा है।जांच में संवेदक द्वारा कार्य करने वाले मजदूरों को पेमेंट भी नहीं किया जा रहा है जिसके कारण कार्य लंबित है।इस मामले में भी डीसी ने संवेदक को शोकॉज करने की बात कही साथ ही कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार संवेदक के साथ एकरारनामा रद्द करने पर भी विचार करने की बात कही।इसके अलावे उन्होंने संबंधित सहायक व कनीय अभियंता के वेतन पर रोक लगाने की बात कही।इसी तरह उपायुक्त ने हरिहरगंज, तोलरा,मझिआंव में संचालित मल्टी विलेज स्किम की सभी समीक्षा कर कई बिंदुओं पर निर्देशित किया।मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद,पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता,जिला जन संपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार समेत विभिन्न सहायक व कनीय अभियंता मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आकर 43 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के दो नंबर टाउन निवासी जनार्दन प्रसाद के पुत्र मंटू कुमार उम्र 43 वर्ष की ट्रेन की चपेट में आकर मौतहो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि मंटू कुमार मंद बुद्धि व्यक्ति था। मंगलवार की शाम करीब 4:00 वह अपने घर के पास रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहा था।इसी बीच ट्रेन की चपेट में आकर घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर टिओपी टू प्रभारी अनिल कुमार सिंह, टाइगर मोबाइल के जवान मुकेश कुमार सिंह, सूर्यनाथ सिंह, प्रमोद कुमार, मिथिलेश कुमार, अमित कुमार सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे,राजेश चंद्रवंशी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

## मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, किया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

दबंग हिन्द,संवाददाता

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के सहयोग से प्रवाह ऑर्गनाइजेशन द्वारा चलाई जा रही महिला उन्नयन योजना के तहत चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महिला उन्नयन योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की विशेष कर गर्भवती महिलाओं स्तनपान कराने वाली माता और कुपोषण ग्रस्त महिलाओं व किशोरियों में कुपोषण को लेकर उनमें जागरूकता फैलाना है। बुधवार को उपरोक्त कार्यक्रम के तहत पत्थलगड़ा प्रखंड में संस्था द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ कलीन्द्र साहु व सीओ उदल राम द्वारा संयुक्त रुप से द्वीप प्रजवलन कर किया गया। शिविर में चयनित किशोरी, गर्भवती महिला एवं धात्री माताओं का हीमोग्लोबिन, ग्लूकोज शुगर जांच किया गया। साथ ही लाभुकों को प्रोटीन पाउडर, आयरन, कैल्शियम टैबलेट, फोलिक एसिड, मल्टीविटामिन एंटीऑक्सीडेंट बुखार तथा गैस आदि की दवाइयां मुफ्त में दी गई। शिविर में संस्था की प्रोजेक्ट मैनेजर राखी कुमारी ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण के समय से ही नियमित रूप से डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए और सभी आवश्यक दवाइयों का सेवन करते रहना चाहिए। शिशु को 6 माह तक केवल मां का दूध देना चाहिए, यह बच्चे की इम्यूनिटी को मजबूत करता है। 1000 सुनहरे दिन का पालन करते हुए शिशु के गर्भ से लेकर जन्म के पहले 2 सालों में उचित पोषण और देखभाल सुनिश्चित करना चाहिए।

## पर्यावरणविद ने बर- बधु को पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की दी शुभकामनाएं

दबंग हिन्द,संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची व पतरातु में जन्म उत्सव व शादी समारोह शामिल होकर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद, ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल व पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने पौधरोपण कर नवजात व वर वधु को स्वस्थ व सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के राधेश्याम प्रसाद की धर्मपत्नी जानकी देवी के पौत्री व गिरीश जायसवाल की धर्मपत्नी दीपावली जायसवाल के पुत्री रितुपर्णा एवं मुंबई के बोरीवली वेस्ट निवासी के सनेहल लक्ष्मी राम चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती दीपा चौधरी के पुत्र की शादी में डॉ कौशल , जिला पार्षद अमित, मुखिया पूनम ने वर-वधु को आशीर्वाद स्वरूप हिमाचल के कपूर पौधा देकर उन्हें चिरंजीवी होने की मंगल कामना की। पार्षद अमित ने अपने भांजा व डॉ कौशल व मुखिया पूनम अपने नाती को रांची कोकर निवासी लालमन जायसवाल की धर्मपत्नी शीला जायसवाल के पौत्र और रोहित जायसवाल धर्मपत्नी ज्योति जायसवाल (शिक्षिका)के पुत्र के जन्मोत्सव पर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा रोपण कर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से वे भगवान शिव के समान वृक्ष और ऑक्सीजन के सिलेंडर के समान पौधा लगाया है। इससे बच्चे और बच्चे के पूरे परिवार को हृदय से शुभकामना देता हूं। मौके पर संस्था के सचिव अरविंद जायसवाल संजुक्ता, जायसवाल राहुल जायसवाल, आकाश जायसवाल, विशाल जायसवाल, पिंकी जायसवाल सूरज प्रकाश आर्य, रिंकी आर्य, अस्मिता, जायसवाल सरिता जायसवाल सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार,मुन्ना जायसवाल, निरंजन प्रसाद,राजन जायसवाल सुलेखा देवी,अमरेश जायसवाल, डॉ नीलम जासवाल, रविंदर प्रसाद,रामजी प्रसाद सहित परिवार के कई सदस्य शामिल थे।

## सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में अमानत नदी पर बीयर बनाने की मांग रखा

दबंग हिन्द,संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने आज लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मेदिनीनगर शहर में पेयजल की समस्या के निवारण हेतु कोयल एवं अमानत नदी में दो-तीन जगहों पर बियर बनाने से संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया।श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य शहर मेदिनीनगर है जो कोयल नदी एवं अमानत नदी के तट पर बसा हुआ है और ये दोनों नदी वहाँ के लोगों के लिए लाइफ लाइन है, परंतु दुर्भाग्यवश गर्मी के दिनों में दोनों बिल्कुल सुख जाती है तथा मेदिनीनगर शहर का जल स्तर काफी नीचे चला जाता है जिसके चलते शहर में पाइप के माध्यम से वहाँ के निवासियों को पेयजल उपलब्ध कराना दुष्कर हो जाता है। इतना ही नही वहाँ इतनी प्रचंड गर्मी पड़ती है कि जलस्तर नीचे चले जाने से सारे चापाकल एवं डीप बोरिंग बेकार हो जाते हैं। यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि पलामू जिला Rain Shadow Area में पड़ता है जहाँ पर हर साल पर्याप्त मात्रा में वर्षा नही होती है अतः हमेशा सुखाड़ की स्थिति बनी रहती है साथ ही साथ जलस्तर नीचे चला जाता है जिससे पेयजल का भी संकट उत्पन्न हो जाता है।

## इलेवन ब्रदर एवं साई वाटसन के बीच खेला गया क्रिकेट का महा मुकाबला

दबंग हिन्द,संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान में चतरा जिला क्रिकेट एसोसियेशन के तत्वाधान में साईं वॉटसन बनाम इलेवन ब्रदर चतरा के बीच हुआ महा मुकाबला।जिसमें साईं वॉटसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में सभी विकेट खो कर 182 रन बनाए। टीम के ओर से सर्वाधिक स्कोर उज्जवल ने 30 रन बनाया।राहुल ने 27 रनों का योगदान दिया। इलेवन ब्रदर चतरा की ओर से गेंदबाजी करते हुए रामप्रवेश ने 6 ओवरों में 12 रन देकर 3 विकेट लिए अर्पित ने 2 विकेट, अंकित 2 विकेट, विक्रम 1 व आदिराज ने 1 विकेट लिए और एक विकेट रन आउट के रूप में गिरा। जवाबी पारी खेलने उतरी एलेवेन ब्रदर की टीम ने 29.3 ओवर में 7 विकेट खो कर 183 रनों का लक्ष्य हासिल किया और मैच को जीत लिए। जिसमें सर्वाधिक अर्पित कुमार व जिगर राणा ने 48 रन बनाए। साईं वॉटसन के तरफ से गेंदबाजी करते हुए नितेश ने 2, भरत ने 2, राहुल ने 2 विकेट लिए। मौन ऑफ द मैच अर्पित को दिया गया। अंपायर की भूमिका प्रेम राणा, रिशु कुमार, स्कोर की गुड्डू कुमार ने निभाई। मैच में एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय सिंह, उपाध्यक्ष शुभम सिंह, सचिव मनोज सहाय, सह सचिव आशुतोष, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, मीडिया प्रभारी विपिन सिंह, सदस्य मिथिलेश कुमार राय, राजू यादव, राहुल वर्धन, सुजीत कुमार, संजय सिंह मौजूद थे। बृहस्पतिवार को मैच इलेवन ब्रदर चतरा बनाम पिपरवार जूनियर के बीच खेला जाएगा।

## पत्रकार को पितृशोक, शवयात्रा में उमड़ी भीड़, लोगों ने दी श्रद्धांजली

दबंग हिन्द,संवाददाता

**चतरा/पत्थलगड़ा।** चतरा जिले के पत्थलगडा प्रखंड के बरवाडीह-दुंबी निवासी वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र कुमार तिवारी के पिता लक्ष्मी नारायण तिवारी 89 वर्ष का निधन बीते रात्री हो गया। दिवंगत कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। बुधवार को दुंबी गांव स्थित पंचबहनी नदी घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। दिवंगत क्षेत्र के जाने-माने किसान होने के साथ आजीवन चतरा और हजारीबाग में कांग्रेस पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके पांच पुत्र मिथिलेश तिवारी, गोपाल तिवारी, रामकिशोर तिवारी, राज किशोर तिवारी और सबसे छोटे पत्राकर जितेंद्र तिवारी सभी समाज सेवा व कई पदों पर कार्यरत हैं। निधन की सूचना पर सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास, बीडीओ कलिंद्र साहू, अंचलाधिकारी उदल राम, थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी समेत कई पंचायत प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार व क्षेत्र के व्यवसायी व गणमान्य उनके आवास पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही शोक संतप्त परिजनों को ढाढस बंधाया।दिवंगत के छोटे भाई वासुदेव तिवारी पत्थलगडा के पूर्व मुखिया थे। क्षेत्र के विकास और पत्थलगडा को पहचान दिलाने के लिए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए। ब्राह्मण समाज के काफी संख्या में लोग उनके निधन की खबर सुनकर बरवाडीह स्थित आवास पहुंचे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में विधायक उज्जवल दास समेत भाजपा, कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, जिले के कई पत्रकार और समाजसेवी शामिल हुए।

## कोयल नदी में डूबने से 7 वर्षीय बच्ची की मौत

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कोलहुआ गांव निवासी राजेश भुइयां की पुत्री मीनाक्षी कुमारी उम्र 7 वर्ष की कोयल नदी में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बारे में मृतक के पिता राजेश भुइयां ने बताया कि मंगलवार की दोपहर मीनाक्षी अपने गांव के बच्चों के साथ अपने घर के पास कोयल नदी में नहाने गई थी।इसी बीच कोयल नदी में डूब गई। इसके बाद वहां पर स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन कोयल नदी पहुंचकर मीनाक्षी को नदी से बाहर निकाला।उसके बाद उसे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मीनाक्षी को मृत घोषित कर दिया। वही इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# सैनिक कार्यालय में मनाया गया नौसेना दिवस

दबंग हिन्द,संवाददाता

**हुसैनाबाद ,पलामू।** हुसैनाबाद स्थित पूर्व सैनिक कार्यालय में बुधवार को नौसेना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पण करते हुए राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के साथ की गई। मंच का संचालन हवलदार सुधीर सिंह एवं अध्यक्षता लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक श्री रवि नायक एवं विशिष्ट अतिथि संगठन संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह एवं लोकनाथ केसरी जी रहे । सभी अतिथियों को फुल माला एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया । कार्यक्रम में नौ सेना से सेवानिवृत अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद मौजुद रहे जिन्हें फूल माला एवं अंग वस्त्र से स्वागत किया और सभी ने नौसेना दिवस की उन्हें बधाई दी। स्वागत भाषण में लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने सभी अतिथियों, पुर्व सैनिक , एनसीसी कैडेट एवं स्कूली बच्चों को नौसेना दिवस की बधाई दी । आगे लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने सभी को विस्तार से नौसेना के बारे में बताते हुए इस दिवस की उपलब्धि के बारे में बताया कि 1971 कि भारत पाकिस्तान के युद्ध जो 03 दिसम्बर को पाकिस्तान ने अचानक भारत पर एयर अटेक कर दिया था जिसके जवाबी कार्रवाई में भारतीय नौसेना ने 04 दिसंबर को पाकिस्तान के कराची बेस को आपरेशन ट्राइडेंट के तहत नहस तहस करते हुए नेवल बेस कराची को विध्वंस कर दिया था। इसी दिन के भारतीय नौसेना के पराक्रम और अदम्य साहस के याद गारी में वरिष्ठ अधिकारी के सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया कि प्रती वर्ष 04 दिसम्बर को नौसेना दिवस मनाया जाएगा । विशिष्ट अतिथि कर्नल संजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को इस तरह के कार्यक्रम को और भव्य तरीके से करना चाहिए और सभी स्कूलों के छात्र छात्राओं को ऐसे कार्यक्रमों में शामिल करना चाहिए। जिससे उनके अंदर सैनिक बबने का जज्बा पैदा हो। सभी पूर्व सैनिकों को मिल बैठकर पेंशनर का काम या शिक्षा दीक्षा का काम करते रहने का आग्रह किया है। पूर्व सैनिकों द्वारा हुसैनाबाद क्षेत्र के सभी वर्गों को सहयोग देते रहने का भी बात कही। संगठन के संरक्षक एवं समाज सेवी लोक नाथ केशरी जी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि मैं तो सैनिक नहीं हुं लेकिन सैनिको के साथ रह कर कार्य क्रमों में भाग्य लेना हमारा स्व भाग्य है मैं हमेशा साथ हुं और रहूंगा। मुख्य अतिथि ने रवि नायक ने अनुमंडलीय स्तर पर सैनिक कार्यालय संचालित कर सभी पेंशनरों की समस्यायों का निदान, स्कूली बच्चों को सैन्य संबंधित जानकारी देना काफी सराहनीय कार्य बताया साथ ही उन्होंने कहा कि बैंक के तरफ से जो कुछ भी सहयोग सैनिक कार्यालय के लिए बन सकेगा वो करेंगे । समापन भाषण मे कैप्टन दुखन सिंह ने सभी को धन्यवाद दिया और आगे भी सभी को इसी तरह सहयोग की अपेक्षा की।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैप्टन दुखन सिंह, कैप्टन आर सी मेहता,सुबेदार सतेन्द्र ठाकुर, असफी पाल अक्षय कुमार सिंह, प्रसाद सिंह, सुबेदार राम टहल मेहता, सुमेर सिंह, यदुनंदन ठाकुर, बिगन चौधरी, गौरी शंकर ठाकुर, सत्यनारायण सिंह, के अलावा बक्सी हाई स्कूल के एन सी सी कैडेट, पत्रकार मिडिया कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बंगलादेश हिन्दुओं पर अत्याचार रोके नहीं तो बिजली बंद करें मोदी -रुचिर तिवारी

**दबंग हिन्द ,मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने बंगलादेश में हो रहे हिंदुओं के अत्याचार पर चिंता व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि अत्याचार किसी भी व्यक्ति के द्वारा किसी अन्य प्राणी पर अकारण करना कहीं से भी न्याय संगत नहीं है उसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन होनी चाहिए लेकिन भाजपा के डाल्टनगंज और पार्टी के विधायक और भाजपा के सांसद और नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष जाकर एक लिखित आवेदन देनी चाहिए ताकि बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को रोकने के लिए नरेंद्र मोदी कारवाई कर सके। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व संगठन में बात को रखनी चाहिए और वहां से काम नहीं बनने पर बांग्लादेश को सीधे बिजली एवं अन्य सामग्री जो हिंदुस्तान से जाता है उसे पर रोक लगानी चाहिए हमारे देश का यह दुर्भाग्य है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री एवं उनकी पार्टी के लोग दिन-रात हिंदुओं की रक्षा करने की बात एवं भारत को विश्व गुरु बनाने की बात करने वाले प्रधानमंत्री के देश में बगल के पड़ोसी राज्य के नागरिकों पर अत्याचार हो रहा है वहां पर कार्रवाई करने के बदले यह हिंदुस्तान में सिर्फ हिंदू बचाने का नाटक एवं दिखावा कर रहे हैं जो शर्म की बात है। प्रधानमंत्री के 56 इंच का सीन आज 6 इंच का हो गया है।

### सजा से बचने के लिए अभियुक्त ने किया फांसी लगाकर आत्महत्या



**दबंग हिन्द ,लेस्लीगंज, पलामू।** लेस्लीगंज थानाक्षेत्र के शाहद निवासी धर्मपाल मेहता ने बीती रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।धर्मपाल मेहता सहित कुछ लोगों पर एक दशक पूर्व का एक मुकदमा था जिसमे इनलोगों को सजा हुई थी।इनलोगों ने निचली अदालत के फैसले के विरुद्ध हाईकोर्ट रांची में अपील किया था किन्तु हाईकोर्ट ने भी निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया।केश में नामजद अन्य अभियुक्त ने पहले ही कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था।मृतक धर्मपाल मेहता को आत्मसमर्पण करने की अंतिम तारीख था।यूं कहें सजा से बचने के लिए या आत्मग्लानि से क्षुब्ध धर्मपाल मेहता बीती रात्रि घर से दूर कुन्दरी जंगल मे एक पेड़ के सहारे फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर लिया।धर्मपाल मेहता सामाजिक सरोकार से जुड़े एक प्रतिष्ठित व्यक्ति थे और क्षेत्र में उनकी राजनीतिक पहचान था।

### पंचायत में लंबित 15वीं वित्त की राशि अविलंब करें खर्च: बीडीओ

**दबंग हिन्द ,सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रही योजनाओं की समीक्षा बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद के अध्यक्षता में हुई। बीडीओ ने बैठक में उपस्थित सभी पंचायत के मुखिया एवं कर्मियों को योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि पंचायत में लंबित 15 वीं वित्त की राशि यथाशीघ्र खर्च करने, पीएम आवास एवं अबुआ आवास को तीव्र गति से पूर्ण करने हेतु अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी को स्थल निरीक्षण करते हुए प्रगति तेज करने को कहा। आदिम जनजाति के लिए पीएम जनमन योजना के तहत क्रियान्वित योजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवकों को पंचायत में संचालित योजनाओं का अभिलेख अद्यतन रूप से पंचायत सचिवालय में संधारण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बीडीओ ने कहा कि हर सप्ताह गुरूवार को किसी एक पंचायत में समीक्षा एवं योजनाओं की प्रगति के लिए भ्रमण किया जाएगा। यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई गई तो उनके विरुद्ध उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी। पंचायतो द्वारा 15 वें वित योजना अंतर्गत राशि व्यय नहीं किए जाने पर अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। पीभीटीजी सर्वेक्षण रिपोर्ट अविलंब जमा करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, रिजेक्ट ट्राजैक्शन एवं लंबी पुरानी योजनाओं को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी मुखिया को पीजीसीसी का नियमित बैठक करने धोती, साड़ी-लूंगी वितरण का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। पीएम कुसुम योजना के लाभुकों का सत्यापन करने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना जैसे बीमा योजनाओं से सभी जॉब कार्डधारियों को जोड़ने का निर्देश दिया गया है। मुखिया, पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक से कहा गया कि सभी समन्वय बनाएं रखें और पंचायत सचिवालय निरंतर खुला रहे और वहीं पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे।

### खान सुरक्षा सप्ताह बेहतर कार्य करने वाले आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधक व कामगार हुवे सम्मानित

**दबंग हिन्द ,टंडवा (चतरा)।** बुधवार को टंडवा प्रखंड अंतर्गत आम्रपाली-चंद्रगुप्त कोल परियोजना के साइट आफिस में 67 वां खान सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 4 दिसंबर से 13 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान जीरो एरर को लेकर सूक्ष्मता से मूल्यांकन किया जायेगा। वहीं कार्यक्रम में खान सुरक्षा विभाग से आये वरीय अधिकारियों द्वारा 24 मिलियन टन वार्षिक कोल उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने के बेहद करीब पहुंचे परियोजना प्रबंधन की सराहना किया। वही कोल उत्पादन व संप्रेषण में अहम भूमिका निभाने वाले अंबे, लक्ष्मी माइनिंग व ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के सभी प्रबंधकों को जीएम अमरेश सिंह ने उत्साहवर्धन करते हुवे सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में कस्तूरबा व परियोजना विद्यालय के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक लोक सांस्कृतिक नृत्य की लोगों द्वारा तालियां बजाकर भरपूर सराहना की गई। परियोजना पदाधिकारी मो. अकरम के धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात सुरक्षा अधिकारियों ने व्यू प्वाइंट से खनन क्षेत्र का जायजा लिया। इस अवसर पर डीएमएस इफताब अहमद, सीआर प्रसाद, एसके सिंह, कैलाश पटेल, मोहसिन रजा समेत सीसीएल के तमाम अधिकारी, कामगार व परियोजना से विस्थापित-प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद थे।

### करोड़ों के लागत से टंडवा में बन रहे प्रशिक्षण भवन में बरती जा रही अनियमितता

**दबंग हिन्द ,चतरा।** जिले के टंडवा प्रखंड कार्यालय परिसर समीप करोड़ों के लागत से बनाये जा रहे प्रशिक्षण भवन में भारी अनियमितता बरती जा रही है। विशेष प्रमंडल के द्वारा पांच करोड़ की लागत से यह कार्य कराया जा रहा है। जिसमें संवेदक द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इस कार्य के आड़ में अवैध बालू का विशाल भंडारण भी किया गया है। जबकि अवैध बालू भंडारण और उत्खनन के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने का आदेश भी दिए हैं। इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा खुलेआम भवन निर्माण के आड़ में टंडवा नदी से अवैध खनन कर बालू का भंडारण किया गया है। बताया गया भवन निर्माण में बगैर देखरेख में लोकल ईट व सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है। जो जांच का विषय बना है। समाजसेवी रामदेव पासवान ने भवन निर्माण अनियमितता में विभाग से जांच की मांग की है।

### कस्तूरबा विद्यालय पहुंचे बीडीओ, सीओ व मुखिया, व्यवस्था से संबंधित ली जानकारी, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

**दबंग हिन्द ,पत्थलगडा(चतरा)।** जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड में संचालित कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय में बुधवार को बीडीओ कलीन्द्र साहू, सीओ उदल राम, मुखिया राधिका देवी पहुंचकर व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। इस दौरान सब्जियों में कमियां पाई गई जिसे लेकर प्रबंधन को जमकर फटकार लगाते हुए सुधार करने का निर्देश दिया गया। वार्डन बंटी कुमारी ने पदाधिकारियों को बताया कि विद्यालय प्रांगण में पानी को लेकर एक बोरिंग और एक कुआं है, जिसमें बोरिंग पूरी तरह से खराब हो गया है और कुआं का पानी बच्चियां पीना नहीं चाहती है। पानी को लेकर विद्यालय में विशेष रूप से समस्या बनी हुई है।

# जिले के विकास, सुरक्षा और जनहित के मुद्दों पर विधायकों ने डीसी के साथ की गहन चर्चा

- सदर विधायक प्रदीप प्रसाद बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी एवं मांडू विधायक तिवारी महतो ने किया मुलाकात
- जिले के विकास और जनकल्याण के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय का एक सकारात्मक प्रयास थी
- जनता की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं हमारी प्राथमिकता हैं : सदर विधायक प्रदीप प्रसाद

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बड़कागांव।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने बुधवार को उपायुक्त डीसी से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक के दौरान जिले में बढ़ रहे अपराध, विकास परियोजनाओं की प्रगति, और क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर गहन चर्चा की गई। सभी विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं और समाधान के लिए संभावित योजनाओं पर सुझाव दिए। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को उन्नत बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज जिले का प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान है। इसे बेहतर चिकित्सा उपकरणों, पर्याप्त डॉक्टरों और उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित करना हमारी प्राथमिकता है। इससे जिलेवासियों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में देरी और मरीजों को हो रही असुविधा पर चिंता जताई और इसे जल्द ठीक करने की

अपील की साथ ही श्री प्रसाद ने जिले में बढ़ रहे अपराधों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने डीसी से कहा की जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता होनी चाहिए। बढ़ते अपराध न केवल जनता की सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि विकास कार्यों को भी बाधित करते हैं। प्रशासन को अपराध नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। उन्होंने विशेष रूप से महिला सुरक्षा और संगठित अपराधों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार से डीसी के समक्ष रखा। उन्होंने कहा बड़कागांव क्षेत्र में सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी अब भी बड़ी समस्या है। विकास परियोजनाएं धीमी गति से चल रही हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और सिंचाई योजनाओं की धीमी प्रगति पर भी ध्यान दिलाया। श्री चौधरी ने डीसी से आग्रह किया कि विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए।

मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को साझा करते हुए कहा मांडू क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने, कृषि के लिए सिंचाई योजनाओं को बेहतर बनाने और गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं के पलायन पर चिंता व्यक्त की। श्री महतो ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान विकास योजनाओं में प्राथमिकता देकर ही किया जा सकता है।

डीसी नैंसी सहाय ने सभी विधायकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि प्रशासन इन समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कदम उठाएगा। उन्होंने कहा जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने, स्वास्थ्य सुविधाओं को उन्नत करने और विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता देकर योजनाओं को लागू किया जाएगा। यह बैठक जिले के विकास और जनकल्याण के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय का एक सकारात्मक प्रयास थी। सभी विधायकों और प्रशासन ने मिलकर यह संकल्प लिया कि जिले की जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि हमने जिले में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं को उन्नत बनाने पर चर्चा की। जनता की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं हमारी प्राथमिकता हैं। रोशन लाल चौधरी बड़कागांव विधायक ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा की बड़कागांव क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए डीसी से आग्रह किया गया है।

## केवी परमाणु ऊर्जा के पूर्व सीनियर क्लर्क का निधन, शोक की लहर

**जादूगोड़ा ।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के पूर्व सीनियर क्लर्क सामाजिक कार्यकर्ता सिकोरेश गोप का मंगलवार की सुबह निधन हो गया. वह बीमार थे. उन्होंने जमशेदपुर के ब्रह्मानंद अस्पताल में अहले सुबह अंतिम सांस ली. परिजन शव को पैतृक गांव धीरोल ले गए. निधन की खबर सुन पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई. उनके आवास पर शुभचिंतकों की भीड़ जुट गई. अंतिम यात्रा में पूरा गांव उमड़ पड़ा. अंतिम यात्रा में केवी परमाणु ऊर्जा के शिक्षक, यूसील के कई अधिकारी व कर्मचारी, मारवाड़ी सम्मेलन, चैंबर ऑफ कॉमर्स, भारत सेवा श्रम संघ समेत कई संगठनों के लोग शामिल हुए. सिकोरेश गोप अत्यंत ही दयालु स्वभाव के थे.गांव के किसी भी घर में कोई समस्या होने पर वे समाधान के लिए खड़े रहते थे. अपनी जेब से रुपए खर्च कर लोगों की सेवा करते थे. इसमें जाति-धर्म का भेद नहीं करते थे. वे अपने गांव में पिछले 25 वर्षों से लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन करवाते आ रहे थे।

**भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव**

## ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में हुआ आगमन, संस्थान के मुख्य भवन और वर्कशाप का किया निरीक्षण

दबंग हिन्द,संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के सचिव आईएएस अतुल कुमार तिवारी का बुधवार को ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू में आगमन हुआ। इस दौरान जिंदल स्टील एवं पावर प्लांट के हेड सत्येंद्र सिंह ने अतुल कुमार तिवारी को पुष्प गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया। तत्पष्चात छात्र-छात्राओं ने नृत्य एवं स्वागत गान के साथ अतिथि को मुख्य भवन तक ले गये। जहां पर संस्थान के प्राचार्य ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप से झारखण्ड सरकार के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के निदेशक एवं श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा, जिंदल फाउंडेशन पतरातु के रवि निवास, मानव संसाधन विभाग के सतीश कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित थें। इस दौरान सचिव अतुल कुमार तिवारी ने संस्थान के मुख्य भवन तथा वर्कशाप का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होनें संस्थान में उपस्थित वर्कशाप तथा परिसर को देखा एवं प्रशिक्षुओं से बातचीत भी की। इसके बाद उन्होंने संस्थान के लोगो के साथ एक औपचारिक बैठक कर संस्थान के प्राचार्य से संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी ली। मौके पर अतुल कुमार तिवारी ने संस्थान के प्रबंधन को संस्थान में नए व्यवसाय को संचालित करने के लिए क्षेत्रीय निदेशालय (आरडीएसडीई) के प्रमुख क्षेत्रीय निदेशक बीके दुबे एवं कार्यालयाध्यक्ष पीके मडावी से परामर्श कर शीघ्र ही नए व्यवसाय संचालित करने का निर्देश दिया।

## तिलैया जलाशय में मत्स्य अंगुलिका संचयन एवं केज प्रणाली का निरीक्षण

दबंग हिन्द,संवाददाता

**हजारीबाग ।** जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग द्वारा आज 4 दिसंबर को तिलैया जलाशय में मत्स्य अंगुलिका संचयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लोकेश बारंगे, आईएएस, सहायक समाहर्ता की उपस्थिति में कुल 8 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का सफलतापूर्वक संचयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान, लोकेश बारंगे ने केज प्रणाली में मत्स्य पालन का भी निरीक्षण किया। यह प्रणाली जलाशय में मछलियों का पालन नियंत्रित और वैज्ञानिक तरीके से करने के लिए एक आधुनिक तकनीक है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मत्स्यपालकों के प्रयासों की सराहना की और इस तकनीक को और अधिक प्रोत्साहित करने की बात कही।

जिला मत्स्य अधिकारी ने जानकारी दी कि तिलैया जलाशय में मत्स्य अंगुलिका संचयन और केज प्रणाली के माध्यम से मत्स्य उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। इस

पहल से न केवल मत्स्य कृषकों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा। यह कार्यक्रम मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और स्थानीय मत्स्य कृषकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में जिला मत्स्य कार्यालय का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

इस दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी डॉ. रजनी गुप्ता, प्रधान लिपिक संजीव कुमार, प्रवीण किस्पोट्टा, जयंत खलको, संदीप उरांव किसान, राजू निषाद, मो. जसीम, मनोज साव, कल्याण यादव, छोटन भुईयां, संजय कुमार, दीपक कुमार, मुकेश निषाद, मो. मुस्लिम, मुस्ताक मियां, रूबी देवी हेमंती देवी के अलावा कई किसान मौजूद थे।

# गांव में जंगली हांथी ने युवक को रौंद कर किया गंभीर

## बेहतर इलाज हेतु चाईबासा सदर अस्पताल रेफर

दबंग हिन्द,संवाददाता

**चक्रधरपुर ।** जंगली हांथी के हमले से गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को बुधवार सुबह मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. वहां डॉक्टरो ने गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार के बाद वेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चाईबासा रेफर कर दिया गया है. यह घटना विती मंगलवार देर रात लगभग 10 बजे की है. आनंदपुर पोड़ाहाट वनप्रक्षेत्र अंतर्गत बहदा गांव के गंजू टोला में एक जंगली दंतैल हाथी के हमले में गांव के 35 वर्षीय व्यक्ति शंभूनाथ सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया. इस घटना के बारे मिली जानकारी के मुताबिक घटना के वक्त वह गांव के एक अन्य चिलम टोला

के रहने वाले एक साथी के साथ अपने धान के खेत की तरफ जा रहा था. इसी दौरान एक जंगली दंतैल हाथी ने उस पर हमला कर दिया.हमला होता देख उसका साथी वहां से भागने में सफल रहा. जबकि हाथी ने उसे लात मारकर जमीन पर गिरा दिया. और उसे पैरों से कुचल डाला.जिससे उसकी दांये कमर की हड्डी टूट गई. किसी तरह वह हांथी से बचकर सुरक्षित स्थान पर छुप गया था. इस घटना की जानकारी मिलने पर उसके परिवार वालों के साथ गांव वाले ने भी मौके पर पहुंच गए.तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को उठाकर अपने साथ गांव ले आए. वहीं इस घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मियों ने गंभीर रूप से घायल पीड़ित व्यक्ति को इलाज हेतु मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया.साथ ही उसके परिजनों को तत्काल 20,000/- बीस हजार नगद सहायता राशि दी गई.इसके अलावा वन विभाग की ओर से क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि देने एवं वेहतर इलाज कराने का आश्वासन दिया है।

## घर से निकली सारूकुदर सहिया दीदी कौशल्या देवी की लापता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के सारूकुदर की 40 वर्षीय महिला कौशल्या देवी (सहिया दीदी) तीन दिन पूर्व 30 नवंबर को घर निकली थी। लेकिन वह वापस लौट कर घर नहीं आई है। इससे परिजन परेशान हैं। उसके पुत्र अशोक कुमार ने खोजबीन करने को लेकर इसकी सूचना विष्णुगढ़ थाने की पुलिस को दी है। महिला का पता नहीं चल पाया है। वे सहिया दीदी थी। अक्सर सहिया के कार्यों को लेकर घर से बाहर जाना होता था। शनिवार को वह कामकाज पूरा कर शाम घर लौटी। घर लौटने के बाद बाहर निकली। इसके बाद वह घर लौट कर नहीं आई है।

## हुडंगदा के 70 किसानों के बीच चना बीज का हुआ वितरण

दबंग हिन्द,संवाददाता

**चक्रधरपुर/बंदगांव।** हुडंगदा पंचायत के 70 किसानों के बीच चना बीज का वितरण मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई, प्रमुख पीटर घनश्याम तियु एवं मुखिया लक्ष्मी गागराई ने किया. इस मौके पर मिथुन गागराई ने कहा कि बंदगांव प्रखंड के सभी पंचायत में चना बीज का वितरण किया जाएगा. उन्होंने कहा झारखंड सरकार किसानों को खेती करने के लिए हर संभव मदद कर रही है. उन्होंने कहा किसान खेती के कार्य को और बेहतर ढंग से करें उन्हें हर संभव मदद किया जाएगा. उन्होंने कहा खेती के लिए किसानों को कम से कम मूल्य पर कृषि उपकरण भी दी जाएगी. जिससे यहां के किसान खेती कर आत्मनिर्भर बन सके. प्रमुख पीटर घनश्याम तियु ने कहा कि बंदगांव प्रखंड में कृषि की असीम संभावनाएं हैं. जिसको लेकर सरकार की ओर से समय-समय पर कृषि बीच का वितरण

किया जाता है. इसका फायदा सभी किसानों को उठानी चाहिए. उन्होंने कहा आज हुडंगदा पंचायत मे वितरण किया गया है .अन्य पंचायत में भी वितरण की जाएगी. इस मौके पर मुखिया लक्ष्मी गागराई ने कहा कि प्रति किसानों को 10 किलो चना का बीज दिया गया है. किसान बेहतर ढंग से खेती करें उन्हें सभी तरह की सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास की जाएगी.इस अवसर पर प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सदानंद होता,पूर्व मुखिया विजय नाग, अरुण चटर्जी ,प्रकाश कुमार समेत काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 80 मरीजों को प्रदान किया पोषण किट

## तीन चरणों के तहत अब तक 210 टीबी मरीजों को लिया गया है गोद, अधिकतर हो चुके हैं स्वस्थ

दबंग हिन्द,संवाददाता

**बड़कागांव।** गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने तीसरे चरण के तहत छठे और अंतिम कैंप में गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच निःशुल्क पोषण किट वितरित किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन की ओर से वितरित किए गए प्रत्येक किट में च्यवनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग, सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। ह्यप्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजनाह्न के तहत छः महीने के ईलाज के दौरान रोगियों को सभी छः माह पोषक आहार प्रदान किया गया। तीनों चरण के तहत अब तक 210 टीबी मरीजों को गोद लिया जा चुका है, जिनमें से अधिकतर अब स्वस्थ हो चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है इस अवसर पर बड़कागांव स्थित सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के

क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय है। इसके अलावा अदाणी फॉउंडेशन द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग क्षेत्र के मरीजों के लिए आपात परिस्थिति में यह एम्बुलेंस सुविधा त्वरित रूप में उपलब्ध है।

आगे उन्होंने बताया कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से अब तक 210 टीबी के मरीजों को गोद लिया जा चुका है, इनमें से अधिकतर अब तक स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं, नए 80 मरीजों को लगातार छह महीने तक पोषण आहार प्रदान किया गया। अभी इन्हें छठे और आखिरी महीने का किट वितरित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टीबी के ईलाज में अदाणी फॉउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार का लाभ मिल रहा है। यह नेक पहल प्रशंसनीय है।

**लाइलाज नहीं है टीबी की बीमारी, समय पर करवाएं उपचार:** कार्यक्रम के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी, यूएसएड (USAID) के प्रखंड टीबी समन्वयक डॉ अमित त्रिपाठी ने कहा कि मरीजों को दवा के अतिरिक्त पोषण आहार का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए ताकि जल्द से जल्द टीबी को ठीक किया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास से टीबी के मरीजों की संख्या में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका समय पर उपचार करवा लिया जाए तो इससे हमेशा के लिए इससे छुटकारा मिल सकता है।

## एक नजर

### प्रवासी मजदूर का शव पैतृक गांव जोबर फुसरो, माहौल हुआ गमगीन

**विष्णुगढ़।** प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। इसी क्रम में हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत जोबार फुसरो के मजदूर निवासी कोकील महतो के पुत्र सरजू कुमार महतो की तिरुपति जिले में रविवार को दो मंजिले की ऊंचाई पर पाइप सफाई के कार्य के दौरान गिर जाने से मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हैं। गांव वाले भी शोक में हैं। मृतक सरजू कुमार महतो तिरुपति में इलेक्ट्रो स्टील टेस्टिंग के कॉन्ट्रैक्टर राधा रानी इंटरप्राइजेज द्वारा कंपनी में काम करता था। वह घर का एकलौता कमाऊ व्यक्ति था। वहीं इस घटना की सूचना पा कर स्थानीय मुखिया चेतलाल महतो, जिपसदस्य सह जेएलकेएम के केंद्रीय महामंत्री सरयू पटेल, केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, मिडिया प्रभारी जितेन्द्र प्रसाद महतो, आजसू पार्टी के युवा प्रखंड अध्यक्ष सह गिरीडीह सांसद प्रतिनिधि पिंटू कुमार, प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली, मास्टर घनश्याम महतो, नारायण महतो जेएलकेएम विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो, मुकेश कुमार, सिकंदर कुमार यादि ने परिजनों से मिल कर संवेदना प्रकट की है।

### एस० पॉल एकेडमी स्कूल गोविंदपुर में स्वर्गीय शांति देवी का दसवां पुण्यतिथि मनाया गया

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के गोविंदपुर में स्थित एस. पॉल एकेडमी स्कूल गोविंदपुर में पूजनीय माता स्वर्गीय शांति देवी का सोमवार को दसवां पुण्य तिथि विद्यालय प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार महतो ने स्वर्गीय शांति देवी के तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया इसके साथ विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बारी बारी से तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह निदेशक मिथिलेश कुमार ने बताया कि यह विद्यालय का स्थापना इन्हीं के नाम पर रखा गया है और विद्यालय का नाम भी इन्हीं के नाम समर्पित है।आज इन्हीं का आशीर्वाद है की एस.पॉल एकेडमी स्कूल गोविंदपुर का परिवार फल फूल रहा है। इस कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य शांति महतो, महेंद्र प्रसाद महतो, अनिल सर, रंजीव कुमार सिंह, ईश्वर कुमार महतो, रामू सिंह ,छोटू शर्मा, ओमप्रकाश पंडित ,आंचल कुमारी सिंह, मिनहाज अंसारी ,संजय कुमार, सराज अंसारी, बबीता कुमारी, डोली कुमारी, प्रभा कुमारी, शारदा कुमारी, कृति पंडित सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण शिक्षक उपस्थित थे।

### बनगड्डा रेलवे लाइन के समीप अज्ञात युवक का मिला शव, जांच में जुटी भदानीनगर पुलिस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत बनगड्डा स्थित रेलवे लाइन के निकट बुधवार को अज्ञात युवक का शव मिला है। युवक के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान पाये गये हैं। पुलिस ने पंचनामा कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार बनगड्डा पेट्रोल पंप के पीछे रेलवे लाइन स्थित पोल संख्या 110/12 के निकट बुधवार को स्थानीय लोगों ने झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा। युवक ने नीले रंग का जैकेट, टी शर्ट, ब्लैक ट्राउजर पहने हुए है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना भदानीनगर ओपी पुलिस को दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

### एनएमएल पीबी कोल खनन परियोजना में वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह 2024 का शुभारंभ

**बड़कागांव।** NML PB-CMP ने आज वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह 2024 का भव्य शुभारंभ किया, जिसमें अतिथियों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस समारोह की अध्यक्षता श्री फैज तैय्यब, परियोजना प्रमुख (HOP) ने की, साथ ही श्री एस.के. दुबे, महाप्रबंधक (इन्फ्रा), खदान एजेंट, खदान प्रबंधक और अन्य महत्वपूर्ण अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण से हुई, इसके बाद गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़ा गया, जो सप्ताह भर चलने वाले इस उत्सव की शुरूआत को चिह्नित करती है। अपने संबोधन में HOP, श्री फैज तैय्यब और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने खनन कार्यों में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया और यह बल दिया कि, सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करने में हर व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण था 'सुरक्षा रथ' का शुभारंभ, जो एक मोबाइल पहल है, जिसका उद्देश्य खदानों में सुरक्षा जागरूकता फैलाना और सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना है। यह पहल कर्मचारियों और श्रमिकों तक पहुंचेगी और कार्यस्थल में सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करेगी। यह उद्घाटन वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत को चिह्नित करता है, जो कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। सप्ताह भर चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित और प्रेरित किया जाएगा। PB-CMP उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और अपनी सुरक्षा पहलों के माध्यम से कर्मचारियों और अन्य हितधारकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है ।

### जगन्नाथ प्रभु के वार्षिक महानुष्ठान में उमड़े श्रद्धालु

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड के मौदा गांव स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा की तीसरी वर्षगांठ पर चार दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया. महानुष्ठान में ओडिशा के पुरी से पुजारियों की टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अनुष्ठान करा रही है. महानुष्ठान में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है. इसमें कई गांवों के लोग भाग ले रहे हैं. इस विशेष अवसर पर जगन्नाथ मंदिर समेत यज्ञ मंडप को भव्य तरीके से सजाया गया है. भगवान के दर्शन के लिए दूर-दराज से लोग पहुंच रहे हैं. चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में गांव के लोग जुटे हुए हैं. बुधवार अहले सुबह से वेद पाठ, सूर्य पूजा, गो-पूजा, हवन, आरती, पुष्पांजलि समेत कई अनुष्ठा हुए. भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन'' गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक : अब्दुल कुद्दुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

# आधुनिक विकास और गंगा के अस्तित्व पर मंडराता संकट

कुमार कृष्णन

**वैज्ञानिक मानते हैं कि इस नदी के जल में बैक्टीरियोफेज नामक विषाणु होते हैं, जो जीवाणुओं व अन्य हानिकारक सूक्ष्मजीवों को जीवित नहीं रहने देते हैं। गंगा की इस असीमित शुद्धिकरण क्षमता और सामाजिक श्रद्धा के बावजूद इसका प्रदूषण रोका नहीं जा सका है। आलम यह है कि इसे रोकने में सरकारी तंत्र का रवैया भी सुस्त है। तभी तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने मौखिक रुप से टिप्पणी करते हुए कहा है कि महाकुंभ मेले में करोड़ों लोग आते हैं, अगर सीवेज के मल-जल को गंगा में गिरने से नहीं रोका गया तो लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होगा।**

भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी गंगा जो भारत और बांग्लादेश में कुल मिलाकर 2510 किमी की दूरी तय करती हुई उत्तराखंड में हिमालय से लेकर बंगाल की खाड़ी के सुंदरवन तक विशाल भू भाग को सींचती है, देश की प्राकृतिक संपदा ही नहीं, जन जन की भावनात्मक आस्था का आधार भी है। 2071 कि.मी तक भारत तथा उसके बाद बांग्लादेश में अपनी लंबी यात्रा करते हुए यह सहायक नदियों के साथ दस लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के अति विशाल उपजाऊ मैदान की रचना करती है। सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण गंगा का यह मैदान अपनी घनी जनसंख्या के कारण भी जाना जाता है। 100 फीट (31 मीटर) की अधिकतम गहराई वाली यह नदी भारत में पवित्र मानी जाती है तथा इसकी उपासना माँ और देवी के रूप में की जाती है। भारतीय पुराण और साहित्य में अपने सौंदर्य और महत्व के कारण बार-बार आदर के साथ वंदित गंगा नदी के प्रति विदेशी साहित्य में भी प्रशंसा और भावुकतापूर्ण वर्णन किए गए हैं।

वैज्ञानिक मानते हैं कि इस नदी के जल में बैक्टीरियोफेज नामक विषाणु होते हैं, जो जीवाणुओं व अन्य हानिकारक सूक्ष्मजीवों को जीवित नहीं रहने देते हैं। गंगा की इस असीमित शुद्धिकरण क्षमता और सामाजिक श्रद्धा के बावजूद इसका प्रदूषण रोका नहीं जा सका है। आलम यह है कि इसे रोकने में सरकारी तंत्र का रवैया भी सुस्त है। तभी तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने मौखिक रुप से टिप्पणी करते हुए कहा है कि महाकुंभ मेले में करोड़ों लोग आते हैं, अगर सीवेज के मल-जल को गंगा में गिरने से नहीं रोका गया तो लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होगा।

गंगा बेसिन का लगभग 79 फीसदी क्षेत्र भारत में है। बेसिन में 11 राज्य शामिल हैं, जैसे उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और दिल्ली। गंगा बेसिन से जुड़े सवालों को लेकर गंगा मुक्ति आंदोलन की ओर से बिहार के मुजफ्फरपुर के चंद्रशेखर भवन, मिठनपुरा में ₹गंगा बेसिन : समस्याएं एवं समाधान₹ विषयक राष्ट्रीय विमर्श में जुटे देश के आठ राज्यों और नेपाल के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर गंगा के सवाल पर देशव्यापी अभियान चलाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय विमर्श के केन्द्र में नदियों का गाद से पेट भरना, प्रदूषण (औद्योगिक और नगरीय कचरा) पानी की कमी, बालू उठाव और खनन, नदी की जैव विविधता, ग्लेशियर का पिघलना, जलवायु संकट, कार्बन उत्सर्जन, पारिस्थितिकी असंतुलन, औद्योगिक क्रांति से पनपे विकास की विनाशकारी

अवधारणा और जल जंगल जमीन पर जीने वाले समुदाय का अधिकार रहे। कार्यक्रम में ऑन लाइन जुड़कर आईआईटी कानपुर के प्रो. डॉ.राजीव सिन्हा, बीबीसी के चर्चित पत्रकार रहे राम दत्त त्रिपाठी, पूर्व सांसद एवं चौथी दुनिया के संपादक संतोष भारतीय, बिहार सरकार में अपर मुख्य सचिव रहे व्यास जी एवं विजय प्रकाश, उत्तराखंड के नदी कर्मी सुरेश भाई सहित तमाम लोगों की चिंता इस बात को लेकर रही कि आखिर विनाश का खेल कब तक जारी रहेगा। उत्तराखंड के सुरेश भाई का कहना था कि मध्य हिमालय में स्थित गौमुख ग्लेशियर में हो रहे बदलाव को समझना बहुत जरूरी है। समय रहते यदि इसके चारों ओर के पर्यावरण संरक्षण और संयमित विकास पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में बहुत बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उत्तराखंड में गंगा के उद्गम आपदा और जलवायु परिवर्तन के चलते बुरी तरह प्रभावित हैं। इस भयानक स्थिति के बाद भी गंगा की एक महत्वपूर्ण धारा भागीरथी के उद्गम से ही गंगा की निर्मलता को लेकर एनजीटी ने बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। दूसरी बात है कि भागीरथी के उद्गम में लाखों देवदार के पेड़ों पर संकट की तलवार लटक रही है। यहां चौड़ी सड़क बनाने के लिए घने देवदार के जंगल को काटने की तैयारी चल रही है। इस विषय को तो राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा बनाया जाना ही चाहिए और एक बार फिर देशवासी उद्गम से लेकर देश में जहां-जहां से गंगा बह रही है उन तमाम राज्यों से हो रहे प्रदूषण, अतिक्रमण, शोषण के खिलाफ एक बार फिर से ₹नदी बचाओ अभियान₹ की तर्ज पर एकत्रित होकर आवाज बुलंद करना चाहिए।

पूर्व सांसद अली अनवर का कहना था कि गंगा का सवाल धार्मिक मामला नहीं है, जिसका राजनीतिक दोहन किया जा रहा है, बल्कि यह सांस्कृतिक मामला है। धार्मिक भावनाओं का शोषण करने के लिए राजनीतिक दल के लोग तरह-तरह की बातें करते हैं। नमामि गंगे योजना के नाम पर पिछले 10 साल से लूट मची है। यह योजना एक तरह से फेल है। पैसे भ्रष्टाचारियों व ठेकेदारों की जेब में जा रहे हैं। यकीनन यह सब गंगा को मारने की योजना है। विकास का विद्रूप चेहरा जो सभ्यता और संस्कृति की पावन धारा में सड़ांध पैदा करने से बाज नहीं आता। इस विकास का लक्ष्य गंगा की पवित्रता और अविरलता सुनिश्चित करना नहीं है, बल्कि इसकी निगाहें गंगा सफाई के लिए आवंटित बजट की बंदरबांट पर ही ज्यादा टिकी है।

गंगा एक संस्कृति का नाम हैं इसलिए गंगा की लड़ाई संस्कृति बचाने की लड़ाई हैं। गंगा मुक्ति आंदोलन के संस्थापक अनिल प्रकाश कहते हैं कि गंगा की हत्यारी आधुनिक विकास की नीति हैं। दिल्ली के पत्रकार प्रसून लतांत कहते हैं कि योजनाएं जब तक जनता की अपेक्षा के प्रतिकूल होगी तो यही होगा। गंगा या नदी घाटी की सभ्यता को बचाने के प्रयास तभी सार्थक होंगे, जब गंगा पर आश्रित समुदाय से विमर्श कर योजनाएं बने। मधुपुर झारखंड़ के पर्यावरणविद सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम जी की चिंता बांधों को लेकर है, उनके अनुसार अमेरिका के केनंसी वैली के तर्ज पर कोलकाता बंदरगाह को साफ करने के लिए दामोदर को बांधा गया, तत्पश्चात फरक्का बराज बनाया गया। फरक्का बराज का विरोध उस वक्त इंजीनियर कपिल भट्टाचार्य ने किया था। गंगा मुक्ति आंदोलन के प्रणेता अनिल प्रकाश ने गंगा समेत अन्य नदियों को दोहन से बचाने के लिए बड़े आंदोलन का आह्वान किया साथ ही कहा कि जब दूसरे देश में बांध तोड़े जा रहे हैं, तब वहीं आज भारत में विश्व बैंक से कर्ज लेकर बांध पर बांध बनने को हरी झंडी दी जा रही है। इसके मूल में राजनेता, नौकरशाही और ठेकेदारों का गठजोड़ है। सारा खेल कमीशन का है। इसके कारण पूरी व्यवस्था भ्रष्टाचार में लिप्त है। क्या कारण है कि बांधों के सवाल पर सरकारी कमेटी में शामिल विशेषज्ञों की राय को नजर अंदाज किया जा रहा है।

कार्यक्रम में राजस्थान महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, भागलपुर, कहलगांव एवं नेपाल के दर्जनों ऐसे लोग शामिल हुए, जो पर्यावरण, नदी, जल-जंगल-जमीन को लेकर काम कर रहे हैं। इस मौके पर वीरेंद्र क्रांति वीर, हेमलता महस्के, अखिलेश कुमार, कृष्ण कुमार माढ़ी, आदित्य सुमन, गणेश, राजा राम सहनी, चंदेश्वर राम, बागमती संघर्ष मोर्चा से नवल किशोर सिंह, ठाकुर देवेंद्र, डॉ संतोष सारंग, जगरनाथ पासवान, राम एकबाल राय, अरविंद, कृष्णा प्रसाद, डॉ नवीन झा, श्याम नारायण यादव, राजीव, शाहिद कमाल ने शिरकत की। साथ ही फैसला लिया गया कि 22 फरवरी 2025 को गंगा मुक्ति आंदोलन के वर्षगांठ पर कागजी टोला कहलगांव, भागलपुर में पुनः देश भर से परिवर्तनवादी जुटेंगे और आगे की योजना बनाएंगे। गंगा मुक्ति आंदोलन ने कई मुद्दों के साथ बिहार की नदियों में फ्री फिशिंग एक्ट बनाने के आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया है। 1990 में बिहार सरकार ने पारंपरिक मछुआरों को नदी में निःशुल्क मछली पकड़ने का अधिकार दिया था, जिसे छल और फरेब से अब शिथिल किया जा रहा है। बिहार में अभी स्पेशल जमीन सर्वे भी चल रहा है। नदियों की जमीन का सीमांकन (चौहद्दी ) और रकबा निर्धारित करने को लेकर अभियान चलाने की बात कही गयी। इसके साथ ही संकल्प लिया गया कि गंगा की अविरलता और निर्मलता बहाली के लिए, गाद के स्वाभाविक निदान के लिए फरक्का बराज को खोलने सहित सभी बांध बराज तटबंध को खत्म कर नदियों की प्राकृतिक अवस्था बहाल करने और किसी भी प्रकार का प्रकृति के साथ छेड़छाड़ न करने के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

## संपादकीय

# सरकार की असफलता

बांग्लादेश में हिन्दू और अल्पसंख्यकों का विश्वास अर्जित करने में असफल रहने के कारण वहां की नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद युनूस की अंतिम सरकार की विश्वसनीयता पर खरोचें आ सकती हैं। तीन महीने पहले अगस्त में छात्रों के उग्र और हिंसक आंदोलन के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपना पद छोड़कर भारत निर्वासित होना पड़ा था। तब मोहम्मद युनूस ने छात्र आंदोलन को 'दूसरे मुक्ति संघर्ष' की संज्ञा दी थी। अगर यह मन भी लिया जाए कि शेख हसीना की सरकार सर्व सत्तावादी और लोकतंत्र को कोई रौंदने वाली थी और छात्रों के हिंसक आंदोलन ने बांग्लादेश में लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने की उम्मीदें जगाई तो दूसरी ओर देश की सांप्रदायिक दरारों को भी उजागर किया। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस ने पिछले तीन महीनों के दौरान राष्ट्रीय एकता, समावेशी सरकार, लोकतंत्र की पुनर्स्थापना आदि बातें की और हिन्दुओं के तोड़े गए उपासना स्थलों, दुकानों और अन्य व्यापारिक संस्थानों का दौरा भी किया। बावजूद इसके हिन्दुओं के घरों पर हमले होते रहे और उन्हें मारा-पीटा जाता रहा। हैरानी की बात है कि मोहम्मद युनूस के हाव-भाव हिन्दुओं को किसी भी तरह आश्वस्त नहीं कर सका। ऐसा प्रतीत होता है कि वह इस्लामी उग्रवादियों के हाथों की कठपुतली बन गए हैं। इस्कॉन के पूर्व सदस्य चिन्मय कृष्ण दास के बाद वहां की सरकार ने दो और हिन्दू साधुओं को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तारियों से जाहिर होता है कि अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न, मुआवजा और उनके पुनर्वास से संबंधित मांगों को लेकर सड़क पर उतरने वाले प्रदर्शनकारियों पर सरकार की सख्ती बढ़ती जा रही है। अल्पसंख्यक पत्रकारों और वकीलों को भी गिरफ्तार किया जा रहा है। भारत सरकार वहां की सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की लगातार मांग कर रही है। ममता बनर्जी ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वहां उत्पीड़ित हिन्दुओं को भारत वापस लाने की अपील की है। शेख हसीना के शासन में अल्पसंख्यक सुरक्षित भले रहे हों, लेकिन उन्होंने सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने का प्रयास नहीं किया। पिछले तीन महीना में अल्पसंख्यकों के विरुद्ध 2000 से ज्यादा हिंसक वारदात हुए हैं। यह जाहिर करता है कि युनूस की सरकार लोगों की जानझमाल की सुरक्षा करने में असफल साबित हो रही है। उन्हें तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि अल्पसंख्यकों में सरकार के प्रति विश्वास का पुनर्निर्माण हो सके।

## चिंतन-मनन

# अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक ?सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है।

कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है।

प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊर्ध्व र लगे, ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।

# मानव जनसंख्या की वृद्धि आवश्यक है

संजय गोस्वामी

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदुओं का नाम लिए बिना भारत में उनकी घटती आबादी पर चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि यदि समाज की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 प्रतिशत से कम हो जाये तो समाज को किसी को नष्ट करने की आवश्यकता नहीं है, वह स्वयं ही नष्ट हो जायेगा। इसलिए कम से कम तीन बच्चे पैदा करना जरूरी है। यह कथन सही है क्योंकि आंकड़े बताते हैं प्राकृतिक पर्यावरण अपनी वहन क्षमता के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिस तरह कोरोना और किसी भी रोगो से मृत्यु हुई है उसका जन्म भी होना चाहिए पर्यावरण में जीवन-निर्वाह संसाधन सीमित हैं और व्यक्तिगत प्रजातियों के सदस्यों के लिए अधिक जनसंख्या घनत्व और अन्य प्रजातियों से प्रतिस्पर्धा, अन्य कारकों के अलावा कम हो सकते हैं।

इसके अलावा, प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर और प्रवास सभी खाद्य उपलब्धता, साथी की उपलब्धता और प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं जैसे पर्यावरणीय तनाव कारकों से प्रभावित होते हैं।विश्व की मानव जनसंख्या ने 18वीं शताब्दी से घातीय वृद्धि का अनुभव किया, लेकिन 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से वृद्धि दर में गिरावट आ रही है। हालाँकि देशों के बीच जनसंख्या वृद्धि दर में काफी भिन्नता है और कुछ क्षेत्रों में वृद्धि दर में वृद्धि जारी है, लेकिन समग्र वृद्धि दर घट रही है।नवंबर 2024 में दुनिया की मानव आबादी 8.2 बिलियन तक पहुँच गई और 2080 तक 10.4 बिलियन तक पहुँचने और सदी के अंत तक उस स्तर पर बने रहने का अनुमान है। हालाँकि मानव मृत्यु दर औसतन कम हो रही है, लेकिन घटती जनसंख्या वृद्धि दर का मुख्य कारण कम प्रजनन क्षमता है। प्रजनन व्यवहार पैटर्न के आधार पर प्रजनन क्षमता भिन्न होती है, जो बदले में सांस्कृतिक परंपराओं, सामाजिक आर्थिक स्थितियों, गर्भनिरोधक तक पहुँच और जनसंख्या घनत्व जैसे पारिस्थितिक चर जैसे कारकों पर निर्भर करती है।जनसंख्या वृद्धि, जनसंख्या पारिस्थितिकी में, किसी विशेष समय अवधि के दौरान किसी विशेष स्थान पर किसी निश्चित पौधे या पशु प्रजाति के सदस्यों की संख्या में परिवर्तन। जनसंख्या वृद्धि को प्रभावित करने वाले कारकों में प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर और जानवरों में प्रवास शामिल हैं - यानी किसी विशेष स्थान पर आप्रवास या प्रवास। समय के साथ जनसंख्या में औसत परिवर्तन को जनसंख्या वृद्धि दर कहा जाता है। सकारात्मक वृद्धि दर जनसंख्या वृद्धि को इंगित करती है, और नकारात्मक वृद्धि दर जनसंख्या में कमी को इंगित करती है। किसी दिए गए वातावरण में जनसंख्या की ऊपरी सीमा, जिसे पर्यावरण की वहन क्षमता कहा जाता है, उस जनसंख्या के लिए जीवन-निर्वाह करने वाले संसाधनों की मात्रा और उपलब्धता से निर्धारित होती है।किसी दिए गए स्थान और समय अवधि में जनसंख्या वृद्धि दर की गणना जनसंख्या हानि, या मृत्यु दर और प्रवास की संयुक्त दरों को जनसंख्या लाभ, या प्रजनन क्षमता और आप्रवास की संयुक्त दरों से घटाकर की जा सकती है। प्रजनन क्षमता एक निश्चित पर्यावरणीय परिस्थितियों में एक व्यक्तिगत प्रजाति के सदस्य द्वारा समय अवधि में औसतन पैदा की गई संतानों की संख्या है। प्रजनन क्षमता को प्रजनन क्षमता से भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए - किसी प्रजाति के सदस्य द्वारा किसी निश्चित समय अवधि में पैदा की जा सकने वाली संतानों की सैद्धांतिक अधिकतम संख्या।

जनसंख्या का लिंग अनुपात और आयु संरचना प्रजनन दर को प्रभावित करती है, क्योंकि वे प्रजनन करने में सक्षम व्यक्तियों की संख्या को सीमित करते हैं।जनसंख्या वृद्धि गतिशीलता को एस-आकार के वक्र में ग्राफि क रूप से दशार्या जा सकता है, जिसे लॉजिस्टिक वक्र के रूप में जाना जाता है। लॉजिस्टिक वक्र (दाएं) विकास में प्रारंभिक अंतराल, घातीय वृद्धि का विस्फोट और अंत में जनसंख्या वृद्धि में गिरावट का प्रतिनिधित्व करता है। जब जनसंख्या घनत्व अधिक होता है, तो संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा, शिकार या बीमारी के बढ़ते संक्रमण के कारण मृत्यु दर में वृद्धि होती है, जिसके परिणामस्वरूप वक्र के अंत में वृद्धि में पठार होता है। पर्यावरण में मौसमी विविधताओं के साथ सहसंबंध में जनसंख्या वृद्धि दर में भी उतार-चढ़ाव हो सकता है। उदाहरण के लिए, गहरी झीलों में, वसंत के पिघलने से झील की सतह पर ठंडा, गहरा पानी ऊपर उठता है, जिससे पोषक तत्व निकलते हैं जो फिर शैवाल, बैक्टीरिया और प्रोटोजोआ (पानी का खिलना देखें) सहित प्लवक की वृद्धि में तेजी लाते हैं।विभिन्न प्रजातियों की जनसंख्या वृद्धि शिकारी-शिकार संबंधों द्वारा भी निर्धारित की जा सकती है - उदाहरण के लिए, जूप्लैंकटन (सूक्ष्म जलीय जानवर) की आबादी में वृद्धि के बाद, उनके शैवाल शिकार की आबादी कम हो सकती है या धीमी दर से बढ़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप जनसंख्या पैटर्न में उतार-चढ़ाव होता है, जैसे कि स्नोशू हरे और लिंक्स की आबादी का चक्रीय उतार-चढ़ाव, होते हैं। हाल के दशकों में मनुष्यों में घटती मृत्यु दर ने जनसंख्या की आयु संरचना को बदल दिया है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग के जनसंख्या प्रभाग द्वारा यह भविष्यवाणी की गई है कि 2050 तक दुनिया की 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों की आबादी 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की आबादी से दोगुनी हो जाएगी। इसका मतलब है कि आने वाले दशकों में आनुपातिक रूप से कम लोग प्रजनन आयु के होंगे, जो जनसंख्या वृद्धि में गिरावट में योगदान देगा। वहन क्षमता और घातीय बनाम तार्किक जनसंख्या वृद्धि एक आदर्श वातावरण में (जिसमें कोई सीमित कारक नहीं होते) जनसंख्या घातीय दर से बढ़ती है। इन आबादियों का विकास वक्र चिकना है और समय के साथ तेजी से बढ़ता जाता है (बाएं)। हालांकि, सभी आबादियों के लिए, खाद्य पदार्थों की कमी, अन्य संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा या बीमारी जैसे कारकों के कारण घातीय वृद्धि कम हो जाती है। जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और संसाधन तेजी से दुर्लभ होते जाते हैं, आबादी अपने पर्यावरण की वहन क्षमता (ङ) तक पहुँच जाती है, जिससे उनकी वृद्धि दर लगभग शून्य हो जाती है। यह आबादी वृद्धि का एक र-आकार का वक्र बनाता है जिसे लॉजिस्टिक वक्र के रूप में जाना जाता है।वहन क्षमता, किसी प्रजाति का औसत जनसंख्या घनत्व या जनसंख्या आकार जिसके नीचे उसकी संख्या बढ़ने लगती है और जिसके ऊपर संसाधनों की कमी के कारण उसकी संख्या घटने लगती है। एक आवास में प्रत्येक प्रजाति के लिए वहन क्षमता अलग-अलग होती है क्योंकि उस प्रजाति के विशेष भोजन, आश्रय और सामाजिक आवश्यकताएँ होती हैं। अच्छे स्वास्थ्य की देखभाल भी बहुत महत्वपूर्ण है ।

# ज्वलंत समस्याओं के हल की वाट जोहता देश

डॉ हिदायत अहमद खान

आजादी पूर्व के जननेताओं की राजनीति और वर्तमान राजनीति में जमीन-आसमान का अंतर है। तब देश के ज्यादातर नेता आजादी को मुख्यउद्देश्य मानकर राजनीति करते थे। ऐसा करते हुए हमारे नेतागण तब अंग्रेजी हुकूमत के जुल्मों-सितम का शिकार होते थे, गोलियां खाते थे या फिर जेल जाया करते थे। इससे उलट आज की राजनीति स्वयं व पार्टी के वर्चस्व को कायम रखने पर केंद्रित होती दिखाई देती है। आजादी के 77 वर्ष बाद भी गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य के मामले राजनीतिक रोटियां सेंकने के काम आ रहे हैं। किसान अपने हालात सुधारने जी-जान से प्रयास करते हैं और समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से गुहार भी लगाते हैं। ऐसे में जब उनकी सुनवाई नहीं होती तो वो दिल्ली कूच कर, देश और दुनियां का ध्यान अपनी ओर खींचते नजर आते हैं। मतलब साफ है कि किसानों के मुद्दे पर भी राजनीति होती है और मामला जस का तस खड़ा किसानों को मुंह चिढ़ाता दिखता है। इस सियासी माहौल में मंदिर-मस्जिद मामलों को गरमाने का भी काम बदस्तूर जारी है। उत्तर प्रदेश इसका केंद्र बना हुआ है। अयोध्या राम जन्म भूमि के बाद अब संभल जामा मस्जिद सर्वे पर जो हिंसा हुई है, उसने सभी को हिला कर रख दिया है। इस हिंसा में जहां पांच लोगों ने अपनी जान गंवा दी वहीं शांति बहाली के लिए तैरान पुलिसकर्मी भी बड़ी संख्या में घायल हो गए। हिंसा और पुलिस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनाव और मातम का माहौल होने की बात कही जा रही है। इसी बीच कुछ विपक्षी नेताओं ने संभल जाने और हालात का जायजा लेने के साथ ही दुःखियों के आंसू पोंछने और उन्हें ढांढस बंधाने की बात कही, जिसे सरकार व प्रशासन ने सिरे से खारिज कर दिया। यहां मामले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी संभल जाने के लिए काफिले के साथ निकल पड़ते हैं। ये नेता हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उनके दुःख-दर्द को साझा करना चाहते हैं, उन्हें संबल देना चाहते हैं, लेकिन इससे पहले उनके काफिले को प्रशासन ने गाजीपुर बॉर्डर पर ही रोक दिया। इस पर राजनीति शुरू हो गई जहां एक तरफ राहुल समर्थकों के बयान आए वहीं समाजवादी पार्टी नेता रामगोपाल यादव कहते सुने गए कि कांग्रेस पार्टी संसद में तो संभल मुद्दा उठा नहीं रही है और राहुल गांधी संभल जा रहे हैं, इसे अब क्या कहा जाए? कांग्रेस औपचारिकता निभा रही है और पुलिस उन्हें जाने नहीं देगी। अब इन्हें कौन बताए कि इससे पहले तो खुद समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संभल जाने को आतुर था। सपा अध्यक्ष व सांसद और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल संभल का दौरा करना चाह रहा था, लेकिन वह भी कामयाब नहीं हुआ। इसके बाद अब राहुल और प्रियंका ने यह कदम उठाया है। इस पर कांगेस नेता जयराम रमेश का बयान आता है कि राहुल और प्रियंका को संभल नहीं जाने देना तानाशाही है, जबकि वहां जाना हमारे नेताओं का संवैधानिक अधिकार है। इसी तरह की बात अखिलेश यादव भी कर चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म में एक पोस्ट करते हुए कहा था कि संभल जाने पर प्रतिबंध लगाना भाजपा सरकार के शासन, प्रशासन और सरकारी प्रबंधन की नाकामी है। इस पोस्ट में एक महत्वपूर्ण बात यह कही गई है कि यह प्रतिबंध यदि सरकार उन लोगों पर पहले ही लगा देती, जिन्होंने दंगा-फसाद करवाने का सपना देखा और उन्मादी नारे लगवाए तो संभल में सौहार्द-शांति का वातावरण नहीं बिगड़ता।

वाकई राजनीतिक रोटियां सेंकने की बजाय देशहित में यदि मामलों को शांतिपूर्ण ढंग से हल किया जाता तो न हिंसा होती और न ही किसी को अपनी जान से ही हाथ धोना पड़ता। इस मामले में शासन-प्रशासन फेल रहा है, लेकिन विपक्ष भी इसे लेकर दूध का धुला नहीं कहा जा सकता है। आखिर मामले को विस्फोटक होने तक का इंतजार विपक्ष क्यों करता है? उससे पहले ही शासन-प्रशासन की आंखें खोलने के लिए जिम्मेदारी के साथ फैसले क्यों नहीं लिए जाते हैं और विरोधी कदम क्यों नहीं उठाए जाते हैं। जनहित में मामलों को उठाना और उस पर सार्थक बहस करना और जनता तक ले जाना विपक्ष की जिम्मेदारी होती है। उसे अपने गिरेबान में भी झांकने की जरुरत है। आखिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी जैसे विपक्ष में कितने नेता मौजूद हैं जो बिना स्वंय के लाभ-हानि को देखे, देश की मूल समस्या को हल करने हजारों किलोमीटर का सफर पैदल तय कर रहे हैं। आखिर कब तक मुद्दों को बनाए रखने और राजनीतिक रोटियां सेंके जाने का खेल देश में जारी रहेगा? यह सवाल विचारणीय है, क्योंकि आजादी से पहले जो अमीर-गरीब के बीच खाई मौजूद थी वो आज और भी चौड़ी हो चली है, लेकिन हमारे देश के कर्ता-धताओं को तो वह खाई दिखाई ही नहीं दे रही है। यह वह जख्म है जिसका यदि वक्त रहते इलाज नहीं किया गया तो यह नासूर बन जाएगा। इस पर सबसे पहले ध्यान देने और हल निकालने की आवश्यकता है। ऐसे ही तमाम मुद्दों का हल तलाशा जाना चाहिए। इसके बगैर संसद हो या बाहर ज्वलंत मुद्दे तो उठते ही रहेंगे, लेकिन हल कब निकलेगा यह यक्ष प्रश्न दशकों से अपनी जगह मौजूद है। देशहित में बिना ओछी राजनीति किए इस पर जरुर ध्यान दिया जाना चाहिए, क्योंकि तमाम छोटी-बड़ी समस्याओं का हल इसी में छिपा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइडेन ने विदाई से पहले भारत के साथ जबरदस्त रक्षा डील को दी मंजूरी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने सोमवार को कांग्रेस (अमेरिका की संसद) को अधिसूचित किया कि उसने 'एमएच-60आर मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर इक्यूपमेंट और संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंजूरी देने का फैसला किया है

जिसकी अनुमानित लागत 1.17 अरब अमेरीकी डॉलर है। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने 'कांग्रेस को एक अधिसूचना में बताया कि उपकरणों की बिक्री की प्रस्तावित योजना, भारत की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं का उन्नयन कर वर्तमान और भविष्य के खतरों को रोकने की क्षमता में सुधार करेगी। बाइडेन प्रशासन ने भारत को प्रमुख रक्षा उपकरणों की बिक्री की मंजूरी अपने चार साल के कार्यकाल के पूरा होने से कुछ सप्ताह पहले दी है। पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। अधिसूचना के अनुसार, भारत ने 30 'मल्टीफंक्शनल इन्फॉर्मेशन डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम-जॉइंट टेक्टिकल रेडियो सिस्टम्स (एमआईडीएस-जेटीआरएस) खरीदने का प्रस्ताव रखा है। इस बिक्री में मुख्य रूप से अनुबंध 'लॉकहीड मार्टिन रोटरी और मिशन सिस्टम के साथ होगा। इसमें कहा गया है कि इसके कार्यान्वयन के वास्ते तकनीकी सहायता और प्रबंधन निरीक्षण के लिए अस्थायी आधार पर अमेरिका की सरकार 20 या अनुबंध में शामिल कंपनियों के 25 प्रतिनिधियों की भारत की यात्रा की जरूरत होगी।

### इमरान खान, उनकी पत्नी और 94 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की आतंकवाद निरोधक अदालत ने इमरान खान की पार्टी के समर्थकों द्वारा पिछले सप्ताह इस्लामाबाद में किए गए प्रदर्शन से संबंधित एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और 93 अन्य के खिलाफ सोमवार को गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने 24 नवंबर को देशव्यापी प्रदर्शन के लिए ''अंतिम आह्वान किया था जिसमें उनकी और अन्य नेताओं को रिहा करने, आठ फरवरी के चुनावों में पीटीआई की जीत को मान्यता देने के अलावा 26वें संविधान संशोधन को निरस्त करने की मांग की गई थी। 26वें संविधान संशोधन ने न्यायाधीशों और मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया को बदल दिया था। इस्लामाबाद पुलिस ने इस्लामाबाद स्थित आतंकवाद निरोधक अदालत (एटीसी) में 96 संदिग्धों की सूची सौंपी, जिसमें पार्टी के प्रमुख नेताओं जैसे इमरान खान, बुशरा बीबी, गंडापुर, पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, नेशनल असेंबली के पूर्व अध्यक्ष असद कैसर, पार्टी अध्यक्ष गौहर खान, नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब खान और कई अन्य नेताओं के नाम शामिल था। इस्लामाबाद पुलिस ने अदालत से इन सभी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध किया था।

### पाकिस्तान में खिलौना बम फटने से 2 सगे भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को खिलौना बम फटने से दो सगे भाइयों समेत कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई। यह घटना बन्नू के वजीर उपखंड के जानी खेल इलाके में हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बच्चे मदरसे से घर लौट रहे थे तभी मोर्टार के खोल में विस्फोट हुआ और दो भाइयों समेत तीन छात्रों की मौत हो गई। मोर्टार का खोल एक सुनसान इलाके में पड़ा था। बच्चों ने इसे खिलौना समझकर उठा लिया, जिससे भीषण धमाका हुआ। पूर्व में भी कई बच्चे इस तरह के ''खिलौनों से खेलते समय अपनी जान गंवा चुके हैं। ये 'खिलौने जांच में विस्फोटक उपकरण निकले। इस तरह की घटनाएं ज्यादातर उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में ही सामने आती रही हैं। सोवियत सेना द्वारा 1980 के दशक में पड़ोसी अफगानिस्तान में उनके आक्रमण का विरोध करने वाले लोगों के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए ''खिलौना बम गिराए गए थे।

### इजराइल में मस्जिदों से स्पीकर हटाए जाएंगेपुलिस को स्पीकर जब्त करने का आदेश

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल में मस्जिदों में स्पीकर से अजान पर रोक लगा दी गई है। रक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने पुलिस को मस्जिदों में लगे स्पीकर जब्त करने और शोर करने पर जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, पूर्वी यरुशलम और कई दूसरे इलाकों में मस्जिदों से आने वाले तेज शोर की शिकायत की गई है। स्पीकर बैन की मांग करने वालों का कहना है कि इसकी तेज आवाज से सुबह की नींद में खलल पड़ता है। बेन ग्विर ने पुलिस कमांडरों से कहा- वह जल्द एक बिल पेश करेंगे जो शोर मचाने वाली मस्जिदों पर जुर्माना बढ़ाया जाएगा। कुछ शहरों के मेयर ने कहा- हम बेन ग्विर के इस कदम को मुस्लिमों के खिलाफ उकसावे की कार्रवाई के तौर पर देखते हैं, इससे दंगे फैल सकते हैं।

# चीन की सेना को खोखला कर रहा भ्रष्टाचार ! शी जिनपिंग भी परेशान

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन की सेना में इन दिनों खलबली मची हुई है। यहां एक के बाद एक भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए हैं और कई बड़े अधिकारियों पर भी गाज गिरी है। फिलहाल चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपने सैन्य नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखे हुए हैं। इसी क्रम में उन्होंने एक और बड़े अधिकारी पर शिकंजा कसा है। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के सदस्य और राजनीतिक कार्य विभाग के प्रमुख एडमिरल मियाओ हुआ को अनुशासनहीनता के गंभीर आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। चीन में यह शब्द आमतौर पर भ्रष्टाचार के मामलों के लिए प्रयोग किया जाता है।

जिनपिंग ने चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) में भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक अभियान छेड़ा है। उनके निशाने पर विशेष रूप से रॉकेट फोर्स है, जो चीन के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को संभालती है। इस दौरान कई उच्च रैंक के जनरलों को उनके पदों से हटा दिया गया, जिनमें पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफु और वेई फेंघे शामिल हैं। दोनों को जून में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

**मियाओ को हाल ही में लिया गया था हिरासत में :** रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू क्यान ने बताया कि मियाओ की उम्र 69 वर्ष है और वह शी जिनपिंग के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में फुजियान प्रांत में एक राजनीतिक अधिकारी के रूप में कार्य किया था, जब शी वहां स्थानीय अधिकारी थे। मियाओ को कथित तौर पर नौ नवंबर को हिरासत में लिया गया था।

**पीएलए में भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक अभियान :** पिछले वर्ष से, शी

**पीएलए नेताओं के लिए एक बड़ी नाकामयाबी :** एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ लाइल मॉरिस ने कहा, अक्तूबर 2022 में 20वीं पार्टी कांग्रेस में छह सदस्यीय सीएमसी की घोषणा की गई थी। बाद में दो लोगों ली शांगफू और मियाओ हुआ को जांच के दायरे में रखा गया। यह अकेले ही शी के सबसे भरोसेमंद पीएलए नेताओं के लिए एक बड़ी नाकामयाबी है। उन्होंने कहा कि मियाओ ने नौसेना की वर्दी पहनी हुई थी, लेकिन उनकी पृष्ठभूमि मुख्य रूप से ताइवान का सामना करने वाली जमीनी सेना में थी। वास्तव में, फुजियान प्रांत में उनकी पोस्टिंग शी के प्रशासनिक समय के साथ मेल खाती थी। शी के एक शिष्य होने के नाते, उन्हें दिसंबर 2014 में पीएलए नेवी (पीएलएएन) में स्थानांतरित होने और इसका राजनीतिक आयुक्त बनने की अनुमति मिली। उनकी गैर-पारंपरिक क्रॉस-सेवा पुनः नियुक्तियां शी के स्थापित नेटवर्क को दरकिनार करने और व्यक्तिगत वफादारी विकसित करने के प्रयास के पैटर्न को दर्शाती हैं। इतना ही नहीं, शी के सत्ता में आने के बाद से मियाओ सातवें सीएमसी सदस्य बने। शी ने व्यक्तिगत रूप से 31 जुलाई 2015 को उन्हें पूर्ण एडमिरल के पद पर पदोन्नत किया और अक्तूबर 2017 में उन्हें सीएमसी में पदोन्नत किया।

**शी जिनपिंग का सैन्य सुधार अभियान :** शी जिनपिंग का उद्देश्य चीन की सेना को विश्व-स्तरीय बनाने का है, जिसके तहत उन्होंने सेना की युद्ध क्षमता और क्षेत्रीय दावों की रक्षा को मजबूत करने के लिए अरबों डॉलर का निवेश किया है। इसके बावजूद, पीएलए में भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें शी जिनपिंग के सैन्य सुधार अभियान को चुनौती दे रही हैं। लाइल मॉरिस ने कहा, चीन की सेना में भ्रष्टाचार केवल कुछ अधिकारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी प्रणाली में गहराई से समाया हुआ है। यह समस्या शी जिनपिंग और उनके उत्तराधिकारियों के लिए आने वाले वर्षों में भी चुनौती बनी रहेगी। यह घटनाक्रम तब हो रहा है, जब शी जिनपिंग अपनी सेना को अत्याधुनिक और लड़ाई के लिए तैयार बनाने के अपने मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं।

**क्या बोले वुथनो :** अमेरिका में नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी में इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल स्ट्रैटेजिक स्टडीज के जोएल वुथनो ने बताया, मियाओ हुआ को हटाना एक बड़ी बात है, क्योंकि वह अंतिम अंदरूनी व्यक्ति थे। किसी को यह भी सोचना होगा कि इसमें से कितना वित्तीय भ्रष्टाचार के बारे में है, और कितना पीएलए में अनियंत्रित शक्ति केंद्रों के उभरने की चिंताओं के बारे में है। दरअसल, भ्रष्टाचार के आरोपों में कई तरह के पाप शामिल हो सकते हैं, जैसे कि शी के राजनीतिक एजेंडे को कमजोर करना, गुट बनाना, शी के निर्देशों को पूरी तरह से लागू नहीं करना, या यहां तक कि शी की राजनीतिक सुरक्षा को भी खतरे में डालना। मियाओ के वास्तविक अपराध से कोई फर्क नहीं पड़ता, चीन की आर्थिक दुर्दशा के बिगड़ने के साथ शी तेजी से बौखलाए दिख रहे हैं। मियाओ के निलंबित होने के साथ, सीएमसी में केवल पांच लोग रह गए हैं, जिसमें शी इसके अध्यक्ष भी शामिल हैं।

## बांग्लादेश हाई कोर्ट में भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**ढाका, एजेंसी।** ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई है. इस याचिका में बांग्लादेशी संस्कृति और समाज पर भारतीय मीडिया के प्रभाव पर बढ़ती चिंताओं का हवाला देते हुए देश में भारतीय टीवी चैनलों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है. सोमवार को याचिका दायर करने वाले वकील एखलास उद्दीन भुइयां ने भारतीय टीवी चैनलों के प्रसारण पर रोक लगाने के लिए केबल टेलीविजन नेटवर्क ऑपरेशन एक्ट 2006 के तहत निर्देश देने की मांग की है.

ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, इसमें यह भी पूछा गया है कि बांग्लादेश में भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश देने वाला नियम क्यों नहीं जारी किया जाना चाहिए. न्यायमूर्ति फातिमा नजीब और न्यायमूर्ति सिकदर महमूदुर रजी की उच्च न्यायालय की पीठ में आवेदन पर सुनवाई हो सकती है. याचिका में सूचना मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सचिव, बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग (बीटीआरसी) और अन्य को प्रतिवादी बनाया गया है. ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, याचिका में स्टार जलसा, स्टार प्लस, जी बांग्ला, रिपब्लिक बांग्ला और अन्य सभी भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है. याचिका में आरोप लगाया गया है कि भारतीय चैनलों पर भड़काऊ खबरें प्रसारित की जा रही हैं. बांग्लादेशी संस्कृति का विरोध करने वाली सामग्री का अनियंत्रित प्रसारण युवाओं को बर्बाद कर रहा है. इसके अलावा, यह आरोप लगाया गया है कि ये चैनल किसी भी नियमन का पालन किए बिना काम करते हैं. उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ हिंसक हमलों में वृद्धि देखी गई है, जिससे अधिक सुरक्षा और समर्थन की मांग की जा रही है।

## बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ वैश्विक स्तर पर विरोध तेज, कनाडा में सड़कों पर प्रदर्शन

**टोरंटो, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और पुजारियों की गिरफ्तारी के विरोध की लहर अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फैल रही है। इस्कॉन (अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण चेतना सोसायटी) ने बताया कि रविवार को दुनिया के 1000 से अधिक मंदिरों में बांग्लादेश में शांति और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। कनाडा में बसे बांग्लादेशी हिंदुओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया और सरकार से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं के सम्मान और सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। बांग्लादेश प्रशासन ने इस्कॉन से जुड़े चिन्मय दास प्रभु को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया। इसके बाद तीन अन्य हिंदू पुजारियों को भी हिरासत में लिया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, इन पुजारियों को दवाएं उपलब्ध कराने तक पर रोक लगा दी गई है। बांग्लादेश सरकार ने इस्कॉन के 63 ब्रह्मचारियों को वैध भारतीय वीजा और दस्तावेज होने के बावजूद भारत में प्रवेश करने से रोक दिया। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि बांग्लादेशी सीमा पुलिस ने खुफिया विभाग के निर्देशों का हवाला देकर इन्हें रोका।

# अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा हिजबुल्ला, संघर्ष विराम समझौते का किया उल्लंघन

**यरुशलम, एजेंसी।** बीते एक साल से ज्यादा समय से इस्राइल और हमास के बीच जंग जारी हैं। वहीं, इस युद्ध की लपटें लेबनान और ईरान तक पहुंच चुकी हैं। हालांकि, शांति की एक पहल के रूप में इस्राइल और लेबनान ने शुरुआती दो महीने के लिए 27 नवंबर को संघर्ष विराम समझौते पर मुहर लगाई थी। मगर इस बीच, हिजबुल्ला और इस्राइल के बीच फिर तनातनी दिखी। दरअसल, इस्राइल का दावा है कि हिजबुल्ला ने संघर्ष विराम समझौते का उल्लघंन किया है। साथ ही चेतावनी दी है कि वह भी अपने नागरिकों की रक्षा के लिए काम करना जारी रखेगा।

**इस्राइल ने दिया हिजबुल्ला को मुंह तोड़ जवाब :** इस्राइली रक्षा बलों ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, इस्राइल की वायुसेना ने थोड़ी देर पहले लेबनान में हिजबुल्ला के आतंकवादियों, दर्जनों लांचरों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे को मार गिराया। इसके अलावा, माउंट डोव की ओर दो प्रोजेक्टाइल हमले करने के तुरंत बाद वायुसेना ने दक्षिणी लेबनान के बरघोज क्षेत्र में हिजबुल्ला के लॉन्चर पर हमला किया।

**संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन :** उसने आगे कहा, हिजबुल्ला का आज रात का हमला इस्राइल और लेबनान के बीच संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन है। इस्राइल मांग करता है कि लेबनान में संबंधित पक्ष अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करें और लेबनानी क्षेत्र के भीतर से हिजबुल्ला की शत्रुतापूर्ण गतिविधि को रोकें। इस्राइल लेबनान

में युद्धविराम समझौते की शर्तों को पूरा करने के लिए बाध्य है। साथ ही चेतावनी देते हुए इस्राइली रक्षा बलों ने कहा, आईडीएफ जहां भी जरूरी होगा संचालन जारी रखने के लिए तैयार है और इस्राइल के नागरिकों की रक्षा के लिए काम करना जारी रखेगा।

**इस्राइल के युद्धविराम उल्लंघन का जवाब-हिजबुल्ला :** इससे पहले, हिजबुल्ला ने सोमवार को कब्जे वाले शेबा फार्म्स पर दो मिसाइलें दागी थीं। बीते बुधवार को युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद हिजबुल्ला का यह पहला हमला था। इस्राइली सेना ने कहा था कि ये मिसाइलें खुले इलाकों में गिरीं और किसी को नुकसान नहीं हुआ। वहीं, हिजबुल्ला ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि यह हमला इस्राइल द्वारा बार-बार युद्धविराम उल्लंघन का जवाब था। लेबनान ने इस्राइल पर पिछले छह दिनों में 50 से अधिक बार संघर्ष विराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। हिजबुल्ला ने कहा था कि इस्राइल के संघर्ष विराम उल्लंघनों ने कई रूप ले लिए हैं, जिनमें नागरिकों के खिलाफ गोलीबारी और लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों पर हवाई हमले शामिल हैं। इन हमलों के परिणामस्वरूप कई नागरिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

## अमेरिका में भारतीय मूल के फोटोग्राफर पर नस्लीय हमला

### एलए एयरपोर्ट पर महिला ने भारतीयों को पागल कहा, एयरलाइन्स ने नो-फ्लाई लिस्ट में डाला

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** लॉस एंजिल्स एयरपोर्ट पर शटल बस में भारतीय मूल के अमेरिकी फोटोग्राफर परवेज तौफीक और उनके परिवार पर नस्लीय हमला किया गया। एक महिला ने तौफीक के परिवार पर नस्लीय टिप्पणी करते हुए कहा- तुम्हारा परिवार भारत से है, तुम्हें रूल्स की कोई इज्जत नहीं है... भारतीय पागल हैं। महिला की इस हरकत पर यूनाइटेड एयरलाइन्स ने उसे नो-फ्लाई लिस्ट में डाल दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। मामले की शुरुआत तब हुई जब महिला ने तौफीक के बेटे पर नस्लीय टिप्पणी करना शुरू कर दिया। तौफीक ने जैसे ही इसका वीडियो बनाना शुरू किया तो महिला ने मिडिल फिंगर दिखाते हुए चिल्लाना शुरू कर दिया। महिला ने कहा- तुम्हारा परिवार भारत से है, तुम्हें रूल्स की कोई इज्जत नहीं है, तुम्हें लगता है कि तुम हर किसी को धक्का दे सकते हो। तुम लोग पागल हो। खुद को ही पीड़ित बताने लगी महिला मामला बिगड़ता देख जब सिक्योरिटी गार्ड्स को बुलाया गया तो महिला खुद को ही पीड़ित बताने लगी। महिला ने कहा- वह (एयरलाइन कर्मचारी)

इस बात की परवाह नहीं करती कि मैं नस्लवादी हूं, तुम मेरे लिए नस्लवादी हो, मैं अमेरिकन हूं। तौफीक ने कहा- हम भी अमेरिकन ही हैं। जवाब में महिला कहा- तुम अमेरिकी नहीं हो। ओरिजिनली नहीं। तुम भारत से हो। हालांकि, दूसरे पैसेंजर्स फोटोग्राफर का सपोर्ट किया। तौफीक ने घटना का वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा- इस वक्त मेरा खून खौल रहा है। मैं इस पर यकीन भी नहीं कर सकता। वह मेरे बच्चों को चुप रहने के लिए कह रही थी, और मैं अपना आपा खो बैठा। मैंने कहा- तुम्हें मेरे बच्चों से इस तरह बात करने का हक नहीं है। अमेरिका में भारतीय के खिलाफ नस्लीय हिंसा बढ़ी अमेरिका में पिछले कुछ वक्त से भारतीयों के खिलाफ नस्लीय हिंसा में बढ़ोतरी देखी गई है। साल 2024 के शुरुआती तीन महीनों में ही भारतीय छात्रों की हत्या का आंकड़ा दहाई को पार कर गया था। कंजर्वेटिव पार्टी ने इसे लेकर अमेरिकी संसद में सवाल भी पूछा था। जिसके जवाब में व्हाइट हाउस की तरफ से जारी बयान में इस तरह के मामले को लेकर जीरो टॉलरेंस की बात कही गई थी। इंडो-अमेरिकी डेमोक्रेट लीडर और कांग्रेस मैन श्री थानेदार ने हिंदूफोबिया के खिलाफ लड़ने की बात कही थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका में घृणा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए

## ट्रम्प ने हमास को धमकी दी-कहा- 20 जनवरी तक बंधकों को रिहा करो, नहीं तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप ने मध्य पूर्व में चल रहे बंधक संकट के बारे में हमास को एक कड़ी चेतावनी जारी की है. उन्होंने कहा है कि यदि नियत समय से पहले बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो मध्य पूर्व के कई देश नरक में बदल जायेंगे. ट्रम्प ने अपनी बात कहने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल का इस्तेमाल किया है. ट्रंप ने कहा कि कृपया इस सच्चाई को सभी लोग जान लें कि यदि 20 जनवरी तक बंधकों को रिहा नहीं किया गया. तो फिलिस्तिन के समर्थक मध्यपूर्व देशों को नरक बनते देर नहीं लगेगी. बता दें कि 20 जनवरी को ट्रंप अमेरिका के नये राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे. यह बतौर राष्ट्रपति उनका दूसरा कार्यकाल होगा. ट्रंप ने इस मामले पर पिछली बातचीत में कहा कहा था कि हर मुद्दे पर वार्ता करने की बात हो रही है, लेकिन कोई भी मजबूत ढंग से बंधकों की रिहाई की बात नहीं कर रहा है. उनके लिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. यह बहुत ही हिंसक बात है. उन्होंने कहा कि हर कोई उन बंधकों के बारे में बात कर रहा है, लेकिन सिर्फ बातें ही हो रही हैं. कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है. ट्रंप ने कसम खाई कि बंधक बनाने वाले लोग अमेरिका की ओर से विदेशी संस्थाओं के खिलाफ की गई किसी भी कार्रवाई से अधिक भीषण कार्रवाई का सामना करेंगे. उन्होंने कहा कि उन जिम्मेदार लोगों को अमेरिका के लंबे और संग्रहीत इतिहास में अबतक के सबसे भीषण हमलों का सामना करन पड़ेगा. 7 अक्टूबर को, हमास ने इजराइल पर एक आतंकी हमला किया, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए और 250 से अधिक बंधकों को लिया. उनमें से लगभग 100 अभी भी कैद में हैं, और कई लोगों को मृत होने की आशंका है. जवाब में, इजराइल ने गाजा में हमास इकाइयों को एक मजबूत जवाबी लक्ष्य लॉन्च किया. हालांकि, इजरायल के ऑपरेशन के परिणामस्वरूप, गाजा में 45,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है. इस हफ्ते पेरिस जाएंगे ट्रम्प ट्रम्प इस हफ्ते के अंत में पेरिस जाने की योजना बना रहे हैं। वहां वे 7 दिसंबर को नोट्रे डेम कैथेड्रल चर्च के पुनः उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनेंगे। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद यह ट्रम्प की पहली विदेश यात्रा होगी। फ्रांस सरकार ने ट्रम्प को उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए न्योता भेजा था। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प की टीम इस यात्रा को लेकर फ्रांसीसी अधिकारियों से कई दिनों से बात कर रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक न्योता मिलते ही ट्रम्प तुरंत फ्रांस जाने के लिए तैयार हो गए। ट्रम्प को नोट्रे डेम कैथेड्रल से काफी लगाव है। अप्रैल, 2019 में जब यहां आग लगी थी तो ट्रम्प ने इसपर दुख जताया था। इस समारोह में 50 राष्ट्राध्यक्षों के आने की उम्मीद है।

## ऑस्ट्रेलिया : 2.34 टन कोकीन जब्त, पुलिस ने तय किए 13 लोगों पर आरोप

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने देश के इतिहास में कोकीन की रिकॉर्ड खेप जब्त करने के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार कर उन पर आरोप तय किये हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) ने ऐलान किया कि उसने एक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोह से जुड़ी जांच के बाद 11 वयस्कों और दो किशोरों को आरोपी बनाया है। इन पर समुद्र के रास्ते उत्तरपूर्वी ऑस्ट्रेलियाई राज्य क्वींसलैंड में 2.34 टन कोकीन आयात संबंधित आरोप लगाए गए है। बताया जा रहा है कि यह आस्ट्रेलियाई इतिहास में कोकीन की सबसे बड़ी जब्ती है, जिसका अनुमानित मूल्य 760 मिलियन आस्ट्रेलियाई डॉलर (493.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है। एएफपी और क्वींसलैंड पुलिस सेवा (क्यूपीएस) के अधिकारियों ने शनिवार रात और रविवार तड़के आरोपियों की गिरफ्तारियां की। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक जहाज का चालक दल भी शामिल है जो कथित तौर पर क्वींसलैंड में कोकीन आयात करने की कोशिश कर रहा था और कई लोग अवैध ड्रग्स को इकट्ठा करने के लिए तट पर इंतजार कर रहे थे। एएफपी अदालत में आरोप लगाएगा कि उनमें से एक व्यक्ति एक गैरकानूनी मोटरसाइकिल गिरोह का उपाध्यक्ष भी है। एएफपी कमांडर स्टीफन जे ने एक बयान में कहा, ÷हम जानते हैं कि अपराधी ऑस्ट्रेलिया में ड्रग्स की तस्करी करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने से भी नहीं कतराते। अपराधी इस बात की भी परवाह नहीं करते कि वे ऑस्ट्रेलियाई लोगों को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷समुद्र से दो टन से अधिक कोकीन इकट्ठा करने का यह कथित प्रयास दर्शाता है कि अपराधी अपने लालच और लाभ के लिए कुछ भी कर

सकते हैं। सभी 13 व्यक्तियों पर बॉर्डर कंट्रोल्ड ड्रग्स की व्यावसायिक मात्रा आयात करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। यदि वे दोषी पाये जाते हैं तो उन्हें अधिकतम आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। जे और क्यूपीएस डिटेक्टिव के कार्यवाहक मुख्य अधीक्षक क्रेग मोरो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि संयुक्त जांच नवंबर में शुरू हुई थी, जब उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि एक आपराधिक गिरोह ऑस्ट्रेलिया में ड्रग्स आयात करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि एएफपी, क्यूपीएस और ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने एक रिक्रिएशनल फिशिंग बोट पर नजर रखी, जो क्वींसलैंड लौटने से पहले कोकीन लेने के लिए कथित तौर पर एक जहाज की तरफ समुद्र में गई थी। नाव के खराबी के कारण समुद्र में फंस जाने के बाद गिरफ्तारियां शुरू की गई।

# मोहनलाल की एल 2- एमपुरान की शूटिंग पूरी

**मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म एल 2ः एमपुरान साल 2025 में आने वाली है। की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। हाल ही में, दिग्गज अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा की कि टीम ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। एल 2ः एमपुरान के आखिरी शॉट मलमपुझा जलाशय के किनारे शूट किया गया था।**

### एक्स अकाउंट पर किया व्यक्त

साउथ अभिनेता मोहनलाल ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म से जुड़ी 14 महीनों की अपनी इस यात्रा को दिखाया है।
इस फिल्म की शूटिंग आठ राज्यों और 4 देशों में हुआ है। इस बात को खुद मोहनलाल ने ही बताया है।

### मोहनलाल ने लिखी ये बात

मोहनलाल ने लिखा, यह एल 2ः एम्पुरान का समापन है! 8 राज्यों और 4 देशों, जिनमें यूके, यूएसए और यूएई शामिल हैं, में 14 महीने की एक अविश्वसनीय यात्रा। इस फिल्म का जादू पृथ्वीराज सुकुमारन के शानदार निर्देशन के कारण है, जिनकी रचनात्मकता हर फ्रेम को ऊपर उठाती है।

### टीम को किया धन्यवाद

मोहनलाल ने लिखा,यह सब समर्पित कलाकारों और क्रू के बिना संभव नहीं होता, जिन्होंने इस कहानी को जीवंत किया। एल 2ः एम्पुरान एक कलाकार के रूप में मेरी यात्रा का एक उल्लेखनीय अध्याय रहा है, जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।

### मार्च में रिलीज होगी फिल्म

एल 2ः एम्पुरान फिल्म ग्लोबली अगले साल 27 मार्च 2025 में रिलीज होने वाली है। फिल्म को देखने के लिए मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन के प्रशंसक उत्साहित हैं। इस फिल्म में मुरली गोपी भी नजर आने वाले हैं। फिल्म मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली है।

# मैं पैपराजी को फोन करके नहीं बुलाती, सोशल मीडिया पर पॉपुलर होने का तरीका बताया

किरदारों में खुद को पूरी तरह से ढाल लेने वाले कलाकारों में से एक अभिनेत्री पत्रलेखा भी है। वह कई फिल्मों में बेहतरीन किरदार निभा चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने अपने करियर और सोशल मीडिया पर कैसे पॉपुलर हुआ जा सकता है, इस बारे में एक इंटरव्यू में बात की। पत्रलेखा को अकसर ही जिम के बाहर पैपराजी घेर लेते हैं और उनकी तस्वीरें भी लेती हैं। उनकी जिम फोटोज हमेशा ही शानदार आती हैं। हाल ही में दिए गए इंटरव्यू में पत्रलेखा ने पैपराजी के बारे में कहा कि वह लोग काफी अच्छे होते हैं, अगर मैं उन्हें कहूं कि आज अच्छा गेटअप नहीं है और फोटो मत लो तो वह मेरी बात मान लेते हैं। इस पर इंटरव्यू ले रहे व्यक्ति ने पूछा कि क्या आप पैपराजी को खुद बुलाती हैं। इस पर पत्रलेखा ने कहा बिल्कुल नहीं, मैं ऐसा नहीं करती हूं। इसके जवाब में इंटरव्यू लेने वाला शख्स दोबारा कहता है कि कुछ एक्टर तो पैपराजी को फोन करके बुलाते हैं। इसी बात पर पत्रलेखा भी हामी भरती हैं।

### सोशल मीडिया पर रियल रहना चाहिए

इसी इंटरव्यू में उनसे सवाल किया जाता है कि वह अपनी बहुत सी सेल्फी खींच कर सोशल मीडिया पर डालती हैं। उनको इस पर खूब लाइक्स भी मिलते हैं। क्या सोशल मीडिया पर कुछ भी शेयर करने से पहले वह सोच-विचार करती हैं। पत्रलेखा इस सवाल के जवाब में कहती हैं, 'ऐसा नहीं है। मुझे अपनी जो फोटो अच्छी लगती है, सही लगती है, वह मैं शेयर कर देती हूं। मैं अपने मन की सुनती हूं, अपने मन की करती हूं।' पत्रलेखा सोशल मीडिया पर खुद को रियल रखती हैं, शायद इसी वजह से उनके फॉलोअर बढ़ते जाते हैं।

### राजकुमार से मिलती है फिल्में देखने की सलाह

पत्रलेखा यह भी बताती हैं कि जब राजकुमार राव घर पर होते हैं तो उन्हें कोई फिल्म या शो देखने का सजेशन देते हैं। इसी तरह से वह भी राजकुमार राव को अच्छी फिल्में सजेस्ट करती हैं। दोनों कम समय साथ में बीता पाते हैं लेकिन जब भी साथ होते हैं तो मनपसंद खाना खाते हैं।

# नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट में इमरान खान के अपोजिट नजर आएंगी भूमि पेडनेकर



अभिनेता इमरान खान साल 2015 से सिल्वर स्क्रीन से गायब हैं। हालांकि, खबरें हैं कि वो अब एक नए नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट के साथ वापसी करने वाले हैं। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन दानिश असलम करेंगे। दानिश ने इमरान की फिल्म ब्रेक के बाद का भी निर्देशन किया था। वहीं, इस नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट में नजर आने वालीं अभिनेत्री को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। एक नाम भी सामने आया है।

### इमरान के अपोजिट नजर आएंगी भूमि

कथित तौर पर अभिनेत्री भूमि पेडनेकर इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में इमरान खान के अपोजिट नजर आएंगी। हालांकि, अभिनेत्री ने अभी तक कॉन्ट्रैक्ट पर साइन नहीं किया है। अगर वह फिल्म का हिस्सा बनती हैं तो यह भक्षक और आगामी द रॉयल्स के बाद नेटफ्लिक्स इंडिया के साथ उनका तीसरा सहयोग होगा।

### मार्च 2025 में शुरू होगी शूटिंग!

फिल्म की स्क्रिप्ट फिलहाल अपने अंतिम चरण में है, जिसका मसौदा अगले महीने पूरा होने की उम्मीद है। इसके तुरंत बाद प्री-प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा और टीम की योजना मार्च 2025 में शूटिंग शुरू करने की है। इमरान के फैंस उनकी स्क्रीन पर वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# ट्रोलिंग करने वालों के मजे लेती हूं

टीवी पर दुल्हन बनू मैं तेरी से रातों-रात लोकप्रिय होने वाली दिव्यांका त्रिपाठी ने छोटे पर्दे पर एक अरसा बिताने वाली ये अभिनेत्री नच बलिये और फियर फैक्टर ऋखतरों के खिलाड़ी जैसे रिएलिटी शोज में भी अपना जलवा दिखा चुकी हैं। इन दिनों वे वेब सीरीज द मैजिक ऑफ शीरी में दिखाई दे रही हैं। उनसे एक बातचीत। अपनी सीरीज के बारे में वे कहती हैं, ये कहानी सिर्फ एक औरत के अधूरे सपनों को पूरा करने की नहीं है बल्कि बुजुर्गों की कहानी भी है कि वे कैसे इफेक्ट हो रहे हैं? बच्चों पर क्या असर पड़ता है? जब एक औरत असंतुष्ट रहती है? वहीं सलीम बने जावेद जाफरी की अपनी कहानी है, जो बताती है कि जादूगर बनने के लिए उन्होंने क्या-क्या बलिदान दिए। मैं इसमें जादूगर बनने का सपना पूरा करती हूं और उसके लिए मेरे किरदार शीरी को किस तरह की कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है, यही हमारी वेब सीरीज है।
ट्रोल्स के बारे में वे हंसते हुए कहती हैं, हम जो सामाज हैं, उसी का तो प्रतिबिंब है सोशल मीडिया। अब उन्हें पता है कि उनके पास एक पर्दा है उस पर्दे की आड़ में वे अपनी कुटिल सोच को सामने लाते हैं। तो हम किसी एक ट्रोलर्स या बंदे को ब्लेम नहीं कर सकते, हमारी सोसायटी की सोच ही ऐसी है। हमें उसके बारे में सोचना चाहिए। एक जमाने में हमारे घरों में चुगलखोर आंटियां हुआ करती थीं। ये ट्रोलिंग करने वाले वही तो हैं चुगलीखोर। मेरे फैंस भी इस बात के बहुत मजे लेते हैं। मैंने ट्रोल्स करने वालों के नाम रख दिए हैं आंटी और चाची, तो जब वे ट्रोलिंग करते हैं, तो मैं पूछ बैठती हूं, अरे आंटी आप दोबारा आ गईं। एक जीजाजी (ट्रोल्स) हैं, जो हमेशा रूठे रहते हैं। मेरा मानना है कि जब आप इनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते, तो फिर मजे ले लो।

# ऋतिक रोशन-एनटीआर की वॉर 2 से जुड़े तीन एक्शन निर्देशक, हॉलीवुड की फिल्मों के लिए भी कर चुके हैं काम

बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म वॉर 2 को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खबर आ रही है कि फिल्म से तीन एक्शन निर्देशक को जोड़ा गया है, जिनमें हॉलीवुड की वेनम और एवेंजर्स एज ऑफ अल्ट्रॉन जैसी फिल्मों के लिए काम कर चुके निर्देशक शामिल हैं।
ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी जैसे सितारों से सजी वॉर 2 बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म को मशहूर निर्देशक अयान मुखर्जी निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म ने घोषणा के बाद से ही दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर लिया है। फिल्म को लेकर फैंस की जबर्दस्त उत्सुकता को देखते हुए निर्माता इसमें किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं। इस वजह से फिल्म के निर्माताओं ने इसके क्लाइमैक्स को शानदार सिनेमाई अनुभव बनाने के लिए हॉलीवुड के एक्शन निर्देशकों को फिल्म से जोड़ा है, जिन्होंने वेनम, ऐज ऑफ अल्ट्रॉन, के साथ-साथ जवान और पठान जैसी फिल्मों का एक्शन निर्देशित किया है।

### वॉर 2 से जुड़े हॉलीवुड फिल्मों के एक्शन निर्देशक

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके शानदार एक्शन सीक्वेंस के लिए तीन मशहूर एक्शन निर्देशकों को फिल्म से जोड़ा गया है, जिनमें अमेरिकी स्टंट कोर्डिनेटर स्पाइरो रजाटोस, सी योंग ओह, और सुनील रोड्रिग्स हैं। स्पाइरो रजाटोस ने इससे पहले वेनम और द फेट ऑफ द फ्यूरियस जैसी फिल्मों का एक्शन निर्देशन किया है। वहीं, एवेंजर्स एज ऑफ अल्ट्रॉन में सी योंग ओह तथा जवान और पठान में सुनील रोड्रिग्स ने काम किया है। बताया जा रहा है कि यह तिकड़ी एक शानदार और स्टाइलिश फाइट सीक्वेंस तैयार कर रही है, जो दर्शकों को लिए एक बेहद शानदार अनुभव होने वाला है।

### दमदार होगा फिल्म का क्लाइमेक्स

फिल्म को एक शानदार अनुभव बनाने के निर्माताओं द्वारा काफी सारी चीजें की जा रही हैं, जिसके तहत फिल्म के क्लाइमेक्स में दर्शकों को सांस रोक देने वाला एक्शन सीक्वेंस दिखाया जाएगा। मिड-डे की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर दिसंबर के मध्य में मुंबई में हाई-ऑक्टेन क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग करेंगे, जिसे 15 दिनों के शेड्यूल में पूरा किया जाएगा। दोनों कलाकार गोरेगांव में फिल्म सिटी और अंधेरी के वाईआरएफ स्टूडियो में इसकी शूटिंग करेंगे। बताया जा रहा है कि निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अयान मुखर्जी व्यक्तिगत रूप से सेट डिजाइन और जटिल एक्शन कोरियोग्राफी की देखरेख कर रहे हैं।

### अगले साल स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी वॉर 2

बताते चलें कि यशराज फिल्म्स की वॉर 2 अगले साल 2025 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को आदित्या चोपड़ा द्वारा बनाया जा रहा है, जबकि अयान मुखर्जी इसका निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म से जूनियर एनटीआर अपना बॉलीवुड डेब्यू करेंगे, जो बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के साथ दमदार एक्शन करते दिखाई देंगे।

# सिल्वर स्क्रीन पर आमने सामने होंगे अजय और ऋतिक

2020 में तान्हाजी- द अनसंग वॉरियर की सफलता के बाद, अभिनेता-निर्माता अजय देवगन अनसंग वॉरियर्स फ्रेंचाइजी में दूसरी किस्त की योजना बना रहे हैं। जानकारी के अनुसार, अजय देवगन और निर्देशक ओम राउत महीनों से इस परियोजना पर चर्चा कर रहे हैं। दोनों को शुरू में 17वीं सदी के मराठा सेना के जनरल बाजी प्रभु देशपांडे की कहानी बताने में रुचि थी। हालांकि, इसी विषय पर आधारित मराठी फिल्म पवनखिंड (2022) की रिलीज के बाद योजनाएं बदल गईं। प्रोजेक्ट पर आया नया अपडेट यकीनन उत्साह बढ़ाने वाला है।

### अजय देवगन-ओम राउत के बीच चल रही चर्चा!

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अजय देवगन और ओम राउत दो विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। वे या तो एक ही कहानी को बड़े पैमाने पर बताएं, या मराठा साम्राज्य से किसी अन्य नायक को चुनें। बातचीत अभी शुरुआती चरण में है। उन्होंने बाजी प्रभु की बायोपिक बनाने के विचार को पूरी तरह से खत्म नहीं किया है, क्योंकि उस मोर्चे पर काफी शोध और योजना बनाई गई थी।

### ऋतिक रोशन होंगे खलनायक!

विशेष रूप से, तान्हाजी में अजय देवगन ने तान्हाजी मालुसरे की भूमिका निभाई और अपने प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। अगला भाग अनसंग वॉरियर्स फ्रेंचाइजी की दूसरी किस्त मालूम होती है। अजय देवगन फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे और वह इसमें खलनायक के रूप में ऋतिक रोशन को साइन करना चाहते हैं। अजय वर्सेज ऋतिक की खबर ने बढ़ाया बज जानकारी के अनुसार, अजय को लगता है कि ऋतिक के पास जबरदस्त स्क्रीन उपस्थिति और करिश्माई ताकत है। वह स्क्रीन पर एक बेहतरीन प्रतिद्वंद्वी बनकर उभरेंगे। अगर यह सहयोग होता है, तो यह दो बॉलीवुड सुपरस्टारों का पहला ऑन-स्क्रीन मिलन होगा। सीक्वल में शरद केलकर छत्रपति शिवाजी महाराज की अपनी भूमिका को दोहरा सकते हैं। हालांकि, देवगन या राउत ने अभी तक कलाकारों और कहानी के बारे में आधिकारिक घोषणा नहीं की है। काम के मोर्चे पर पेशेवर मोर्चे पर, अजय देवगन को हाल ही में सिंघम अगेन में देखा गया था। आने वाले दिनों में अभिनेता सन ऑफ सरदार 2 और दे दे प्यार दे 2 में नजर आएंगे। इस बीच, ऋतिक रोशन वॉर 2 में कबीर के रूप में अपनी वापसी के लिए तैयारी कर रहे हैं, जहां वह जूनियर एनटीआर के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। वॉर 2, वॉर (2019) की बड़ी सफलता के बाद उसका बहुप्रतीक्षित सीक्वल है।

# 4 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा वरुण की फिल्म बेबी जॉन का ट्रेलर

वरुण धवन इन दिनों अपनी वेब सीरीज व सिटाडेल हनी बनी की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। अब वे अपनी अगली फिल्म बेबी जॉन की तैयारी में जुटे हुए हैं। यह फिल्म इस साल क्रिसमस पर रिलीज हो रही है। इसी बीच ट्रेलर रिलीज की तारीख पर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म का ट्रेलर 4 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर को एक भव्य कार्यक्रम में लॉन्च करने की खबरें हैं, जिसमें फिल्म की टीम भी शामिल होगी। एटली द्वारा निर्मित बेबी जॉन में कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, सान्या मल्होत्रा, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव सहित कई मजबूत कलाकार हैं। सिटाडेल: हनी बनी में वरुण के प्रदर्शन की प्रशंसा की गई और दर्शकों को उम्मीद है कि वह बेबी जॉन में एक और मजबूत एक्शन भूमिका देंगे। बेबी जॉन एटली की 2016 की तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है। फिल्म में सलमान खान का कैमियो भी होगा। इसका निर्देशन ए. कालीस्वरन ने किया है और इसे जियो स्टूडियोज, एटली ने ए फॉर एप्पल स्टूडियोज और सिने 1 स्टूडियोज के साथ मिलकर बनाया है।

# आईसीसी रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को बड़ा नुकसान, बुमराह की बादशाहत कायम

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। इस रैंकिंग में भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को नुकसान हुआ है। जबकि जसप्रीत बुमराह की बादशाहत कायम है। दरअसल, पिछले हफ्ते के अपडेट में दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले टेस्ट के अलावा न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट को भई शामिल किया गया है।

वहीं टेस्ट रैंकिंग की बात करें तो, इंग्लैंड के जो रूट पहले स्थान पर बने हुए हैं जबकि इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक दो स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन तीसरे स्थान पर हैं तो भारत के यशस्वी जायसवाल दो स्थान के नुकसान के साथ चौथे नंबर पर खिसक गए हैं। श्रीलंका के कमिंडू मेंडिस दो स्थान के फायदे से अब सातवें नंबर पर हैं तो साउथ अफ्रीका के टेम्बा बावुमा 14 स्थान के जबरदस्त फायदे से सीधे 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

इसके अलावा भारतीय सलामी बल्लेबाज विराट कोहली टॉप 10 से बाहर हो गए हैं, उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ और वह अब 14वें स्थान पर हैं। श्रीलंका के धनंजय डी सिल्वा एक स्थान के फायदे से 15वें तो दिनेश चंडीमल दो स्थान के फायदे से 17वें पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के ओली पोप आठ स्थान के फायदे से 32वें नंबर पर तो बेन स्टोक्स सात स्थान के फायदे से 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

हालांकि, टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पहले और दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा उनके बाद दूसरे स्थान पर कायम हैं। श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या तीन स्थआन के नुकसान से आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं डरबन टेस्ट में 11 विकेट अपने नाम करने वाले दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन 19 स्थान के जबरदस्त फायदे से सीधे 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# सचिन की बेटी सारा तेंदुलकर बनी एसटीएफ इंडिया फाउंडेशन की डायरेक्टर

**मुम्बई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का फाउंडेशन (एसटीएफ इंडिया ) मुख्य रूप से गरीब बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल से जोड़ने का काम करता है की कमान अब उनकी बेटी सारा तेंदुलकर संभालेंगी। सचिन ने सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी बेटी सारा अब इस फाउंडेशन में डायरेक्टर के पद पर काम करेंगी।

तेंदुलकर ने अपने पोस्ट में कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरी बेटी सारा तेंदुलकर एसटीएफ इंडिया में डायरेक्टर के तौर पर शामिल हो गई हैं। अब सारा भारत में खेल, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने की यात्रा पर निकल रही हैं।

सचिन ने यह भी साझा किया कि सारा तेंदुलकर ने फाउंडेशन के कार्यों में अपनी भागीदारी शुरू कर दी है और उन्होंने कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिनमें सारा बच्चों के साथ समय बिताती हुई नजर आ रही हैं। तस्वीरों में सारा बच्चों के साथ बैठी हुई मस्ती करती दिखाई दे रही हैं, जो यह दर्शाती है कि वह न केवल एक नेतृत्वकर्ता के रूप में, बल्कि एक प्रेरणादायक और सहयोगात्मक भूमिका में भी सक्रिय हैं।

सचिन की इस फाउंडेशन का उद्देश्य भारत के गरीब बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और खेल के माध्यम से एक बेहतर भविष्य देना है। इस फाउंडेशन के को-फाउंडर और डायरेक्टर सचिन और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर हैं। अब सारा के इस महत्वपूर्ण पद पर आसीन होने से फाउंडेशन के कार्यों को और गति मिलेगी और यह उम्मीद जताई जा रही है कि वह अपने पिता के दृष्टिकोण और मिशन को और आगे बढ़ाएंगी।

# सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ अनुभव अच्छा रहा : रानी

**रोहतक (एजेंसी)।** पिछले महीने माह ही हॉकी को अलविदा भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल आजकल जूनियर महिला टीम की कोच के तौर पर काम कर रही हैं। इसी को लेकर रानी ने कहा, ''सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करने का मेरा

अनुभव बहुत अच्छा रहा और मैंने इससे काफी कुछ सीखा। वे युवा लड़कियां थीं जो मेरे जैसी ही पृष्ठभूमि से आती हैं। उनकी परेशानियों को समझना और उनका मार्गदर्शन करना आसान था।'' उन्होंने कोच के तौर पर अपने अनुभव के बारे में कहा,''मैंने उनसे कहा कि अगर मैं सफल हो सकती हूं तो आप भी हो सकती हो। उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत है और मैंने उनके साथ अपने अनुभव साझा करके उन्हें वह मार्गदर्शन देने का प्रयास किया है।'' वह आगामी हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब के लिए मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में भी काम करेगी। इसमें पहली बार महिलाओं का टूर्नामेंट भी होगा। रानी ने साल 2008 में 14 साल की उम्र में ओलंपिक क्वालीफायर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था। इसलिए उन्हें पता है कि एक युवा खिलाड़ी किस तरहके दबाव का अनुभव करता है। उन्होंने कहा,''मैं सूरमा क्लब की मेंटर बनने जा रही हूं इसलिए मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से उस भूमिका को निभाने का प्रयास करुंगी। युवा खिलाड़ियों पर मानसिक और भावनात्मक रूप से प्रदर्शन करने का बहुत दबाव होता है। में इसमें उनकी मदद करना चाहूंगी। वहीं सीनियार हॉकी टीम को इस पूर्व कप्तान कहा है कि एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर भारतीय टीम ने एक प्रकार से 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारी शुरु कर दी है। इससे पता चलता है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। रानी ने कहा, ''एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत हमारी महिला हॉकी टीम को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। यह अच्छी शुरुआत है। इससे तय है कि कोच हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।''

# भारतीय महिला टीम के सामने ऑस्ट्रेलिया को उसके गढ़ में हराने की कड़ी चुनौती

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की पुरूष टीमों के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर बनी हाइप के बीच दोनों देशों की महिला क्रिकेट टीमें बृहस्पतिवार से यहां एलेन बॉर्डर फील्ड पर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी तो हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया में अपना रिकॉर्ड दुरूस्त करके अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों का आगाज करने पर होंगी।

अक्टूबर में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रही भारतीय टीम ने पिछले महीने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे श्रृंखला में 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया की चुनौती हालांकि भारत के लिये हमेशा कठिन रही है जिसने यहां अब तक सोलह वनडे में से चार ही जीते हैं। पिछली बार 2021 में यहां तीन मैचों की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराया था।

वहीं पिछले करीब 9 महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अगले साल

भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले खुद को आजमाने पर लगी होंगी। भारत की उम्मीदों का दारोमदार हालांकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर रहेगा। जिन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में शतक जमाकर भारत को जीत दिलाई। उन पर इस लय को कायम रखते हुए भारत को ठोस शुरुआत देने की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने पिछले छह वनडे में सत्तर से ऊपर की औसत से 448 रन बनाए हैं।

दूसरी ओर आस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली की कमी खलेगी जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है जिसमें आस्ट्रेलिया फिलहाल 18 में से 13 वनडे जीतकर पहले स्थान पर है। इस चैम्पियनशिप से मेजबान भारत के अलावा पांच टीमों को अगले साल होने वाले विश्व कप में स्वतः जगह मिलेगी। हीली की जगह क्वींसलैंड और सिडनी थंडर्स की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया गया है। हरफनमौला ताहलिया मैकग्रा टीम की कमान संभालेंगी जिनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निभर करेगा।

मैकग्रा ने कहा, 'भारतीय टीम में कई बड़े खिलाड़ी है। उनके खिलाफ हर मुकाबला कड़ी टक्कर वाला होता है। मैच में कई अहम क्षण होते हैं। हमारे घरेलू मैचों में भी भारतीय टीम को दर्शकों का काफी समर्थन मिलता है।' भारतीय टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की कमी खलेगी जो महिला बिग बैश लीग के दौरान मेलबर्न स्टार्स के लिये खेलते हुए कलाई की चोट का शिकार हो गई। उनकी जगह टीम में शामिल की गई युवा विकेटकीपर उमा छेत्री अपनी पहली वनडे श्रृंखला में छाप छोड़ना चाहेंगी।

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, हरलीन देयोल, रिचा घोष, तेजल हसाबनिस, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, प्रिया पूनिया, अरूंधति रेड्डी, जेमिमा रौड्रिग्स, टिटास साधू, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकोर, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया:** ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), एशले गार्डनर, डार्सी ब्राउन, किम गार्थ, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# बुमराह का सामना करने तैयार हैं : कैरी

एडीलेड। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा कि उनकी टीम छह दिसंबर से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कैरी ने कहा कि गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले दिन-रात के इस मैच में बुमराह सहित अन्य भारतीय गेंदबाजों का सामना सामना करने वह बेहतर रणनीत के साथ उतरेंगे। बुमराह ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट लेकर मेजबान टीम की बल्लेबाजों को ढ़हा दिया था। कैरी ने कहा,'' बुमराह निश्चित तौर पर शानदार गेंदबाज हैं और वह पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है पर हमारे बल्लेबाज भी किसी भी आक्रामण का जवाब देने का तरीका खोज ही लेते हैं।''

उन्होंने कहा,''हमने उसकी गेंदबाजी का आंकलन किया है। उम्मीद है कि हम उसके पहले दूसरे स्पेल का सामना करने में सफल रहेंगे। हमने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में देखा था कि किस तरह से ट्रैविस हेड ने उसे जवाब दिया था।''उन्होंने कहा,''हमें अपने बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा है। हम केवल बुमराह ही नहीं, उनके अन्य गेंदबाजों का सामना करने के लिए तरीका खोज लेंगे। भारतीय टीम पहले टेस्ट मैच में कुछ नए गेंदबाजों के साथ उतरी थी और उन्होंने भी अच्छी गेंदबाजी की थी।''वहीं जोश हेज़लवुड के बल्लेबाजों को लेकर दिये बयान के बाद जहां टीम में दरार की बात की जा रही है वहीं कैरी ने इससे साफ इंकार करते हुए कहा कि ड्रेसिंग रूम में किसी तरह का कोई तनाव नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी बल्लेबाज बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं और मैदान पर उतरने के बाद उनका लक्ष्य शतक लगाना रहता है।

# यशस्वी जायसवाल वहीं खड़ा है जहां मैं 10 साल पहले था : केएल राहुल

एडीलेड। लोकेश राहुल को 22 वर्षीय यशस्वी जायसवाल में अपनी झलक दिखती है जो अपने पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उसी स्थिति में नजर आ रहे हैं जैसे वह 10 वर्ष पूर्व अपनी शुरुआती ऑस्ट्रेलिया दौरे पर थे। राहुल ने 2014-15 की

श्रृंखला में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर पदार्पण करते हुए छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी और तीन तथा एक रन की पारी खेली थी। उन्होंने हालांकि अगले ही मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में जोरदार वापसी करते हुए सिडनी में 110 रन बनाकर सभी का ध्यान खींचा था। सिडनी में दूसरी पारी में राहुल नर्वस दिखे थे जहां उन्होंने मुरली विजय के साथ एक घंटा बल्लेबाजी करते हुए 16 रन बनाए थे। राहुल जायसवाल के साथ वही भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं जो पूर्व सलामी बल्लेबाज और राष्ट्रीय टीम के सीनियर साथी विजय ने उनके साथ निभाई थी। राहुल और जायसवाल ने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में पारी का आगाज करते हुए 201 रन की साझेदारी की थी जो भारतीय रिकॉर्ड है। जायसवाल ने पर्थ में शतक जड़ा था जबकि राहुल ने 77 रन बनाए थे। जायसवाल के साथ अपनी बातचीत के बारे में पूछे जाने पर राहुल ने कहा, 'मैंने उसमें खुद को देखा, जैसा कि मैं 10 साल पहले था, पहली बार पारी का आगाज कर रहा था, बहुत सारे संदेह, बहुत सारी घबराहट और आप अपने खेल पर संदेह करते रहते हैं और आपके दिमाग में बहुत कुछ चलता रहता है और इसलिए आप बस इतना कर सकते हैं कि चीजों को धीमा करने की कोशिश करें, कुछ गहरी सांसें लेने की कोशिश करें।'

# वेस्टइंडीज में 15 साल बाद टेस्ट जीती बंगलादेश, यह क्रिकेटर बना हीरो

**किंग्स्टन (एजेंसी)।** तैजुल इस्लाम (5 विकेट), नाहिद राणा (5 विकेट) और जाकेर अली (91) रनों की शानदार पारी के दम पर बंगलादेश की टेस्ट टीम ने इतिहास रचते हुए 15 साल बाद वेस्टइंडीज को उसी के घर में दूसरे टेस्ट मैच में 101 रनों से शिकस्त दी है। इसी के साथ बंगलादेश ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। टेस्ट में यह तीसरा बार है जब बंगलादेश ने वेस्टइंडीज को उसी के घर में हराया है। इससे पहले उसने 2009 में किंग्स्टन में 97 रनों तथा सेंट जॉर्ज में 4 विकेट से हराया था। बंगलादेश ने दूसरी पारी में जाकिर अली ने (91) की महत्वूपर्ण पारी की बदौलत वेस्टइंडीज के सामने 287 रन का लक्ष्य रखा।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की ओर से केवल कावेम हॉज (55) और कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (43) संघर्षपूर्ण पारी खेली। जस्टिन ग्रीव्स (20), केसी कार्टी (14) और जॉशुआ डासिल्वा (12) रन बनाए। बंगलादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के 6 बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज

की पूरी टीम 50 ओवर में 185 रनों पर समेट कर 101 रनों से मुकाबला जीत लिया। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने 5 विकेट लिए। हसन महमूद और तसकीन अहमद को 2-2 विकेट मिले। नाहिद राणा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। तैजुल इस्लाम को शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया%।

तैजुल इस्लाम ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में एक विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट झटकते हुए कुल 6 विकेट लिए। इससे पहले बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 71.5 ओवर में 164 रन ही बना सकी थी। बंगलादेश के लिए पहली पारी में शादमान इस्लाम (64) शहादत हुसैन दीपू (22), कप्तान मेहदी हसन मिराज (36), महमूदुल हसन जॉय (3), लिटन दास (एक) और जेकर अली (एक) रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज की ओर जेडेन सील्स ने 4 और शमार जोसेफ ने 3 विकेट लिए। केमार रोच को 2 विकेट मिले।

अल्जारी जोसेफ ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को नाहिद राणा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने 65 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दिया। वेस्टइंडीज के लिए क्रेग ब्रैथवेट (39), केसी कार्टी (40), मिकाइल लुईस (12) रनों की पारी खेली। 8 बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश की ओर से नाहिद राणा ने पांच विकेट लिए। हसन महमूद को 2 विकेट मिले। तसकीन अहमद, तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

बंगलादेश ने दूसरी पारी में जाकेर अली (91),शादमान इस्लाम (46), कप्तान मेहदी हसन मिराज (42), शहादत हुसैन (28), लिटन कुमार दास (25) और तैजुल इस्लाम (14) के योगदान से 268 रन बनाये और पहली पारी में मिली बढ़त के साथ वेस्टइंडीज को 287 रन का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ और केमार रोच ने तीन-तीन विकेट लिए। शमार जोसेफ ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। जेडेन सील्स और जस्टिन ग्रीव्स को एक-एक विकेट मिला था।

# अल-साद ने अल-नासर को हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के प्लेऑफ में प्रवेश किया

दोहा। कतर के क्लब अल-साद ने सऊदी अरब के क्लब अल-नासर को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल फुटबॉल टूर्नामेंट के प्लेऑफ में प्रवेश किया। ये जीत अल-साद के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि इस मैच में उसके स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डों शामिल नहीं थे। रोनाल्डो को इस मैच में आराम दिया गया था। अल-साद ने हाफ टाइम के 8 मिनट बाद अकरम अफीफ के गोल से 1-0 की बढ़त हासिल की। वहीं खेल समाप्त होने के कुछ मिनट पहले ही अल-नासर के रोमेन सैस ने एक गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। अल-साद टीम को इंजरी टाइम में पेनल्टी मिली जिसपर के एडम ओनास ने गोल कर उसकी बढ़त 2-1 कर दी। इस जीत से उत्साहित अल-साद के कोच फेलिक्स सांचेज़ ने कहा कि, ये एक मुश्किल मुकाबला था। हमने अल-नासर को गोल रोकने के लिए और उनके घरेलू स्टेडियम में जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। इस दौरान सभी खिलाड़ियों ने एकजुट होकर प्रयास किये। गौरतलब है कि ईरान के एस्टेघलाल क्लब द्वारा साऊदी अरब को 2-2 से बराबरी पर रखने के बाद अल अहली क्लब पहले स्थान पर था। जेद्दा में अल अहली के लिए दोनों गोल इवान टोनी ने किए। वहीं राफेल सिल्वा ने 42 मिनट के बाद ईरान टीम के लिए गोल किया पर टोनी ने एक गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मोहम्मद होसैन एल्सामी ने एक बार फिर गोल कर एस्टेघलाल को बराबरी पर ला दिया।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए अभी किसी टीम का स्थान पक्का नहीं हुआ

मुम्बई। आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल के लिए अभी 15 मैच बाकी हैं पर किसी भी टीम की जगह अभी पक्की नहीं हुई है। न्यूजीलैंड की इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद जहां एक प्रकार से फाइनल की रेस से वह बाहर हो गयी है। वहीं भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीमें रेस में बनी हुई हैं। इंग्लैंड ओर न्यूजीलैंड टेस्ट तक के अंकों के आधार पर अंतिम दो स्थानों के लिए अभी भी 6 टीमें रेस में बनी हुई हैं। हालांकि टूर्नामेंट के दौरान अंकों पर टीमों की संभावना को नुकसान भी पहुंचा सकती है। चैम्पियनशिप की शुरुआत टीमों के साथ हुई थी, जिनमें से बांग्लादेश, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड बाहर हो गयी हैं। इन दिनों वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच आपसी श्रृंखला खेली जा रही है, लेकिन उसके नतीजे का असर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की अंक तालिका पर नहीं पड़ेगा।

**भारत** - ऑस्ट्रेलिया से अगर भारतीय टीम तीन मैच जीतती है तो भारतीय टीम का जीत प्रतिशत 62.28 हो जाएगा और सिर्फ दक्षिण अफ्रीका आगे निकलने की स्थिति में रहेगा। यदि टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारती भी है, तो भी लगातार तीसरे फाइनल का मौका बन सकता है। इसके लिए उसे न्यूजीलैंड-इंग्लैंड, अफ्रीका-श्रीलंका और अफ्रीका-पाक सीरीज 1-1 से ड्रॉ होनी चाहिए तथा दुआ करनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका के बीच दो मैचों की सीरीज 0-0 पर खत्म हो।

**दक्षिण अफ्रीका** - श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट की सीरीज के पहले मैच में मिली जीत से अफ्रीका ने फाइनल की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। अफ्रीकी टीम के तीन मैच बचे हैं। इन सभी को जीतकर टीम निश्चित रूप से फाइनल में होगी। वहीं अफ्रीकी टीम अगर एक मैच भी हार जाती है तो 61.11 प्रतिशत अंक तक पहुंच सकेगी और फाइनल के लिए अन्य टीमों पर निर्भर हो जाएगी। इतने अंकों पर ऑस्ट्रेलिया, भारत और श्रीलंका के पास उससे आगे निकलने का मौका रहेगा।

**ऑस्ट्रेलिया**- ऑस्ट्रेलिया को अपने बल पर फाइनल में पहुंचने के लिए बचे 6 मैचों में कम से कम 4 जीत और 1 ड्रॉ चाहिए। ऐसा होने पर सिर्फ दक्षिण अफ्रीका उससे आगे जा सकता है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया अगर भारत के खिलाफ 2-3 से हारता भी है, तो श्रीलंका को 2-0 से स्वीप कर फाइनल में पहुंच सकता है। इस स्थिति में ऑस्ट्रेलिया भारत के 58.77 अंक से आगे 60.53 पर समाप्ति करेगा। यहां अब उसे केवल दक्षिण अफ्रीका पछाड़ सकता है।

**श्रीलंका**- श्रीलंका भी दक्षिण अफ्रीका जैसी स्थिति में है। उसके तीन मैच बचे हैं और ये सभी जीतकर टीम 61.54प्र. अंकों के साथ फाइनल में पहुंच सकती है। इस स्तर पर भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक ही उससे आगे निकलने की स्थिति में होगा। वहीं एक मैच भी हारे तो चार अन्य टीम आगे निकल सकेंगी।

# टी20 में मोहित अहलावत के नाम है तिहरे शतक का रिकार्ड

नई दिल्ली। युवा बल्लेबाज मोहित अहलावत के नाम टी20 क्रिकेट में तिहरे शतक का रिकार्ड है। मोहित ने दिल्ली के स्थानीय टूर्नामेंट फ्रेंड्स प्रीमियर लीग में मावी इलेवन की ओर से फ्रेंड्स इलेवन के खिलाफ 302 रन की नाबाद पारी खेली थी। मोहित ने इस मुकाबले में 39 छक्के लगाये। इससे पहले टी20 की एक पारी में किसी टीम के लिए सबसे ज्यादा छक्के 21 थे। ट्वेंटी20 के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के की बात करें तो रिकॉर्ड 34 छक्कों का था। अहलावत ने सभी को पीछे छोड़ दिया। मोहित की इस पारी से मावी इलेवन ने दो विकेट पर 416 रन बनाये। यह किसी भी ट्वेंटी20 मैच में एक रिकॉर्ड है। मावी इलेवन की ओर से पारी की शुरुआत करने उतरे मोहित अहलावत ने इस मैच में 234 रन बनाये। मोहित के तिहरे शतक की सहायता से मावी इलेवन ने 20 ओवरो में 416 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्रेंड्स इलेवन 216 रन से हार गयी। इससे पहले ट्वेंटी20 में सबसे बड़ा टीम स्कोर 263/5 था जो रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 2013 आईपीएल में सहारा पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बनाया था। वहीं एक बल्लेबाज का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर 175 रन जो क्रिस गेल ने बनाया था। मोहित दिल्ली की तरफ से खेलते हैं।

# ऋषभ पंत ने टेस्ट क्रिकेट को ऐसे अपनाया जैसे 'बत्तख पानी पर तैरती' है : राहुल द्रविड़

**मुंबई (एजेंसी)** पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि भारतीय क्रिकेट टीम में महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास से पैदा हुई कमी को ऋषभ पंत ने तुरंत भर दिया जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट को ऐसे अपनाया जैसे 'बत्तख पानी पर तैरती' है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज पंत ने गाबा में चौथे टेस्ट में 89 रन की मैच विजयी पारी खेली और श्रृंखला में 274 रन बनाकर 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की 2-1 की जीत में अहम भूमिका निभाई।

द्रविड़ ने कहा, 'धोनी के जाने के बाद आपको लगा होगा कि शायद किसी को भी उसकी जगह लेने में समय लगेगा। मैं यह नहीं कह रहा कि उसने उनकी जगह ले ली है लेकिन निश्चित रूप से टेस्ट क्रिकेट में उसका प्रदर्शन शानदार रहा है, अविश्वसनीय प्रदर्शन।' भारत के पूर्व कप्तान और कोच ने कहा, 'पंत को गाबा में उस टेस्ट मैच को जीतने के लिए 89 रन बनाते हुए देखना, जब सब कुछ दांव पर लगा हुआ था और टीम इतनी कमजोर थी, उस तरह के दबाव में उस तरह का प्रदर्शन करना - बेहद शानदार... वह कितने विशेष क्रिकेटर हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पानी में बत्तख की तरह अपनाया है। यह बस अभूतपूर्व है।'

उस दौरे पर पंत ने पांच पारियों में दो अर्धशतक की मदद से 68.50 की औसत से रन बनाए और भारत ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी। भारत ने पर्थ में पहला टेस्ट 295 रन से जीतकर मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में भी 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत ने पिछले कुछ समय में ऑस्ट्रेलिया पर दबदबा बनाया है लेकिन 2003 में एडीलेड में द्रविड़ की 233 रन की पारी प्रशंसकों की पसंदीदा है। इस पारी के संदर्भ में द्रविड़ ने स्वीकार किया कि उन्हें अब भी श्रृंखला नहीं जीत पाने का मलाल है।

द्रविड़ ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो श्रृंखला में जिस तरह का प्रदर्शन किया है - वहां श्रृंखला जीतना बहुत मायने रखता है। मेरा या भारत का प्रदर्शन चाहे कितना भी शानदार रहा हो, हम श्रृंखला नहीं जीत पाए। हम करीब पहुंच गए थे लेकिन सिडनी में अंतिम दिन हमें वो विकेट नहीं मिल पाए जिनकी हमें जरूरत थी।' इस 51 वर्षीय खिलाड़ी ने उस घटना को याद किया जिसमें उन्होंने गलती से अपने कप्तान सौरव गांगुली को रन आउट कर दिया था। द्रविड़ ने स्वीकार किया कि यह 'गलती' उनकी थी। उन्होंने कहा, 'मैं सोच रहा था कि मैंने कप्तान को रन आउट करवा दिया है। मुझे कुछ सार्थक करना चाहिए। सौरव को रन आउट करवाना पूरी तरह से मेरी गलती थी। मैं इसे स्वीकार करता हूं - यह मेरी गलती थी।' द्रविड़ ने कहा, 'लेकिन मुझे लगता है

कि आप सिर्फ बल्लेबाजी करने की कोशिश कर रहे हैं, आप सिर्फ साझेदारी बनाने की कोशिश कर रहे हैं, आप सिर्फ लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।'

## दिल्ली-मुंबई हाईवे निर्माण को लेकर झालोद में 14 गांवों के किसानों ने किया उग्र प्रदर्शन

दाहोद। भारतमाला परियोजना के तहत गुजरात में दिल्ली-मुंबई के बीच हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य के खिलाफ दाहोद जिले की झालोद तहसील के 14 गांवों के किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया और निर्माण कार्य रुकवा दिया। बता दें कि भारतमाला परियोजना के तहत दिल्ली और मुंबई के बीच एक हाइवे का निर्माण किया जा रहा है। यह हाइवे मध्य गुजरात और दक्षिण गुजरात के कुछ जिलों से होकर गुजरने वाला है। लेकिन इस हाइवे के निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से ही विवाद चल रहा है। पहले वहीं भूमि अधिग्रहण को लेकर विवाद था। अब प्रशासन की ओर से दिए गए आश्वासन के मुताबिक सुविधा नहीं मिलने से स्थानीय लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत बन रहे दिल्ली-मुंबई हाईवे के विरोध में दाहोद जिले की झालोद तहसील के 14 गांवों के किसानों ने प्रदर्शन किया है। किसानों का आरोप है कि भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बन रहे हाईवे के कारण उन्हें कोई बुनियादी सुविधा नहीं मिल रही है। पूर्व में कई बार ज्ञापन देने के बावजूद भी प्रशासन ने कोई सुविधा नहीं दी है। किसानों ने बुनियादी सुविधाओं और कुछ लंबित मांगों के साथ एक आवेदन प्रस्तुत किया। हाईवे निर्माण के कारण किसानों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। जिससे किसान नाराज हैं। ऐसा नहीं है कि किसान पहली बार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले भी इसी मुद्दे पर प्रदर्शन किया था, लेकिन उस समय अधिकारियों ने प्रदर्शन पर जबरन रोक लगा दी थी। हालाँकि इस बार किसान अधिक नाराज थे और उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया क्योंकि उन्हें आश्वासन के बाद भी कोई सुविधा नहीं मिली। जिससे गुस्साए किसानों ने भारतमाला परियोजना के तहत राजमार्ग का काम रोक दिया।

## माहौल बिगाड़ना चाहती हैं सपा-कांग्रेस : मंत्री अग्रवाल

लखनऊ। संभल को लेकर सियासत जारी है और बयानबाजी भी। उप्र में योगी कैबिनेट के मंत्री नितिन अग्रवाल ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बुधवार को संभल दौरे राजनीतिक पर्यटन बताया है। उन्होंने कहा कि संभल में सामान्य हो रही स्थिति को कांग्रेस और सपा के नेता बिगाड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने संभल जाने की घोषणा की है, मुझे लगता है कि वे वहां जाकर शांति व्यवस्था जो बहाल हुई है उसे बिगाड़ने व अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। बता दें, संभल में हुए बवाल के दौरान मारे गए लोगों से मिलने के लिए राहुल गांधी के बुधवार को संभल जाने की आशंका है। उनके आने की खबर के बाद पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है। इस बारे में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि जिले की सीमाओं पर चौकसी को बढ़ा दिया गया है, क्योंकि 10 दिसंबर तक किसी भी बाहरी व्यक्ति के संभल में आने पर रोक है। कोई भी नेता अगर कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करेगा या माहौल खराब करने का प्रयास करेगा तो हमारी सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। नितिन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व उसके नेता जहां भी इस तरह की घटना होती है केवल राजनीतिक पर्यटन के लिए जाते हैं। संभल जामा मस्जिद का सर्वे कोर्ट के आदेश पर हो रहा था। इसके बाद भी सपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वहां पर स्थिति बिगाड़ी और हिंसा की। संभल में प्रशासन ने पूरी तत्परता के साथ काम किया है।

## आगरा पुलिस ने ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया

### - पांच शातिर सदस्यों को किया गिरफ्तार

आगरा । आगरा पुलिस ने 110 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। इस गैंग के पांच शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गैंग भारत के साथ ही दक्षिण एशियाई देशों और यूएई का भी निशाना बनाते थे। इनका धंधा था लोगों को इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगना। आगरा के रहने वाले विनय आहूजा का केस 4 अक्टूबर, 2024 को साइबर सैल थाने में दर्ज हुआ था। साइबर फॉड करने वाले गैंग के सदस्यों ने इसके पूरे गैर कानूनी प्रयोग को खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वे लोगों को धोखे से इन्वेस्टमेंट करवाकर ठगते थे। यह गैंग अब गिरफ्तार हो चुका है और उनके साथ से बहुत सारी चीजें बरामद की गई हैं। पुलिस का कहना है कि अन्य सदस्यों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। सभी बैंक अकाउंट को सीज कर दिया गया है। अब चौंकाने वाली जानकारी यह है कि इस गैंग ने विवेचना के दौरान 239 ट्रांजेक्शन करके लगभग 110 करोड़ रुपये की ठगी कर चुके हैं। इनके पास अनेक फर्जी बैंक अकाउंट भी थे जिनमें पैसा ट्रांसफर होता था। पु?लिस अ?धिकारी ने इस मामले पर कहा ?कि यह घटना साइबर थाने में दर्ज हुई और अब सामने आई चौंकाने वाली जानकारी है। इन लोगों ने अपनी घटनाओं से 110 करोड़ रुपये का फ्रॉड किया है। पुलिस इस मामले में गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में है। आरोपियों के पास से 85 बैंक खातों की डिटेल मिली है। जब इन बैंक खातों को साइबर पोर्टल पर रन कराया गया तो हैरान करने वाली जानकारी सामने आई। कुल 239 ठगी की घटनाओं का पैसा इनके खातों में आया है।

## लापता हुए कॉमेडियन सुनील पाल 24 घंटे के अंदर मिले

मुंबई। जाने-माने कॉमेडियन सुनील पाल मंगलवार को लापता हो गए थे। इसकी सूचना सुनील की पत्नी ने मुंबई के सांताक्रुज पुलिस थाने में दी। आख़िरकार पुलिस ने सुनील पाल से संपर्क किया और बातचीत में उन्होंने कहा कि वह आज (बुधवार) को मुंबई आएंगे। मालूम हो कि कॉमेडियन सुनील पाल अपनी कॉमेडी को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। लेकिन फिलहाल वह एक निजी कारण से चर्चा में हैं। सुनील पाल की पत्नी ने उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुनील पाल की पत्नी सरिता पाल ने मुंबई के सांताक्रूज पुलिस स्टेशन में मंगलवार को अपने पति की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। सरिता पाल की ओर से दर्ज शिकायत में कहा गया, सुनील पाल आज घर नहीं आए। उनका फोन भी बंद है। उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका है। इसलिए मैं पुलिस में शिकायत दर्ज करा रही हूं। चूंकि सुनील पाल एक कॉमेडियन हैं इसलिए वह कई बार शो के लिए मुंबई से बाहर जाते रहते हैं। अब इस घटना को लेकर सरिता पाल ने कहा है कि, उनके पति सुनील पाल संपर्क में हैं। मेरी सुनील पाल से बात हुई है। उन्होंने पुलिस से भी बात की है।

# एकनाथ शिंदे 6 माह के लिए बनना चाह रहे थे मुख्यमंत्री, शाह के दो टूक जवाब से हो गए चुप

**मुंबई (एजेंसी)**। महाराष्ट्र में आज विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान हो जाएगा। इससे पहले दस दिन से अधिक चली रस्साकसी को लेकर कई तरह की खबरें आ रहीं है। बताया जा रहा है कि कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात कर 6 माह के लिए सीएम का पद मांगा था, लेकिन शाह की दो टूक से वे चुप हो गए। रिपोर्ट एक वरिष्ठ नेता के हवाले से बताया गया है कि भाजपा ने 6 महीने सीएम वाली बात को खारिज कर दिया था। पार्टी का कहना था कि इससे एक गलत मिसाल कायम होगी। उन्होंने कहा, 6 महीने के लिए सीएम नियुक्त करने का कोई सिस्टम नहीं है। यह गलत फैसला होगा और प्रशासन पर इसका गलत असर पड़ेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से शिंदे समेत अन्य नेताओं की मुलाकात 28 नवंबर को हुई थी।

वरिष्ठ नेता ने बताया कि शिंदे से यह भी कहा गया कि वह खुद को भाजपा अध्यक्ष की जगह पर रखकर देखें। उन्होंने बताया कि बैठक में, भाजपा नेतृत्व ने शिंदे से पूछा कि अगर आप स्पष्ट बहुमत हासिल कर लेते तो क्या मुख्यमंत्री पद पर दावा छोड़ देते। इस पर शिंदे निशब्द हो गए थे। बुधवार को भाजपा की बैठक होनी है, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया जाएगा। इससे पहले ही शिंदे ने साफ किया था कि वह भाजपा नेतृत्व के फैसले को मानेंगे और सरकार गठन में अड़ंगा नहीं डालेंगे। खबर है कि बैठक में भाजपा से देवेंद्र फडणवीस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे मौजूद थे। महायुति ने राज्य की 288 में से 230 सीटों पर जीत हासिल की है। खबरों के मुताबिक राजनेता ने यह भी बताया है कि बैठक में शिंदे ने भाजपा को अपना पुराना कथित वादा भी याद दिलाया, जो लोकसभा चुनाव के बाद किया गया था कि अगर गठबंधन बहुमत हासिल कर लेता है कि तो उन्हें मुख्यमंत्री दोबारा बनाया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, उनका यह अनुरोध सीधा यह कहकर खारिज कर दिया गया कि भाजपा के बहुमत के करीब सीटें हासिल करने के बाद ऐसा फैसला लेना गलत होगा।

## सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का ऐलान, असम के होटल, रेस्टोरेंट्स और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस बैन

दिसपुर। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को खपत को प्रतिबंधित करने के लिए राज्य में बीफ प्रतिबंध को रेस्तरां, होटलों और सार्वजनिक कार्यक्रमों तक बढ़ा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में हमने निर्णय लिया है कि किसी भी रेस्तरां या होटल में गोमांस नहीं परोसा जाएगा और किसी भी सार्वजनिक समारोह या सार्वजनिक स्थान पर भी गोमांस नहीं परोसा जाएगा, इसलिए आज से हमने निर्णय लिया है कि होटल, रेस्तरां और में गोमांस का सेवन पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पहले हमारा निर्णय मंदिरों के पास गोमांस खाना बंद करने का था लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में विस्तारित कर दिया है कि आप इसे किसी भी सामुदायिक स्थान, सार्वजनिक स्थान, होटल या रेस्तरां में नहीं खा पाएंगे। मौजूदा असम मवेशी संरक्षण अधिनियम 2021 के अनुसार, उन क्षेत्रों में गोमांस और गोमांस उत्पादों की बिक्री या खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जो मुख्य रूप से हिंदू, जैन, सिख और अन्य गैर गोमांस खाने वाले समुदायों द्वारा बसाए गए हैं या किसी मंदिर या अन्य धार्मिक संस्थान के 5 किलोमीटर के दायरे में हैं।

## भारत ने खरीदा मल्टीरोल हैलिकॉप्टर यह कई टास्क को एक साथ देगा अंजाम

*** अमेरिका ने रोमियों से जुड़े आधुनिक उपकरणों की बिक्री को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारतीय नौसेना के लिए अमेरिका में बने एमएच-60 रोमिया मल्टीरोल हेलीकॉप्टर डील का एलान किया था और अब दूसरी बार ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से पहले ही अमेरिका ने रोमियों से जुड़े आधुनिक उपकरणों को बिक्री को मंजूरी दे दी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट ने फॉरन मिलेट्री सेल के तहत 1.17 बिलियन डॉलर कीमत के कम्युनिकेशन, सेंसर और लॉजेस्टिक भारतीय नौसेना के रोमियो हैलिकॉप्टर की ताक़त को और बढ़ाएगी। नौसेना के लिए करोड़ 2.6 बिलियन की कीमत से 24 एमएच-60 रोमिया मल्टीरोड हेलीकॉप्टर की खरीद की है। रोमियो हैलिकॉप्टर चौथी जेनेरेशन के हैलिकॉप्टर में सबसे बेहतर तकनीक है। ये एक मल्टीरोल हैलिकॉप्टर यानी एक साथ कई टास्क को अंजाम दे सकता है। रडार और सोनार इस हैलिकॉप्टर को दुनिया में पंडुब्बियों के लिए सबसे ख़तरनाक बनाती है। इसे एंटी-सबमरीन एडवांस हैलिकॉप्टर के तौर पर जाना जाता है। इसकी दो सबसे बड़ी खासियत यह है कि पानी में छिपी पनडुब्बियों पर हमला करना और एयर टू सरफेस यानी हवा से जमीन पर हमला करना है। वहीं हेलफायर एयर टू सरफेस मिसाइल जहाजों को निशाना बनाती है।

ख़ास बात है कि जिस तरह के कॉनफ़िगरेशन को अमेरिका नेवी इस्तेमाल में लाती है। पहले 9 हैलिकॉप्टर जो भारत में आए है वह उसी कॉनफिगरेशन के साथ हैं। बाकी के हैलिकॉप्टर में कुछ बदलाव भी किए जा सकते है। अभी तक भारतीय नौसेना को 9 हैलिकॉप्टर मिले हैं और इसका पहला स्क्वाड्रन कोच्चि में स्थापित भी किया जा चुका है।

चीन लगातार अपनी मौजूदगी भारतीय समुद्री इलाक़ों में बढ़ा रहा है। ऐसे में हमारी समुद्री सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए उन्नत हथियारों की जरूरत है। उसी में मद्देनज़र नौसेना को उन्नत तकनीक वाले एक मल्टी रोल हैलिकॉप्टर की जरूरत थी। और वह जरूरत खत्म हुई एमएच-60 रोमिया मल्टीरोल हेलीकॉप्टर के तौर पर दरअसल नौ सेना के बेड़े में शामिल ब्रिटेन के बने सी किंग हैलिकॉप्टर की फ्लीट पुरानी हो चुकी है उनकी जगह ले रहे है ये नए रोमियो हैलिकॉप्टर।

# बिहार में चुनाव से पहले तेजस्वी का बड़ा दांव, बोले- हमारी सरकार बनी तो लोगों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे

**पटना (एजेंसी)**। राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को बिहार में आगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन की सरकार बनने पर पूरे बिहार में उपभोक्ताओं को हम 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे। मुंगेर में राजद कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए, पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले जनता के साथ साझा करने के लिए एक रोडमैप तैयार कर रही है।

विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि राज्य के लोग अत्यधिक बिजली दरों और स्मार्ट प्री-पेड मीटरों द्वारा अनियमित बिलिंग से जूझ रहे हैं, जो स्मार्ट धोखेबाज कहलाने लायक हैं। उन्होंने कहा कि हम चीजों को सही करने और 200 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करके लोगों को राहत देने का इरादा रखते हैं। हम सत्ता में आने पर ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं लेकिन तब तक हम नीतीश कुमार सरकार पर इसके लिए दबाव बनाएंगे। युवा नेता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वह नहीं रहे जो वह थे और वह उस मंडली के लिए 'मुखौटा' (मुखौटा) बन गए हैं जो राज्य में सत्ता खींच रही है।

राजद नेता ने बिहार के लिए विशेष दर्जा सुरक्षित करने और वंचित जातियों के लिए बढ़ा हुआ कोटा प्रदान करने वाले कानूनों की रक्षा करने में विफलता के लिए जद (यू) सुप्रीमो को लताड़ा, बावजूद इसके कि उनकी पार्टी केंद्र में एनडीए सरकार का हिस्सा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महिला संवाद यात्रा के लिए 250 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है, जिसे मुख्यमंत्री जल्द ही शुरू करने वाले हैं और कहा कि सार्वजनिक धन को बर्बाद किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि नौकरशाही को लूट में लिप्त होने की खुली छूट दे दी गई है।

# पीने लायक नहीं रह गया है हरिद्वार का गंगाजल, रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। हरिद्वार में गंगा नदी का पानी लोग बोतलों से लेकर केन में भरकर घर लाते हैं, ताकि इसके शुद्ध पानी से घर को भी स्वच्छ किया जा सके। गंगाजल का उपयोग वर्षों से कई धार्मिक कार्यों में भी किया जाता है। गंगाजल से शुद्ध हिंदू धर्म में और कुछ नहीं है। मगर बीते कई वर्षों में ऐसी रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कहा गया है कि गंगाजल में उपलब्ध वो बैक्टीरिया जो इसे पवित्र बनाते हैं, उनकी संख्या अब कम होती जा रही है।

इसी बीच उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की भी एक रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि हरिद्वार में गंगा नदी का पानी बी श्रेणी में पाया गया है। पीने के लिए ये पानी सुरक्षित नहीं माना जा सकता है। हालांकि इस पानी का उपयोग नहाने के लिए किया जा सकता है। गौरतलब है कि उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हर महीने हरिद्वार के आसपास करीब आठ स्थानों पर गंगा के पानी की जांच करता है। हाल ही में किए गए परीक्षण के दौरान नवंबर महीने के लिए गंगा नदी का पानी 'बी' श्रेणी का पाया गया। नदी के पानी को पाँच श्रेणियों में बांटा गया है, जिसमें 'ए' सबसे कम जहरीला है, जिसका मतलब है कि पानी को कीटाणुरहित करने के बाद पीने के स्रोत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है और 'ई' सबसे जहरीला है। एएनआई से खास बातचीत में यूकेपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया, 'केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पानी की गुणवत्ता को पांच श्रेणियों में बांटा है। चार मापदंडों (पीएच, घुलित ऑक्सीजन, जैविक ऑक्सीजन और कुल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया) के आधार पर गंगा की गुणवत्ता 'बी' श्रेणी में पाई गई है। इसका मतलब है कि गंगा का पानी नहाने के लिए उपयुक्त है।' स्थानीय पुजारी उज्ज्वल पंडित ने भी जल प्रदूषण में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मानव मल के कारण गंगा जल की शुद्धता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा, 'केवल गंगाजल से स्नान करने से हमारे शरीर के रोग दूर हो जाते हैं। इससे कैंसर जैसी बीमारियां ठीक हो जाती हैं। हमारा दावा है कि अगर आप अभी गंगाजल लें और 10 साल बाद इसकी जांच करें तो आपको इसमें कोई अशुद्धता नहीं मिलेगी। गंगाजल की शुद्धता के बारे में जो भी बात सामने आ रही है वह मानव मल के कारण है और हमें इसे बदलने की जरूरत है।'

इस बीच, भारत की नदी निकायों, विशेषकर दिल्ली में यमुना नदी में प्रदूषण पिछले कुछ वर्षों से गंभीर चिंता का कारण रहा है। 1 दिसंबर को यानुमा नदी की सतह पर जहरीले झाग की एक मोटी परत तैरती देखी गई, जिससे संभावित स्वास्थ्य जोखिम के बारे में चिंताएं बढ़ गईं।

# अब उद्धव को लगा झटका, बोले- हिंदुत्व का एजेंडा उठाओ वरना खत्म हो जाएगी पार्टी

**मुंबई (एजेंसी)**। कहते हैं सुबह का भूला शाम को घर लौट आए तो उसे भूला नहीं कहते हैं। हिंदु सम्राट बाला साहेब ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे भी हिंदुत्व से भटक गए थे। अब,जब महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उन्हे केवल 20 सीटें मिली तो एकदम से उन्हे बड़ा झटका लगा और बोले कि इस बार 20 सीटें आईं। यदि ऐसा ही रहा तो आने वाले समय में एक भी सीट नहीं बचेगी। इससे बेहतर है कि हिंदुत्व का एजेंडा लगातार चलते रहना चाहिए। एक पूर्व पार्षद ने कहा, उन्होंने हमें कहा है कि शिवसेना यूबीटी हमेशा हिंदुत्व के लिए काम कर रही थी और हमेशा करती रहेगी, लेकिन विपक्ष ने गलत बात फैला दी कि हमने हिंदुत्व छोड़ दिया है। उन्होंने हमें हिंदुत्व का एजेंडा लोगों तक ले जाने के लिए कहा है। शिवसेना यूबीटी प्रमुख ने नेताओं से मुंबई की 36 विधानसभाओं में फैले 227 वार्डों में तैयारी शुरू करने के लिए कहा है। महाविकास अघाड़ी में शामिल शिवसेना यूबीटी

अब हिंदुत्व का एजेंडा घर घर ले जाने की तैयारी कर रही है। पार्टी ने यह फैसला बृहन्मुंबई महानगर पालिका चुनाव से पहले उठाया है। नवंबर में संपन्न हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी महज 20 सीटें ही जीत सकी थी। कहा जा रहा है कि शिवसेना यूबीटी के कई नेता अब एमवीए से अलग होकर चुनाव लड़ने का सुझाव दे रहे हैं।खबर है कि मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने पूर्व पार्षदों को बीएमसी चुनावों की तैयारी शुरू करने के लिए कहा है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि उद्धव ने पूर्व पार्षदों से भाजपा और महायुति की उस बात का विरोध करने के लिए कहा है, जिसमें दावा किया जाता है कि शिवसेना यूबीटी ने हिंदुत्व विचारधारा छोड़ दी है।

**बीएमसी चुनावों में नहीं होगा गठबंधन**

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि अधिकांश पूर्व पार्षद चाहते हैं कि शिवसेना यूबीटी को बीएमसी चुनावों में किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं होना चाहिए। खबर है कि उद्धव ने पहले उन्हें जमीन पर काम शुरू करने के लिए कहा है। पार्टी ने मुंबई में चुनाव की तैयारियों के लिए विधायकों, नेताओं, सचिवों और संयोजकों को भी नियुक्त कर दिया है। शिवसेना के एक पदाधिकारी का कहना है कि निकाय चुनावों के लिए 18 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। साथ ही खबर है कि अगले सप्ताह तक उद्धव ने नेताओं से विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।

# लोकसभा में राहुल गांधी के साथ वाली सीट पर बैठने को तैयार नहीं अखिलेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। लोकसभा में 99 सांसदों के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनकर उभरी कांग्रेस की इच्छा थी कि सदन में उनके नेता राहुल गांधी के ठीक बराबर वाली सीट पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव बैठें। सत्ता पक्ष के सामने विपक्ष की मजबूत एकता का खुला नजारा पेश किया जाएगा। जिससे सरकार हमेशा सचेत रहेगी। लेकिन अखिलेश इसके लिए तैयार नहीं हुए। मंगलवार को सदन की कार्रवाई की शुरुआत से कुछ देर पहले कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद केसी वेणुगोपाल और अन्य सदस्यों के द्वारा अखिलेश यादव से इसे लेकर अपील भी की गई। लेकिन उन्होंने इसे मानने से इंकार दिया और वह सदन में विपक्षी दलों की कांग्रेस के बाद वाली दूसरी पंक्ति की अपनी पूर्व नियोजित सीट पर बैठने के लिए ही तैयार नजर आए। अखिलेश के मना करने पर हालांकि खुद कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी सीट से उठे और उन्होंने भी अखिलेश यादव को मनाने की कोशिश की और उन्हें अपने साथ वाली सीट पर बैठने का अनुरोध किया। जिस पर भी अखिलेश ने अपनी पुरानी सीट पर ही बैठने की इच्छा जताई। मूल रूप से सदन में कांग्रेस के सांसदों के बैठने के क्रम में सबसे आगे राहुल गांधी बैठते हैं। उनके साथ वाली एक सीट कांग्रेस ने द्रमुक के वरिष्ठ नेता टी.आर.बालू को दी है और अब पार्टी की इच्छा बालू के साथ वाली खाली सीट

अखिलेश यादव को देने की थी। लेकिन सपा मुखिया इसके लिए तैयार नहीं हुए।

वहीं, जानकार इसके पीछे लोकसभा में विपक्ष की दूसरी पंक्ति में समाजवादी पार्टी के लगभग सभी सांसदों के बैठने को मुख्य वजह के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि अगर सपा मुखिया अखिलेश यादव सदन में अपने दल की तरफ से कोई मुद्दा उठाएंगे तो उन्हें समर्थन प्रदान करने के लिए सपा के बाकी सांसद उनके पीछे या आसपास होने चाहिए। यही व्यवस्था वर्तमान में सदन में बनी हुई है। लेकिन अगर अखिलेश इसकी जगह पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास जाकर बैठते हैं तो उनके और सपा के सदस्यों के बीच बना हुआ यही मजबूत तारतम्य टूटेगा। संभवतः यही कारण हो सकता है कि अखिलेश यादव ने राहुल गांधी के बराबर वाली सीट पर बैठने से इंकार किया होगा।

# महाकुंभ की टेंट सिटी किसी सुपर डीलक्स होटल से नहीं होगी कम

**प्रयागराज (एजेंसी)**। प्रयागराज महाकुंभ 2025 में आने वाले करोड़ों भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर योगी सरकार महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-20 (अरैल) में 2,000 से ज्यादा स्विस कॉटेज बेस्ड टेंट्स की स्थापना कर रही है। इन टेंट्स में ठहरने वाले लोगों की सुविधा के लिए विला टेंट्स को 900 स्क्वेयर फीट, सुपर डीलक्स टेंट्स को 480 से 580 स्क्वेयर फीट तथा डीलक्स ब्लॉक्स की स्थापना 250 से 400 स्क्वेयर फीट के क्षेत्र में बनाया जा रहा है। इन टेंट्स में एसी, डबल बेड, मैट्रेस, सोफा सेट, कस्टमाइज्ड इंटीरियर्स, राइटिंग डेस्क, इलेक्ट्रिक गीजर, फायर एक्सटिंगुइशर्स, रजाई, ब्लैंकेट, मॉस्किटो नेट, वाईफाई, डाइनिंग एरिया व कॉमन सिटिंग एरिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी, जो नदी किनारे सुखद पर्यावरणीय दृष्यों के अवलोकन का अनुभव प्रदान करेंगे। वहीं, इनके पैकेज में योग, कल्चरल इवेंट्स व प्रयागराज से जुड़ी अन्य प्रमुख स्थलों व धार्मिक महत्व के क्षेत्रों की जानकारी उपलब्ध कराना भी सम्मिलित होगा। यह सुपर डीलक्स टेंट विला, महाराजा, स्विस कॉटेज व डॉर्मेटरी फॉर्मेट में उपलब्ध रहेंगी, जिनका प्राइसिंग 1,500 से 35,000 के बीच प्रतिदिन के हिसाब से तय रहेंगी। वहीं, डॉर्मेटरी के अलावा 4,000 से 8,000 का शुल्क अतिरिक्त व्यक्ति के ठहरने पर देना होगा। यूपीएसटीडीसी द्वारा जो टेंट सिटी स्थापित की जा रही है, वह सीएम योगी के विजन के अनुरूप तैयार की जा रही है। अनुमान है कि महाकुंभ 2025 में 75 देशों के 45 करोड़ से अधिक विजिटर्स आ सकते हैं, ऐसे में उन्हें वर्ल्ड क्लास अकॉमोडेशन फैसिलिटी उपलब्ध कराने के लिए 1 जनवरी से 5 मार्च की समयावधि के बीच इन टेंट्स का संचालन किया जाएगा। इन टेंट्स को यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट और महाकुंभ ऐप के जरिए भी बुक किया जा सकता है। इन टेंटों की स्थापना उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) द्वारा किया जा रहा है और 6 पार्टनर्स के साथ मिलकर विभिन्न टेंट ब्लॉक्स की स्थापना कर रहे हैं। इनमें आगमन, कुंभ कैम्प इंडिया, ऋषिकुल कुंभ कॉटेज, कुंभ विलेज, कुंभ कैनवास व एरा प्रमुख हैं।